माघ मास, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 276, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, बुधवार, 25 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - आक्सफैम रिपोर्ट: भारत में गैर बराबरी की इंतहा



अन्दर : गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

# लखनऊ में अपार्टमेंट गिरा, 5 की मौत

## मलबे में 30-40 लोगों के दबे होने की आशंका

**बड़ा हादसा**

**डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की निगरानी में राहत कार्य जारी**

**अस्पताल और ब्लड बैंक अलर्ट पर, बड़ी तादाद में पुलिस तैनात**



**लखनऊ।** लखनऊ के वजीर हसन रोड स्थित अलाया अपार्टमेंट मंगलवार शाम अचानक भरभराकर गिर गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व राहत टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि इसमें करीब 30 से 40 लोग दबे हो सकते हैं। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। बचाव दल द्वारा मलबे से बाहर निकाले गए दो लोगों ने सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इमारत गिरने की दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर जाकर राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। आसपास के लोगों के मुताबिक, बेसमेंट ड्रिल मशीन से खुदाई चल रही थी। इसी दौरान एक सिलिंडर भी फटा, फिर पूरी बिल्डिंग बेसमेंट मे सीधे बैठ गई। आलिया अपार्टमेंट याजदान बिल्डर ने बनाया था। यहां संकरे रास्ते होने के कारण एम्बुलेंस व फायर की गाड़ियों को जाने में दिक्कत हो रही है। बचाव दल ने कई लोगों को सुरक्षित निकाला। इन्हें सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि यह इमारत 15 साल पहले बनी थी। मौके पर पुलिस कमिश्नर एस. बी. शिरडकर पहुंच चुके हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर एसडीआरएफ व एनजीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इमारत में कोई रिपेयर वर्क चल रहा था। ड्रिलिंग की आवाज आ रही थी। तभी बिल्डिंग गिरी।

लोगों के मुताबिक, बेसमेंट सहित पांच मंजिला बिल्डिंग पूरी तरह ढह गई। स्थानीय निवासी राम कुमार माली ने बताया कि करीब 6:30 बजे अचानक तेज धमाके के साथ बिल्डिंग गिर गई। इसके करीब डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि फिलहाल सात लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया है। ये सभी बेहोश थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लोग कह रहे हैं कि इमारत में 30-35 परिवार रह रहे थे।

### लोगों को बचाना हमारे लिए बड़ी चुनौती: उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बिल्डिंग चार मंजिला थी। ढही इमारत के मलबे से सात लोग निकाले गए हैं, जिन्हें अचेत अवस्था में सिविल अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अभी सबसे बड़ी चुनौती लोगों को बचाना है, लेकिन अभी यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि मलबे में कितने लोग फंसे हैं। उप मुख्यमंत्री के अनुसार, बिल्डिंग में कई परिवार रहते थे। इमारत में बेसमेंट बनाने का काम चल रहा था, जिसके लिए ड्रिलिंग की गई थी। शाम को काम बंद होने के बाद लगभग सात बजे बिल्डिंग ढह गई। पाठक ने कहा कि उन्हें जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वे तुरंत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस को राहत कार्य का निर्देश दिया और वह खुद भी मौके पर पहुंचे।



# यूपी में जन्म लेना गौरव की बात : योगी

**यूपी दिवस समारोह**

**योगी ने कहा कि पीएम का सपना यूपी देश का ग्रोथ इंजन बने**

**सीएम और राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया**



**लखनऊ।** अब से कुछ देर पहले उत्तर प्रदेश दिवस पर राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना सौभाग्य की बात है और यूपी में जन्म लेना गौरव की बात है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बने और इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। अपने सम्बोधन में सीएम ने कहा चाहे आजादी का संघर्ष हो या फिर वैदिक परंपरा दोनों में उत्तर प्रदेश के महानायकों ने अपना सहयोग पूरे देश को दिया है। राष्ट्र के फलक पर यूपी चमकता हुआ सितारा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी संभावनाओं को संसाधनों और निवेश के जरिये मूर्तरूप देने का काम लगातार कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी हमारे प्रदेश के काशी से पूरे देश का विश्व में प्रतिनिधित्व करते हैं , ये गर्व की बात है। सीएम योगी ने कहा आज हम आजादी का अमृत उत्सव मना रहे हैं। हमारी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के मार्गदर्शन में यूपी विकास में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर प्रदेश नए दिशा की ओर आगे बढ़ा। सीएम ने कहा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट आज यूपी की पहचान बन चुका है। हमारा प्रदेश आज एक्सपोर्ट हब बन चुका है। उन्होंने कहा साढ़े सात लाख युवाओं को सीएम अप्रेंटिस योजना से जोड़ा जाएगा जिससे प्रदेश में रोजगार की कोई कमी न रहे। साथ ही इन्वेस्टर्स समिट के जरिये आने वाले निवेश से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी।

समारोह के दौरान सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मी बाई और लक्ष्मण पुरस्कारों से सम्मानित किया। समारोह में 12 खिलाडियों को लक्ष्मी बाई पुरस्कार के अंतर्गत 3.11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पात्र दिया गया। इसके आलावा 16 लोगों को विवेकानंद यूथ पुरस्कार और कामनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले 14 खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान ओडीओपी से जुड़ी 6 योजनाओं को वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन जारी किया।

# भाजपा ने मेरी छवि बिगाड़ने के लिए करोड़ों रुपये लगाये: राहुल

**आरोप**

**भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहा कि कांग्रेस सबक सिखाएगी, देश में सच चलता है**



**जम्मू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उनकी छवि बिगाड़ने के लिए क्रमबद्ध तरीके से हजारों करोड़ रुपये लगाये हैं, लेकिन सच हमेशा सामने आता है। वह सोशल मीडिया पर उपहासपूर्ण तरीके से खुद को पप्पू कहे जाने के संदर्भ में यह बात कह रहे थे। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में पहुंचने के दौरान राहुल ने कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह सिखाएगी कि इस देश में सच चलता है, धन, ताकत और अहंकार नहीं चलता। कश्मीर घाटी की यात्रा शुरू करने से पहले जम्मू में संवाददाताओं से बातचीत में 52 वर्षीय कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या कांग्रेस उनकी पप्पू वाली छवि के मुकाबले के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो उन्होंने कहा, मेरी छवि को खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। भाजपा और उसके नेताओं ने क्रमबद्ध तरीके से ऐसा किया है। हजारों करोड़ रुपये से सच को नहीं छिपाया जा सकता और आपने इसे देखा है। सच हमेशा सामने आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के नेताओं को लगता है कि धन और ताकत से सबकुछ हासिल किया जा सकता है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 6 दिसंबर की घटना की सूचना नहीं देने के लिए एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। नियमों का उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर ये जुमार्ना लगाया गया है। डीजीसीए ने 9 जनवरी को पेशाब करने की दूसरी घटना के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। ये घटना 6 दिसंबर को एयर इंडिया की पेरिस-दिल्ली उड़ान में हुई थी जब एक पुरुष यात्री ने एक खाली सीट पर और एक महिला सह यात्री के कंबल पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। विमान के पायलट ने इस घटना के बारे में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी, जिसके बाद पुरुष यात्री को पकड़ लिया गया था। हवाई अड्डा प्रबंधन को सूचित किया गया था कि पुरुष यात्री शराब के नशे में था।

# बजट से पहले आम-राय बनाने में जुटी सरकार

**आम बजट**

**30 जनवरी को बुलाई सर्वदलीय बैठक, पुराने संसद भवन में होगा सत्र**



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करेंगी। इससे पहले सरकार ने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए 30 जनवरी को सभी दलों की एक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दरअसल, महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मुद्दों को लेकर बजट सत्र में विपक्ष का रुख हमलावर रह सकता है। ऐसे में सरकार की कोशिश है कि सेशन को बिना किसी शोर-शराबे के सुचारू रूप से चलाया जाए। इसके लिए सरकार विपक्ष के साथ बैठकर आम राय बनाने की कोशिश करेगी।

बता दें कि इस साल बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और दो चरणों में 6 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान संसद में कुल 27 बैठकें आयोजित होंगी। करीब एक महीने के अवकाश के बाद बजट सत्र का दूसरा चरण 12 मार्च से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक चलेगा। 31 जनवरी को दोनों सदनों के संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इसी दिन वित्त वर्ष 2022-23 का वार्षिक आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। इसके अगले ही दिन 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा गर्म थी कि इस बार होने वाले बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का संयुक्त अभिभाषण नए संसद भवन में होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सारे कयासों पर विराम लगा दिया है। ओम बिरला ने ट्वीट करके जानकारी दी है कि नए संसद भवन का कार्य अभी जारी है। ऐसे में पुराने संसद भवन में ही बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।




### सीएम योगी के डुप्लीकेट से हुई पुलिसवालों की झड़प, वीडियो वायरल


**भोपाल।** मध्य प्रदेश के के ओरछा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह दिखने वाले एक शख्स और पुलिस के बीच झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, अभी तक इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को एक कार्यक्रम में शिरक्त करने के लिए निवाड़ी जिला पहुंचे थे। यहां उन्होंने ओरछा-टीकमगढ़ मार्ग पर बेतवा नदी के पुल का लोकार्पण सहित मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश की विभिन्न 550 किलोमीटर लंबी 18 सड़क परियोजनाओं के विस्तार का शिलान्यास किया। इसी दौरान कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के तरह दिखने वाले शख्स ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ये शख्स हू-ब-हू सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह कपड़े पहनकर कार्यक्रम में आगे की सीट पर बैठा था। तभी पुलिस ने शख्स को वहां से उठकर पीछे बैठने को कहा। जिस पर पुलिस और व्यक्ति की तकरार हो गई। दरअसल निवाडी जिले के पृथ्वीपुर का रहने वाला दिलीप कुमार जैन बिल्कुल सीएम योगी का डुप्लीकेट है। कार्यक्रम में दिलीप आगे की सीट पर बैठा हुआ था।

# बाबा धाम में खुलेंगे सरकारी कार्यालय

**पहल**

**काशी विश्वनाथ धाम बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय**

**'पहले आओ- पहले पाओ' योजना के तहत होगा इम्पोरियम का आवंटन**




**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद की 11वीं बैठक मंगलवार को आयुक्त सभागार में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक की प्रगति रिपोर्ट को लेकर चर्चा की गई और आगामी प्रस्ताव भी बोर्ड के सदस्यों के सामने रखी गई। इस बैठक में सबसे पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम में बने इंपोरियम में सरकारी विभागों को शॉप को खोलने की अनुमति बोर्ड के अध्यक्ष मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने दे दी। बोर्ड के सीईओ सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इंपोरियम के ग्राउंड फ्लोर की बुकिंग प्रक्रिया चालू है । सरकारी विभागों को निर्धारित मूल्य पर देने का निर्णय लिया गया। प्रथम तल के इंपोरियम का आवंटन 21 प्रतिशत दर को कम करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा इस बैठक में स्प्रिचुअल बुक स्टोर के आवंटन के लिए धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन करने वाली संस्थाओं को रियायती दर पर उपलब्ध कराने की बात पर सदस्यों ने मुहर लगाई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने समिति के समक्ष अपनी प्रगति आख्या में बताया कि परिसर के 10 से अधिक भवन का आवंटन हो चुका है। उनका सदुपयोग अगले माह से शुरू कर दिया जाएगा। वही 77 दुकानदारों को दुकानें भी आवंटित कर दी गई हैं। यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मंदिर के हर प्रवेश द्वार पर काउंटर बनाकर टिकट और उचित जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही बाबा के भोग प्रसाद बनाने के लिए नई भोगशाला तैयार कर ली गई है, जिसमें जल्द ही बाबा के आरती के समय बनने वाले भोग प्रसाद को तैयार कराया जाएगा। जिलाधिकारी एसराज लिंगम ने कहा कि परिसर में साइनेज और आवंटित दुकानदारों के लिए भी एक फ्रेम और एक डिजाइन के प्लेट्स लगाया जाए और उनकी सूचनाएं हर प्रवेश द्वार के आसपास लगाया जाए, इससे एक रूपता और खूबसूरती पूरे परिसर की बनी रहेगी। इस बैठक में डीसीपी काशी, वीडीए के उपाध्यक्ष सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत की यात्रा पर पहुंचे मिस्र के राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस पर बनाया चीफ गेस्ट

**नई दिल्ली।** भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह एल सिसी मंगलवार को यह दिल्ली पहुंच गये। पालम वायुसैनिक हवाईअड्डे पर मिस्र के राष्ट्रपति अपने विशेष विमान से करीब छह बजे उतरे। विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने उनकी अगवानी की। एल सिसी की यह तीसरी भारत यात्रा है। वह पहली बार 2015 में भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये थे और इसके बाद सितंबर 2016 में वह द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आये थे। मोदी से उनकी यह तीसरी मुलाकात होगी। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार एल सिसी का कल सुबह दस बजे राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया जाएगा। वह तीनों सेनाओं की संयुक्त टुकड़ी की सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे।

# दिल्ली के मेयर का चुनाव फिर टला

**सदन में नारेबाजी**

**एमसीडी की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के विरोध के बावजूद निर्वाचित प्रतिनिधियों से पहले उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों ने शपथ ली। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सदन की बैठक में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी और मार्शल तैनात किए गए। कुछ पार्षदों के हंगामे के बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की कार्यवाही मंगलवार को महापौर और उप महापौर का चुनाव कराए बिना स्थगित कर दी गई।एल्डरमैन और निर्वाचित पार्षदों की शपथ के बाद, सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान भाजपा के पार्षदों ने सदन में मोदी, मोदी के नारे लगाये और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के पार्षद मुकेश गोयल ने कहा जो लोग वोट डालने के पात्र नहीं है, उनको सदन के बाहर बैठाया जाए। फिलहाल 15 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। दिल्ली नगर निगम का सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। बीजेपी पार्षदों के लगातार हंगामे के बाद सदन स्थगित किया है। इससे पहले भी 6 जनवरी को मेयर का चुनाव नहीं हो सकता था। भाजपा पार्षद उस बेंच की ओर गए, जहां आप पार्षद बैठे थे और नारेबाजी की, जिसके बाद पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही को अगली तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया।


# दिल्ली-एनसीआर समेत 5 राज्यों में कांपी धरती

## 30 सेकेंड तक महसूस हुए झटके, तीव्रता 5.8; नेपाल में था भूकंप का केंद्र

**कुदरत की मार**

**दिल्ली में नए साल के दिन व नवंबर में तीन बार आया था भूकंप**

**नेपाल में आए भूकंप से राजस्थान हिला, अलवर, जयपुर में हल्के झटके महसूस हुए**




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को दोपहर 2:28 बजे 30 सेकेंड तक भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल के कालिका से 12 किलोमीटर दूर बाजूरा में था। इसकी तीव्रता 5.8 आंकी गई। भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,राजस्थान के भी कुछ इलाकों में महसूस किए गए। चीन में भी कई इलाकों में धरती कांपी है। नए साल के शुरूआत से लेकर अब तक राजधानी में भूकंप की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को दिल्ली-ठउफ और कश्मीर में शाम 7:56 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 थी। इसका केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 79 किमी दूर हिंदू कुश इलाका था। भूकंप दिल्ली में नए साल के पहले दिन यानी रविवार देर रात भी आया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि देर रात 1:19 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। इसकी गहराई जमीन से 5 किमी नीचे थी। हालांकि इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ था। इससे पहले 29 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई थी। दिल्ली का पश्चिमी क्षेत्र भूकंप का केंद्र रहा था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। 12 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप आने के बाद लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आ गए थे। तब दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, बिजनौर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में तीन फॉल्ट लाइन हैं। जहां फॉल्ट लाइन होती है, वहीं पर भूकंप का एपिसेंटर बनता है। दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन और सोहना फॉल्ट लाइन हैं। भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है। इस स्केल पर 2.0 या 3.0 तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है। नेपाल में आए तेज भूकंप से राजस्थान का पूर्वी हिस्सा हिल गया। जयपुर, अलवर और दौसा के आसपास के इलाकों में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे हल्के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- भूकंप का केन्द्र नेपाल का पहाड़ी इलाका रहा।

### बरेली, पीलीभीत व लखीमपुर खीरी में झटके

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बरेली, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होने पर लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। एक-दूसरे से जानकारी करने लगे। बाद में उन्हें पता चला कि भूकंप के कारण धरती डोली है। हालांकि यहां तीव्र झटके नहीं थे। उधर, दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके काफी देर तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल था। पीलीभीत में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप आते ही लोगों दहशत के कारण घरों व कार्यालयों से बाहर आ गए। विकास भवन में काम कर रहे लोगों की दोपहर ढाई बजे एकाएक जब मेज कुर्सी हिलना शुरू हुई तो घबराकर वह कार्यालय से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। कई स्कूलों में बच्चों को कक्षाओं से निकालकर मैदान में खड़ा करवा दिया गया। भूकंप को लेकर लोग दहशत में रहे। बाजार में भी खलबली मची रही। लोग एक-दूसरे को फोन कर जानकारी लेते रहे।

### केंद्र न्यायपालिका पर 'कब्जा' करना चाहता है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने न्यायिक प्रणाली पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू की हालिया टिप्पणी को भी गलत करार दिया। केजरीवाल ने रीजीजू के संबोधन का एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, देश की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर गैर कानूनी रूप से कब्जा करने के बाद अब ये लोग न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहते हैं। जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। न्यायपालिका के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी सही नहीं है। रीजीजू ने सोमवार को तीस हजारी अदालत परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कहा कि चूंकि न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें सार्वजनिक जांच का सामना नहीं करना पड़ता है, लेकिन लोग उन्हें देखते हैं और न्याय देने के तरीके से उनका आकलन करते हैं।

## संक्षेप

### राम जन्मोत्सव का सुंदर प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**सहसों।** नौ दिन सुनिए राम कथा कार्यक्रम के दौरान सहसों बाजार में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति के तत्वावधान में रामकथा में दैनिक यजमान के रूप में सूर्यकांत त्रिपाठी द्वारा पंडाल में व्यासपीठ, मानष भगवान एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम की पूजन के उपरांत कथा व्यास साध्वी माता अन्नपूर्णा जी ने श्री राम जन्मोत्सव का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए भक्त श्रोताओं को भाव विभोर कर दिए। कथा के दौरान कथा व्यास ने द्रोपदी चीर हरण के समय भैया कृष्ण द्वारा बहन की लाज बचाने की कथा का सुंदर मार्मिक कथा सुना कर उपस्थित श्रोता भक्तों के हृदय को करुण रस से भर दिया। तत्पश्चात कथा व्यास ने अनंतानंद परमात्मा की प्राकट्य की कथा सुनाते हुए महिलाओं को एक संदेश देते हुए उन्होंने कहा धन्य है भारत की जननी तुम चाहो तो भगवान को जनमो, तुम चाहो तो भक्त को जनमो, तुम चाहो तो राक्षस को जन्म दो कथा व्यास ने कहा ऐसी ही धरा की पावन धाम अयोध्या नगरी की महारानी कौशल्या ने साक्षात परब्रह्म परमात्मा को अपनी गोदी में रोते हुए खेलाया।,, लाला जन्म संग आई , कौशल्या माई दे दो बधाई।। सुंदर भजन पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त नर नारी झूमने लगे पूरा पंडाल राममय हो गया, जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा।

# यमुना घाट पर पहुंचे अधिकारी, किया जांच

**लालापुर।** क्षेत्र के यमुना नदी में नाव लगाकर नाविक अवैध यमुना बालू खनन कर रहे है। खनन कर दूसरे क्षेत्रों में बालू लादकर बेचते है। मंगलवार को एसडीएम बारा, नायब तहसीलदार व खान निरीक्षक मय टीम यमुना घाटों का निरीक्षण किया। लालापुर क्षेत्र के पडुवा, गांव के सामने यमुना नदी में नाविक बोट लगाकर यमुना बालू लादकर यमुना नदी के कौशाम्बी के नंदा का पूरा, असरावल खुर्द सहित अन्य यमुना घाटों में ले जाकर बेचते है। ग्रामीणों ने भी कई बार नाव लादने को मना किया परन्तु नाविक अवैध खनन करने से नही मान रहे थे। इलाकाई पुलिस कई बार यमुना घाटों पर गई और नाविकों को मना भी किया परंतु नाविक नहीं माने।जिस पर लालापुर थाना में पचास अज्ञात नाविकों के खिलाफ खनन का पूर्व में मुकदमा भी दर्ज किया गया। उपजिलाधिकारी बारा सुदन अब्दुल्लाह ने बताया की नौढ़िया तरहार व मिश्रपुर कचरा पट्टा घाट का निरीक्षण किया गया रिपोर्ट ज़िलाधिकारी को भेजी जाएगी।



यमुना घाट पर निरीक्षण करते अधिकारी

# फ्राडियों ने व्हाट्सएप पर आडिओ भेज कर किया पच्चीस लाख ईनाम की घोषणा

**ठगी**

**अब तक लकी ड्रा के नाम पर आधा दर्जन से अधिक खातेदारों से लाखों की कर चुके हैं ठगी**

**मऊआइमा।** अभी तक फ्राडियों ने फोन के जरिए कौन बनेगा करोड़पति के जरिए ठगी का शिकार बना रहे थे। अब व्हाट्सएप पर आडिओ भेज कर पचीस लाख रुपये लकी ड्रा में ईनाम निकलने का आयोडिओ सुना कर व्हाट्सएप पर सारे अभिलेख मांग कर खाता खाली करने में सक्रिय हो गए हैं। काफी लोग अब तक अपनी कमाई इन जालसाजों के बातो में आकर गंवा चुके हैं।

मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों फ्राड जालसाजों द्वारा लकी ड्रा कौन बनेगा करोड़पति का डायलॉग सुनाते हुए एक




आडिओ भेज कर यह संदेश सुना रहे हैं कि आपके व्हाट्सएप पर लकी ड्रा में पचीस लाख रुपये निकाला है। बताते हैं कि व्हाट्सएप पर बैंक का खाता नम्बर, आधार कार्ड एक फोटो मंगा कर खातों से लाखों रुपये पलभर में ठग रहे हैं। यही नहीं एक विजटिंग कार्ड व्हाट्सएप पर भेज रहे हैं। जिसमें एक नम्बर के अलावा पीएम नरेन्द्र मोदी एंव अमिताभ बच्चन की फोटो के साथ मुकेश अंबानी की भी तस्वीर बनी हुई है। जिसके कारण लोग विशवास कर आराम से अपना अभिलेख व्हाट्सएप पर डाल देते हैं। पलभर में गाढी कमाई से जमा की गई रकम जालसाज ठग रहे हैं। अभी हाल में यशवंत मौर्या, राम निहोर, रईस, वकील, रामबहादुर आदि के व्हाट्सएप पर कार्ड सहित आडिओ आया है। हालांकि यह लोग दोस्तो से जानकारी लेने के पूछ लिए। जिसके कारण ठगी से बच गए। जबकि रमेश, मक्खन, सुहेल अहमद, गणेश आदि हजारों रुपए पचीस लाख के चक्कर में गंवा चुके हैं। पीड़ितों ने शासन प्रशासन से ऐसे गिरोहों का भंडा फोड़ कर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# बुजुर्गों एवं प्रतिभाशाली युवाओं का हुआ सम्मान

**सहसों।** समाज के बुजुर्ग एवं युवा भारतीय संस्कृति और सभ्यता के परिचायक है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक प्रवीण सिंह पटेल ने नीबी नारायणपुर गांव में बुजुर्ग एवं प्रतिभाशाली युवाओं के सम्मान समारोह में कहीं। उन्होंने कहा समाज में समरसता पैदा करने तथा बच्चों में संस्कार के साथ सभ्यता की राह दिखाने में बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान है। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी एवं एमएलसी निर्मला पासवान ने कहा कि समाज में हर वर्ग को उचित सम्मान के साथ कल्याणकारी योजनाएं चलाकर भाजपा सरकार ने सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पूर्व विधायक दीपक पटेल एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी ने कहा भाजपा की सरकार में महिलाओं से लेकर बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा समाज में अग्रणी लोगों को गरीब असहाय की मदद कर उन्हें आगे बढ़ाने के



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

लिए सभी को आगे आना चाहिए। ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आयोजक धर्मेंद्र तिवारी एवं ग्राम प्रधान सुरेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम यज्ञ शुक्ला एवं संचालन चिंतामणि तिवारी व राजमणि शुक्ला ने किया। इस मौके पर 300 बुजुर्ग, युवा एवं महिलाओं को अंगवस्त्रम व धार्मिक पुस्तकें भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । कार्यक्रम में क्षेत्र के 700 गरीब असहाय लोगों को ठंड से राहत प्रदान करने हेतु कंबल प्रदान किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी, मनोज तिवारी, सत्येंद्र पांडे ,दीपक द्विवेदी ,सुशील मिश्रा, डॉ राकेश केसरवानी, मनोज त्रिपाठी, वरुण मिश्रा विनोद शुक्ला, दिनेश शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले प्रेमी की आज तक नहीं हुई गिरफ्तारी

**मऊआइमा।** प्रेमिका अपने प्रेमी के दगाबाजी से तंग आकर बीस दिन पूर्व आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम के बाद प्रेमी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उक्साने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। परन्तु आज तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिजनों ने आला अधिकारियों को तहरीर देकर गिरफ्तारी की मांग की है। मालूम हो कि मऊआइमा के सराय अतन उर्फ नौगिरा ग्राम निवासी विश्वास कुमार की पन्द्रह वर्षीय पुत्री पारूल का गांव के दीपक कुमार पुत्र जवाहरलाल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि दीपक गुजरात जाकर फोन पर पारुल से घंटों बातें करते थे।बताते हैं कि 26 दिसम्बर की रात को पारूल मांग में दीपक के नाम का सिंदूर भर कर आत्महत्या कर ली थी। आखिरी रात को पारूल आधा घंटे दीपक से बातें किया था। पोस्टमार्टम के बाद मृतका के पिता ने बेटी को आत्महत्या के लिए उक्साने का मुकदमा 30 दिसम्बर को दीपक कुमार पुत्र राम सेवक के खिलाफ दर्ज करा दिया था। परन्तु आज तक मऊआइमा पुलिस आरोपी दीपाक की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। परिजनों ने आला अधिकारियों को तहरीर देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

# भाजपा ही शिक्षक हित में कार्य करती है : नीलम

**बैठक**

**नीलम करवरिया ने विद्यालय के प्रबंधकों के साथ बैठक कर भाजपा प्रत्यासी को जिताने की अपील की**

**मेजा।** शिक्षक समाज का हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। उक्त बातें भाजपा की पूर्व विधायिका श्रीमती नीलम करवरिया ने मंगलवार को विधान सभा मेजा के लखनपुर स्थित अपने निजी कार्यालय पर मेजा के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों की एक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि अब तक शिक्षक विधायक के लिए भाजपा प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारती थी। पहली बार भाजपा शिक्षक स्नातक विधायक के लिए प्रत्याशी मैदान में उतारा है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि स्नातक विधायक में भाजपा के विधायक जीते हैं।वैसे ही इसमें भी भाजपा के ही प्रत्याशी जीतेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी अशोक राठौर के भाजपा में शामिल होने पर लड़ाई एक तरफा हो गई है। उपस्थित शिक्षकों से



बैठक के दौरान नीलम करवरिया विद्यालय के प्रबंधकों के साथ

कहा कि सभी भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी को जिताने का काम करें। भाजपा शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में शिक्षकों ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी को आने वाले 30 जनवरी को इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधान परिषद चुनाव में प्रथम वरीयता का मत देकर के विजय बनाने का संकल्प लिया।बता दें कि इलाहाबाद-झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 10 जिले आते हैं। इसमें इलाहाबाद, कौशांबी, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर शामिल हैं। जीआइसी, जीजीआइसी, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सहायता प्राप्त, इंजीनियरिंग कालेज, पालीटेक्निक, वित्तविहीन विद्यालय, सीबीएसई विद्यालयों के साथ डिग्री कालेज व विश्वविद्यालयों के शिक्षक मतदान करते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से हौसला प्रसाद तिवारी,अखिल भारतीय वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, प्रकाश दिवेदी, संदीप तिवारी जी, दिलीप तिवारी, राजीव तिवारी, जयनारायण पांडे, डॉ सुनील शुक्ला, नरेंद्र कुमार तिवारी, दिलीप सिंह, बृजेश मिश्रा,पवन तिवारी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही उनकी समस्याओं का भी समाधान करें शिक्षक : प्रभाशंकर त्रिपाठी

**बैठक**

**शिक्षक संकुल की बैठक में उपस्थित शिक्षकों से एआरपी ने की अपील**

**फूलपुर।** शिक्षक संकुल की एक बैठक मंगलवार को बेलहांबाद के प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। एआरपी प्रभाशंकर त्रिपाठी ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने के साथ ही बच्चों की समस्याओं का अवलोकन कर उसका समाधान करने का निर्देश अध्यापकों को दिया। बैठक में अलका भारती, कमलेश तिवारी, सुनील तिवारी, आरती मिश्रा, विजय कुमार, शालिनी सिंह, निवेदित तिवारी, नगीना देवी, विधा गोस्वामी, प्रमिला सिंह सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।



फूलपुर में शिक्षक संकुल की बैठक में उपस्थित शिक्षक

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर दिया प्रार्थना पत्र

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र में फर्जी आईडी बनाकर के आपत्तिजनक व धर्म जाति पर लगातार टिप्पणी कर रहे हैं जिसको लेकर के शिकायत मांडा थाना में की गई। फेसबुक पर फेक आईडी बनाकर मांडा की आवाज, मांडा की चौपाल के नाम से चला रहे जो फेंक आईडी से लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।विशेष रूप से रामचरितमानस व ब्राह्मण जाति पर टिप्पणी इस आईडी से की जा रही है। फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी करने से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है और यदि कोई भी व्यक्ति इस टिप्पणी पर कोई भी कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं तो जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है और उनको अपशब्द कहे जा रहे हैं। मांडा थाना में तहरीर देकर के इस प्रकार के लोगों के ऊपर कार्रवाई की मांग की गई।

# बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उच्च शिक्षा एवं संस्कार का समावेश जरूरी : एसीपी

**सहसों।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मैजिक बस इंडिया फाऊन्डेशन द्वारा जनता इंटरमीडिएट कॉलेज रुदापुर में बालिकाओं की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि फूलपुर के एसीपी मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा हर अभिभावक को चाहिए कि बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उच्च शिक्षा एवं संस्कार का समावेश जरूर कराएं। क्योंकि सशक्त बालिका में आत्मबल मजबूत होने से राष्ट्र के विकास के साथ समाज में संभाव तथा भेदभाव को मिटाने में बहुत ही सहायक होगा। उन्होंने कहा सभी बच्चे अपने उद्देश्य को बहुआयामी बनाएं तभी लक्ष्य की प्राप्ति के साथ स्वयं के आत्मनिर्भर एवं परिवार की तरक्की का रास्ता सुगम होगा। उन्होंने बालिकाओं से कहा पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार



बालिकाओं को जागरूक करते एसीपी मनोज कुमार सिंह

को अपनाएं तथा किसी भी समस्या के लिए अपने अभिभावकों के साथ गुरुजनों की मदद ले। आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मदद लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में संस्था के डीपीएम फैजल खान ने बालिकाओं के अधिकार की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बृजेश कुमार पटेल ने किया। इस मौके पर अनिल चौधरी, शिव कुमार, दयाशंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एआईएमसीईए के कार्यकर्ताओं ने भी मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती



कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते लोग

**करछना।** यमुनापार करछना तहसील क्षेत्र अंतर्गत करछना ओवर ब्रिज के नीचे चौधरी चंद्रिका भवन ग्राम सभा हरदुआ में ए आई एम सी ए के कार्यकताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाई जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती वही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष, व अतिथि आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,शिव आधार शर्मा महानगर अध्यक्ष,चंद्रिका प्रसाद शर्मा एडवोकेट संरक्षक महानगर मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव शंकर नंद ने की। वहीं वक्ताओं ने जननायक कपूरी ठाकुर की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि दो बार मुख्यमंत्री व एक बार उपमुख्यमंत्री विरोधी दल के नेता तक के सफर तय करने वाले जन-जन के नेता गरीब-गुरवे शोषित,दलित, पीड़ित,पिछड़ा अति पिछड़ा नेता जननायक कपूरी ठाकुर जमीन से जुड़े नेता थे वक्ताओं ने उनके रास्ते पर चलने का प्रण लिया।सभी लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी यादों को सभी लोगों के बीच साझा किया। वही इस कार्यक्रम में उपस्थित शिवदास शर्मा, गिरीश कुमार शर्मा मंडली उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, रामजी सविता, प्रेम कुमार शर्मा, अयोध्या सिंह, सुरेंद्र सिंह (पूर्व प्रधान), रज्जन कुमार शर्मा (एडवोकेट), मूल चंद्र शर्मा, जयराम शर्मा, डॉ अश्वनी कुमार नंद, जितेंद्र कुमार शर्मा, मोहन लाल शर्मा (जिला सचिव) रतन लाल शर्मा, एनके वर्मा-एडवोकेट-जिला संरक्षक, हरीश चंद शर्मा(मटरू), राजू शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा आदि कार्यकर्त्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुलिस की सक्रियता से महिला के चेहरे पर खुशी की झलक



**थरवई।** मंगलवार की दोपहर दीपांजलि सिंह निवासिनी कल्याणी देवी प्रयागराज की रहने वाली हैं किसी काम से थरवई रेलवे स्टेशन पहुंची थी जहां पर उनका 30000 कीमत की मोबाइल पर्स स्टेशन पर खो गया जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी को दी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए एक युवक के पास पहुंची तो मोबाइल पर्स व 800 नगद बरामद करते हुए दीपांजलि सिंह को पुलिस टीम ने दिया। पुलिस टीम में प्रमुख रूप से उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार महिला आरक्षी पूनम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# समस्याओं को लेकर आंदोलन की राह पर आशा वर्कर

**बैठक**

**उत्पीड़न के खिलाफ एक मार्च से होगा आंदोलन**

**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध एक्टू की एक बैठक मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टिव के राज्य सचिव कॉमरेड अनिल वर्मा ने कहा कि आशा वर्करों से बड़े पैमाने पर कार्य तो लिया जा रहा है परन्तु उन्हें कार्य के बदले उचित दाम नहीं मिल रहा है। आर पार की लड़ाई का एलान करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सरकार आशा वर्करों के हित में ठोस कदम नहीं उठाती है तो 1 मार्च से आशा वर्करों का एक बड़ा आंदोलन होगा। बैठक में इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश सचिव सुनील मौर्य एक्टू के




बैठक में उपस्थित आशा वर्कर

जिला संयोजक देवानंद मौजूद रहे। बैठक में ब्लाक कमेंटी का गठन हुआ। जिसमें संगीता सिंह अध्यक्ष, स्वाति द्विवेदी उपाध्यक्ष,स्मिता यादव उपाध्यक्ष, शर्मिला सिंह मंत्री, मनोरमा संयुक्त मंत्री तथा मीरा पाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में सीता देवी, राजकुमारी, रेखा, मालती, विनीता सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर उपस्थित रहीं।

## मुविवि ने स्वाधीनता संग्राम में नेताजी के योगदान को याद किया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प-अर्चन कर भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पी.पी. दुबे द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई गई तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का वचन लिया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा माह के कार्यक्रमों के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में किया गया।

प्रयागराज भारत

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 10.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## संक्षेप

### बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में ठाकुर जी ने कोर्ट में कहा, हमे भी सुनें

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट में बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में सुनवाई के दौरान ठाकुर जी की ओर से भी पक्षकार बनाने के लिए अर्जी पर सुनवाई की गई। कहा गया की कॉरिडोर बनाने के मामले में पहले उन्हें भी सुना जाय। इस पर कोर्ट ने सवाल उठाया। कहा की आप कौन है इस मामले में। ठाकुर जी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता संकल्प गोस्वामी ने कहा की कॉरिडोर बनाया जा रहा है। वह एरिया ए एस आई की ओर से सुरक्षित है। कोर्ट ने ठाकुर जी का पक्ष जानने के बाद सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तिथि लगाई है।

# मण्डलायुक्त ने माघ मेला क्षेत्र में प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर संगम के प्राचीर में माघ मेले के विहंगम दृष्य के मध्य श्रम विभाग एवं उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तत्वाधान में श्रम विभाग के भव्य प्रदर्षनी एवं विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रदर्षनी स्थल पर प्रमाण-पत्र का वितरण मुख्य अतिथि विजय विश्वास पंत, आई0ए0एस, आयुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि शिपू गिरि, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज की उपस्थिति में किया गया।

आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी एवं उप श्रमायुक्त के साथ फीता काटकर प्रदर्षनी का औपचारिक उद्घाटन किया। साथ ही उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया एवं प्रदर्षनी के प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन भी किया गया।


श्रम विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मण्डलायुक्त

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर माघ मेले में परेड ग्राउण्ड पर श्रम विभाग की प्रदर्षनी में उत्तर प्रदेष भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की अटल आवासीय विद्यालय योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना आदि एवं उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिशद की विभिन्न योजना तथा उत्तर प्रदेश सरकार की नया सवेरा योजना एवं बाल श्रमिक विद्या योजना की विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी में माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार के महत्वकांक्षी अटल आवासीय विद्यालय योजना की प्रतिकृति भी आगंतुकों के अवलोकन हेतु प्रदर्शनार्थ रखी गयी थी जो आकर्शण का मुख्य केन्द्र रहें। प्रदर्शनी में श्रम विभाग की उद्योगो के हितार्थ कृत कार्यवाहियॉ यथा-पंजीयन एवं लाईसेन्स के सुगमता पूर्वक कार्यवाही को भी प्रदर्षनार्थ रखा गया। माघ मेले में देष-विदेश एवं प्रदेश से सभी क्षेत्रों से श्रमिक, सेवायोजक, उद्योगपति एवं नागरिकों का करोड़ों की संख्या में आगमन होता है, जिसके दृश्टिगत उ0प्र0 सरकार की श्रम विभाग से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के प्रस्तुतिकरण पर मण्डलायुक्त महोदय द्वारा प्रषन्ता व्यक्त की गयी एवं अपने उद्बोधन में उनके द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं विषेशकर निमार्णाधीन अटल आवासीय विद्यालय की महत्वता को रेखांकित करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के हितार्थ चलायी जाने वाले अभूतपूर्व योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

शिपू गिरि, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज द्वारा बोर्ड की योजनाओं को विस्तार से बताया गया एवं सभी उपस्थित से एवं मीडिया के माध्यम से सभी पात्र श्रमिकों से योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवाहन किया गया।

राजेश मिश्रा, उप श्रम आयुकत, प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के माध्यम से कन्या विवाह सहायता योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित कराया गया, जिसमें कुल 2750000/- की धनराशि वितरित की गयी जो सिंगल नोडल एकाउन्ट के माध्यम से जो श्रमिकों के खातों में सीधे स्थानान्तरित की गयी।

कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ, चाइल्ड लाइन, बाल कल्याण समिति एवं श्रम विभाग से सम्बन्धित अन्य संस्थाओं एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रम विभाग कार्यालय से सहायक श्रमायुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रयागराज तथा कार्यालय स्टाफ के अभूतपूर्व सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

## न्यू ईयर पर अश्लील डांस मामले में सखी वन स्टेप सेंटर के सभी कर्मचारियों सहित दो पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रयागराज।** नए साल के उपलक्ष में पार्टी आयोजित कर अश्लील डांस करने के मामले में सखी वन स्टेप सेंटर समीरा होटल के बगल के सभी कर्मचारियों सहित दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है स्टेप सेंटर पर नए साल के उपलक्ष्य में पार्टी आयोजित कर अश्लील डांस का मामला सामने आया था। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसकी शिकायत की गई थी। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने स्टेट सेंटर के सभी कर्मचारियों सहित दो पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि कुल दर्जनभर कर्मचारियों पर गाज गिरी है। इस मामले में डीपीओ की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। जिसकी जांच कराई जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि डीपीओ के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। सखी वन स्टॉप सेंटर में सभी कर्मचारी संविदा पर रखे गए थे। इनकी संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है और इनके स्थान पर दूसरे कर्मचारियों को संविदा पर भर्ती कर लिया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी


कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें समस्त अधिशासी अधिकारियों एवं संस्थाओं को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं लंबित आवासों के जियो टैगिंग का कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही नगर पंचायतों एवं नगर निगम में तहसील स्तर पर लंबित आवेदन पत्र को जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उक्त के अतिरिक्त जिन लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु धनराशि निर्गत की जा चुकी है किंतु उनके द्वारा आवास निर्माण का कार्य नहीं कराया जा रहा है उन्हें आरसी जारी करते हुए धनराशि वापस कराने की कार्यवाही हेतु एसडीएम को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, परियोजना अधिकारी डूडा, सीएलटीसी एवं संस्थाओं के जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

## परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज के सानिध्य में विशाल भंडारे का आयोजन

**प्रयागराज।** अन्नपूर्णा मार्ग स्थित सेक्टर तीन में गंगा चैरिटेबल संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज के सानिध्य में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का निरीक्षण स्वामी जी स्वयं करते रहे तथा लोगों को पूछ पूछ कर प्रसाद वितरण करते रहे ।प्रसाद पाने के पश्चात स्वामी जी ने लोगों को दक्षिणा भी प्रदान की स्वामी जी ने कहा कि यह संत परंपरा है । अतिथि देवो भव की परंपरा चलती है। इस भंडारे में सर्वप्रथम साधु संतों ने प्रसाद ग्रहण किया इसके पश्चात जितने भी लोग आए भंडारे का



प्रसाद ग्रहण करते गए।साधु संतों को स्वामी जी ने अपने हाथों से भोजन कराया इसके पश्चात दान दक्षिणा देकर विदा किया।

# विप्र समाज सेवा शिविर में नित्य हो रहा हवन पूजन, ध्यान साधना

**प्रयागराज।** परम पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद महाराज के आशीर्वाद से संगम लोहर मार्ग स्थित सेक्टर तीन में शिष्यों द्वारा हर रोज साधना उपासना ध्यान योग के साथ साथ विज्ञान की क्लास भी चल रही हैं। स्वामी जी के प्रिय शिष्य वीरभद्र सिंह ने जनसंदेश टाइम्स को बताया की मौनी अमावस्या स्नान के पश्चात परम पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद महाराज ने शिष्यों को गुरु दीक्षा दी उसी के बाद से शिष्य हर रोज नित्य साधना उपासना कर रहे हैं । स्वामी जी महाराज ने शिष्यों को बताते हुए कहा कि प्रकाश इस जीवन का यही अमूल्य खजाना है तथा बहुत ही के साथ साथ आध्यात्मिक जगत को सफल बनाना है तो इसका अनुपालन एवं अनुश्रवण करना जरूरी है। पूज्य गुरुदेव ने अष्टावक्र गीता पर शाम को प्रवचन देते हुए कहा की हमें हमेशा जीवन में अपने लक्ष्य को केंद्रित करते हुए श्रद्धा समर्पण और भक्ति के साथ लग जाना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा सफल होगा साथ ही साथ लौकीक व अलौकिक जगत में सफलता मिल सकती है। कार्यक्रम में संत प्रमुख आचार्य जनेश्वर स्वामी, न्यामूर्ति मंजुरानी चौहान, सुरेंद्र सिंह ,वीरभद्र प्रताप सिंह आशीष ,ऋषि रामू दास बाबा कल्पराज सिंह, अमित इत्यादि सभी विप्र भाइयों की सहभागिता रही।


हवन पूजन करते परम पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद महाराज

## पिस्टल चोरी गई तो दरोगा हुआ गैरहाजिर, रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद में सरकारी पिस्टल चोरी होने के मामले में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। पता चला है कि घटना के बाद से ही दरोगा जगनारायण सिंह से पुलिस का संपर्क नहीं हो पाया है। उसके दोनों नंबर भी स्विच ऑफ हैं। फिलहाल थाने में उसकी गैरहाजिरी की रपट दर्ज कर ली गई है। उधर, पिस्टल के साथ ही पुलिस अब अपने दरोगा का भी पता लगाने में लगी है। घटना शनिवार रात को हुई थी, जब जंक्शन के पास अपनी कार से गया था। तभी उसकी गाड़ी में रखी सरकारी पिस्टल चोरी हो गई थी। सूत्रों का कहना है कि करबला चौकी प्रभारी जगनारायण सिंह रविवार इसके बाद से थाने नहीं पहुंचे। खुल्दाबाद इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा का कहना है कि दरोगा ने घटना के बाबत उन्हें कुछ नहीं बताया। मीडिया में खबरें आने के बाद रात में जब उससे संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उसका फोन बंद मिला। सोमवार को भी वह थाने नहीं आए। उधर, पुलिसकर्मी खोजते हुए नैनी स्थित दरोगा के कमरे पर पहुंचे तो वह वहां भी नहीं मिले। परिजन भी उनके बारे में कुछ बता नहीं सके। फिलहाल सोमवार को थाने की जीडी में उसकी गैरहाजिरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

# शिविर में मरीजों को दी गायी निःशुल्क दवाएं

**प्रयागराज।** नैनी विषमभरपुर मे भारत गैस और प्रीम रोज शिक्षा संस्थान के सांयुक्त तत्वाधान मे निशुक्ल स्वास्थ्य शिविर आयुष के द्वारा लगाया गया जिसमे 250 से जायदा लोगों ने पंजीकृत करवाया और अपने शरीर कि जाँच करवाई और निशुल्क दवाइया वा फर्स्ट ऐड किट दी गयी ,शिविर की लोगों ने खूब सराहना की, शिविर मे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कोमल श्रीवास्तव,हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉ रोहन सक्सेना,डॉ स्वाति चौधरी बीडीएस,डॉ दानिश खान होम्योपैथिक विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर कैंप मे पेशेंट को देख रहे थे वहीँ आँखों कि जाँच कि निशुक्र जांच भी लोगों ने कराई तो पैथोलॉजी मे लोगों ने ब्लड टेस्ट करवाया और हाइमोग्लोबिन वा शुगर टेस्ट करवा कर अपने बॉडी का हाल जाना भारत गैस के ऑफिसर वा प्रीम रोज शिक्षा संस्थान के मैनेजर फरहान आलम ने निशुक्ल फर्स्ट ऐड किट वितरण कि डॉक्टर दानिश खान ने फर्स्ट ऐड किट के इस्तेमाल करने का तरीका बताया। कार्यक्रम मे भारत गैस के ऑफिसर, संस्थान के मैनेजर फरहान आलम, समर आलम, गुफरान खान, प्रतीक आदी शामिल थे।


शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निःशुल्क दवा देते चिकित्सक

# भारतीय गणतंत्र पर भाषण व गायन प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रतियोगिता**

**देशभक्ति भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में बीएएलएलबी के छात्र शिवांश पाण्डेय प्रथम स्थान व द्वितीय प्रतिमा गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर रिंकू यादव रहीं**

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कला एवं संस्कृति समिति के तत्वाधान में मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव एवं भारतीय गणतंत्र विषय पर देशभक्ति भाषण प्रतियोगिता व देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य परिसर जमुनीपुर में किया गया। देशभक्ति भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में बीएएलएलबी के छात्र शिवांश पाण्डेय प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय प्रतिमा गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर रिंकू यादव रहीं।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा गुप्ता ने प्राप्त किया तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः विशाल मणि एवं संजीव श्रीवास्तव रहे। गायन प्रतियोगिता की समन्वयक डॉ मंजू श्रीवास्तव एवं देशभक्ति भाषण प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ संजय पाण्डेय रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो. पार्थसारथी पाण्डेय,प्रो. विनोद पाण्डेय, डॉ. मोहम्मद वाकिफ, डॉ. शिखा खरे, डॉ. प्रदीप मिश्र, डॉ. नीलम शर्मा रहीं। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन कला एवं संस्कृति समिति की अध्यक्ष डॉ. साधना त्रिपाठी रहीं।

इस अवसर पर निदेशक जमुनीपुर परिसर डॉ. प्रबुद्ध मिश्र, डॉ राजेश तिवारी, डॉ. रमेश चंद्र मिश्र, डॉ. प्रमोद मिश्र, डॉ. श्रवण मिश्र सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## संक्षेप

### वृद्धजनों को फल, कंबल का वितरण करेंगी विधायिका पूजा पाल

**कौशाम्बी।** पूर्व विधायक स्व. राजू पाल की 18 वीं पुण्य अतिथि के अवसर पर बुधवार को उनकी पत्नी व चायल विधायिका पूजा पाल मुख्यालय से सटे ओसा में संचालित वृज आश्रम में मौजूद वृद्धजनों को फल व कंबल वितरित करेंगी। इतना ही नहीं वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों का टाइम पास हो इसके लिए वृद्धजन आश्रम संचालक आलोक राय की मांग पर एलसीडी भी लगवाएंगी।

### घर में घुसकर की तोड़फोड़, मारपीट

कौशाम्बी। कोतवाली क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में सोमवार की शाम पड़ोसियों ने महिला को पीट दिया। देर शाम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर परआरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिले में 617 करोड़ निवेश के प्रस्ताव हुए प्राप्त

**प्रस्ताव**

**जिलाधिकारी ने कौशाम्बी इन्वेस्टर्स समिट का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ**

**निवेशकों को प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया सम्मानित**



कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम सुजीत कुमार

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित डायट मैदान में मंगलवार को आयोजित कौशाम्बी इन्वेस्टर्स समिट-2023 कार्यक्रम का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इतना ही नहीं निवेशकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद कौशाम्बी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इन्वेस्टर्स पॉलिसी लागू की गई है तथा आगामी 11 व 12 फरवरी को लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपदों में भी इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी एक कृषि प्रधान जनपद है, किसी क्षेत्र का विकास तभी होगा, जब उस क्षेत्र में उद्योग की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसका परिणाम है कि प्रदेश में निवेश का बहुत ही अच्छा माहौल बना है तथा निवेशकों द्वारा प्रदेश में बड़े पैमानें पर निवेश किये जा रहें हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद कौशाम्बी में उद्योग की अपार सम्भावनायें हैं, अन्य जनपदों के सापेक्ष उद्योग की स्थापना के लिए जमीन सस्ती है व आसानी से मिल जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक में उद्यमियों की बैंक सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने का निरन्तर कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा जनपद को 300 करोड़ निवेश के लक्ष्य दिये गये थे, जिसके सापेक्ष अभी तक 617 करोड़ निवेश के प्रस्ताव निवेशकों द्वारा प्राप्त हो चुकें हैं। उन्हांने कहा कि आगामी कुछ दिनों में प्रयास कर निवेश के प्रस्ताव को एक हजार करोड़ तक पहॅुचाने का लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि निवेशको को शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रहीं सभी सुविधाओ को उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भी उद्योग की स्थापना के प्रॉसेस को पूरी तरह से सरल किया गया है, सिंगल विन्डो सिस्टम द्वारा सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा रहीं है, मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा लगातार इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रहीं है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि आप के द्वारा जनपद में किया गया निवेश पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्हांने कहा कि जनपद कौशाम्बी में अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है, उद्योग की स्थापना से जनपदवासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उपायुक्त उद्योग एस.सिद्दीकी द्वारा उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति-2022 सहित जनपद में औद्योगिक आस्थानों की स्थापना के लिए की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी गई। जनपद में अब तक निवेशकों द्वारा कुल रू0-617 करोड़ निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ए.जी.एम, एसबीआई ने बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रहीं। लोन की सुविधा सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी। श्री रमेश अग्रहरि एवं श्री प्रवेश केसरवानी सहित अन्य उद्यमियोध व्यापारियों नें भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। योजनाआ लाभान्वित के कुल 17 लाभार्थियां को प्रमाण पत्र डमी चेक वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जन जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी


जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम- 1994 के अन्तर्गत आयोजित जनपद स्तरीय जन जागरूकता रैली को डीएम ने सुजीत कुमार द्वारा मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर कलक्ट्रेट से रवाना किया गया। यह रैली कलक्ट्रेट परिसर से पीएचसी मंझनपुर तक निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कृषकों, स्वयं सहायता समूहों एवं डिजिटल कार्यक्रम हेतु संगोष्ठी का आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल के ग्राम निंबी शाना में मंगलवार को बड़ौदा यूपी बैंक एवं नाबार्ड के सयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ौदा यूपी बैंक के चायल खास ब्रांच मेनेजर कमलेश कुमार प्रभाकर ने बैंक में चल रही की निम्न योजनाओं के बारे में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं जानकारी दी गई। बताया गया कि बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, फसल बीमा योजना, शिक्षा ऋण, उद्योग स्थपित करने हेतू ऋण, अटल पेंशन योजना, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रधानमन्त्री सुरच्छ बीमा योजना के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर संजीव कुमार कंचन, डीआरएम यूपी मिश्रा, संजय त्रिपाठी, मनीषा सरोज पंचायत भवन कर्मचारी, बैंक कर्मचारि राम मूरत, अकलेश के साथ संगीता कुमारी बैंक सखी भी मौजुद रहें।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए बेरौंचा प्रधान हुए सम्मानित


बेरौंचा प्रधान को सम्मानित करते सीडीओ

**कनैली, कौशाम्बी।** विकासखंड कौशांबी के बेरौचा प्रधान जयप्रकाश त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश के 74 वें स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए चुना गया है।

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को एक कार्यक्रम में बेरौंचा ग्राम प्रधान जयप्रकाश त्रिपाठी को गांव में कराए गए विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया है। जैसे ही खबर उनके गांव वालों को हुई खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के जयनाराण मिश्र,छेदी पांडे, हेमंत मिश्रा,राजेश मिश्रा,बलई मिश्र शंभू ,दीपक त्रिपाठी, निगम त्रिपाठी ने उन्हें बधाई दी है।

# ससुर दे रहा फर्जी केस में फंसाने की धमकी, शिकायत

**कौशाम्बी।** कोतवी कौशाम्बी के बिदांव गांव के युवक ने ससुर पर दहेज उत्पीड़न के फर्जी मुकदमें में फंसाने के लिए धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। बिदांव गांव के सोहन लाल ने बताया कि साल भर पहले उसकी शादी सरायअकिल थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में आरती देवी के साथ हुई थी। पत्नी के गर्भवती होने पर ससुर प्रसव कराने के लिए बेटी को मुंबई लेकर चला गया। जहां उसके एक बेटी को जन्म दिया। कुछ दिन बीतने के बाद उसने फोन कर ससुर से कहा कि वह आरती को बुलाने के लिए आ रहा है। आरोप है कि इस पर ससुर ने बेटी को साथ भेजने से इनकार करते हुए कहा उसकी बेटी अब ससुराल नहीं जाएगी। ज्यादा जिद की तो दहेज उत्पीड़न के फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा। पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# प्रदेश स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए सफाई कर्मी


सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते ईओ

**अझुआ, कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस पर मंगलवार को नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पंचायत अझुवा के सभी सफाई कर्मियों को माला फूल पहना व अंग वस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही मिष्ठान का भी वितरण किया गया। अधिशाषी अधिकारी द्वारा नगर पंचायत स्थित गौशाला में गौवंशियो की पूजा अर्चना की गई। वहीं मौजूद लोगों को गोवंश की पूजा और उनकी सेवा कर फल के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद श्रीवास्तव लिपिक राजाराम पाल मनोज कुमार रामप्रताप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बालू कारोबारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कटैया यमुना घाट पर नाव के सहारे बालू का अवैध खनन कराना ठेकेदार को मंहगा पड़ा। छापेमारी करते हुए खनन अधिकारी ने आरोपित ठेकेदार के खिलाफ सरायअकिल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि ठेकेदार आवंटित भूखंड के बार नाव के सहारे बालू का अवैध खनन करा रहा था। सोमवार की शाम डीएम सुजीत कुमार, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ खनन अधिकारी अजीत कुमार पांडेय ने सरायअकिल कोतवाली के कटैया यमुना घाट पर छापेमारी की। इस दौरान आरोपित ठेकेदार आवंटित भूखंड को छोड़कर दूसरे भूखंड से नाव के सहारे बालू का अवैध खनन कराते मिला था। खनन अधिकारी ने जांच के बाद देर रात सरायअकिल थाने में आरोपित ठेकेदार जावेद अली सुभाष नगर सरायअकिल के खिलाफ बालू के अवैध खनन के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

# धर्मादेवी इंटर कालेज में सम्पन्न हुवा छात्र उद्घोषन कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**अझुआ, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी-काशी प्रान्त के तत्वाधान में मंगलवार को छात्र उद्घोष जिला सम्मेलन का आयोजन धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन में किया गया। सर्वप्रथम माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्य्रकम की शुरूआत की गयीं। तत्पश्चात स्वामी विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र,छात्राओं को जानकारी प्रदान की गयीं। कार्यक्रम में जनपद कौशाम्बी से हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ संघ प्रचारक अविनाश बहादुर सिंह, प्रसांत केसरी, प्रदीप साहू, ऋचा पांडेय,रणविजय निषाद, सुनील साहू, धर्मा देवी इंटर कालेज प्राचार्य डॉ रामकिरन त्रिपाठी, मौजूद रहे।

### मच्छरों ने जीना किया दुश्वार

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के गांवों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दिन-रात मच्छर लोगों को डंक मार रहे हैं। घर-बाहर कहीं भी लोगों को मच्छरों से निजात नहीं मिल रही है। मौसम के बदलते मिजाज को देख गांव के लोग संक्रमण फैलने की आशंका से भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रधान व सेक्रेटरी से दवा का छिड़काव कराने के लिए कहा गया। इसके बाद भी दवा का छिड़काव नहीं गया। इसे लेकर लोगों में रोष है।

# उत्कृष्ट कार्य को सम्मानित हुए प्रधान मो. आकिब


मुख्यालय सभागार में प्रधान को सम्मानित करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सभागार में मंगलवार को सीडीओ द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। इस दौरान चायल विकास खंड के ग्राम मोहम्मदपुर प्रधान मो. आकिब को सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि जनता ने आपको अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है, और सरकार आपको गांव का विकास करने के लिए धन आवंटित करती है। ऐसे में गांव में विकास में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करनी चाहिए। वहीं सीडीओ के हाथों सम्मानित होने के बाद ग्राम प्रधान मो. आकिब गदगद दिखे। उन्होंने कहा कि वह विकास कार्य के लिए कभी पीछे नहीं रहेंगे। सरकार की मंशा के अनुसार गांव का विकास कराते रहेंगे।

# इलाहाबाद क्रिकेट क्लब ने कौशाम्बी एकादस को दिया शिकस्त

**आदर्श क्रिकेट मैदान चरवा में हुआ महिला क्रिकेटरों का मुकाबला**


विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा नगर पंचायत के आदर्श इण्टर कालेज मैदान में खेले जा रहे टूनामेंट में मंगलवार को लड़कियों ने भी अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया। इस टूनामेंट में इलाहाबाद क्रिकेट क्लब और कौशांबी एकादश की टीम ने भाग लिया। सुबह इलाहाबाद क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 177 रन बनाए। वही इस स्कोर का पीछा करने उतरी कौशांबी एकादश की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 160 रन में सिमट गई। इस तरह से कौशाम्बी एकादश टीम को 17 रनों से पराजित होना पड़ा।

इलाहाबाद क्रिकेट क्लब की शालनी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। शालनी ने बैटिंग करते हुए अपनी टीम के लिए बेहतरीन 65 रन बनाए और एक विकेट भी झटके। दोनो टीमों के कप्तानों को शील्ड और पुरुस्कार से नवाजा गया। इलाहाबाद क्रिकेट क्लब की विनर कप्तान शालनी सिंह ने ट्रॉफी ग्रहण किया, वही कौशांबी क्रिकेट एकादश की कप्तान अपूर्वा यादव ने सेकंड ट्रॉफी ग्रहण किया। मैच में अम्पायर की भूमिका भैरव प्रजापति और नरेंद्र प्रजापति ने निभाया जबकि कमेन्ट्री शिवपूजन ने किया। मैच के मुख्य अतिथि चायल के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू कुमार रहे। उन्होंने ने खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण किया। क्रिकेट का आयोजन आदर्श क्रिकेट क्लब चरवा द्वारा किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनूप कुमार केसरवानी,जग नारायण, मनीष कुमार,अमित पांडेय, सोनू दिवाकर, देव नारायण, दीपू भारतीय, दीलू भारतीय, मनदीप, रंजीत केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला, मौत

**कौशाम्बी।** पश्मिशरीरा के लोधन का पुरवा में मंगलवार की दोपहर को खेत में काम कर रहे वृद्ध किसान पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के काटने से वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा है। लोधन का पुरवा निवासी पितंबर (80) मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अपने खेत में काम कर रहा था। खेत के बगल में स्थित पीपल के पेड़ है। इसमें मधुमक्खियों ने छत्ता लगा रखा था। अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने पितंबर पर हमला बोल दिया। हमले से बचने की वृद्ध ने कोशिश की, लेकिन वह भाग नहीं सका। नतीजतन मधुमक्खियों के दंश से वृद्ध की हालत गंभीर हो गई। शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह आग जलाकर धुआं किया, इसके बाद वृद्ध को लेकर परिजन पश्चिमशरीरा पीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

# आर्या फिटनेस क्लब का हुआ शुभारंभ

**शुभारंभ**

**उद्घाटन के बाद डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य ने कहा कि जीवन में फिट रहने मात्र से कई बीमारियों से बचा जा सकता है**


आर्या फिटनेस क्लब का फीता काटकर उद्घाटन करते योगेश मौर्य

**कौशाम्बी।** सिराथू कस्बे में मंगलवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के ज्येष्ठ पुत्र व बड़े भाई ने मंगलवार को आर्या फिटनेस जिम का उद्घाटन किया।

बता दें कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बड़े भाई सुखलाल मौर्य व डिप्टी सीएम के ज्येष्ठ पुत्र इंजीनियर योगेश कुमार मौर्य ने सिराथू कस्बे के मंझनपुर रोड पर जिम सेंटर का विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर जिम का शुभारंभ किया । जिम के उद्घाटन के बाद डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य ने कहा कि जीवन में फिट रहने मात्र से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। सिराथू में जिम सेंटर खुलने से कस्बे सहित क्षेत्र के लोगो को व्यायाम के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी। वहीं डिप्टी सीएम के ज्येष्ठ पुत्र योगेश कुमार मौर्य ने कहा की आज के दौर में हर फील्ड में फिट रहने का मूल मंत्र ही शारीरिक व्यायाम सबसे अच्छा जरिया है। आर्या फिटनेस इसी मूल मंत्र के साथ अपने जिम में आधुनिक मशीन के अलावा बेहतर ट्रेनर के साथ लोगों को ट्रेंड कर उनके शारीरिक चुस्ती फुर्ती बनाए रखने में सहयोग करेगी। इस मौके पर सुखलाल मौर्य, योगेश कुमार मौर्य, रवि मौर्य, सुशील पांडेय, टिंकू तिवारी, संतोष कुशवाहा, ननका सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# झाड़-फूंक के बहाने कराया जा रहा है धर्मांतरण

**कौशाम्बी।** जिले में इन दिनों झाड़-फूंक के बहाने हिंदुओं का धर्मांतरण करवाया जा रहा है। हिंदू धर्म से ईसाई धर्म को अपनाने वाले लोगों को 20 से 30 हजार रुपए की धन राशि भी दी जाती है। भूत प्रेत भगाने के नाम पर प्रयागराज की ईसाई मशीनरी बड़ी संख्या में कौशाम्बी के हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करा रही है। रविवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी वेद प्रकाश सत्यार्थी ने सोशल मीडिया पर खुद एक वीडियो वायरल किया और धर्मांतरण के इस पूरे खेल को एक्सपोज किया। वीडियो वायरल होने के बाद कौशाम्बी पुलिस ने कार्रवाई की बात कही है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी वेद प्रकाश सत्यार्थी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से कौशाम्बी और प्रयागराज के बॉर्डर पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर में भूत प्रेत भगाने एवं झाड़-फूंक के बहाने जिले के हिंदुओं को ईसाई बनाने का कार्य किया जा रहा है। वेद प्रकाश ने यह भी बताया कि जो व्यक्ति अपना हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म को अपनाता है उसे 20 से 30 हजार रुपए की धनराशि भी दी जाती है। मंगलवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी वेद प्रकाश सत्यार्थी ने इस पूरे प्रकरण की पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव से शिकायत करते हुए धर्मांतरण कराने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पड़ोसी युवक भगा ले गया। सोमवार की शाम किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। किशोरी के देर शाम घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तब घटना की जानकारी हुई। मंगलवार की सुबह पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद की।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद बैंक अधिकारी

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी अंतर्गत म्योहर में मंगलवार को बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को वित्तीय प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक नितेश चैधरी ने अपील किया कि किसान किसान क्रेडिट कार्ड योजना व पशु पालन क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाने के लिए किसान आगे आएं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति आर्थिक तौर मजबूती के लिए अपना रास्त खुद तय करें। महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर अपना बैंक खुद चलाएं। बैंक से ऋण लेकर स्वरोजगार शुरू करें। उन्होंने बैंक में बचत खाता खोलने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार कंचन ने जनसमूह को एटीएम, गूगल पे, भीम ऐप, फोन पे, हिम पैसा आदि डिजिटल माध्यमों से लेनदेन करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि डिजिटल माध्यम से लेनदेन करते समय सावधानी बरतें, अपना एटीएम का नंबर, पिन नंबर, आधार कार्ड नंबर, ओटीपी, सीवीवी नंबर किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। शिक्षा ऋण, सामाजिक सुरक्षा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समेत बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ अपनी आवश्यकता अनुसार, होशियारी, समझदारी व जिम्मेदारी से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की बैंक सखी रानू देवी नेहा सेन सुलोचना व बैंक मित्र संदीप चौरसिया संजय दिवाकर व विपिन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुबह छाया रहा कोहरा, दोपहर में निकली धूप

कौशाम्बी। दोआबा में गलन भरी ठंड का सितम जारी है। अचानक पछुआ के साथ ठंड एकाएक बढ़ गई है। मंगलवार की सुबह कोहरा छाया रहा। दोपहर में थोड़ी देर के लिए धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद शाम होते-होते फिर ठंड बढ़ गई।

## संक्षेप

### मांगो को लेकर वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**लालगंज।** बार कौंसिल के आहवान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने यहां तहसील मे राजस्व अदालतो तथा सिविल न्यायालय मे न्यायिक कामकाजों का बहिष्कार किया। अधिवक्ता सुरक्षा कानून तथा बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन समेत कई मांगो को लेकर वकीलों ने प्रदेश व्यापी हडताल के तहत तहसील परिसर से लेकर नेशनल हाइवे तक जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलो ने सरकार पर अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं मे वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा अधिवक्ताओं से जुडी कल्याणकारी योजनाओं मे बजट का आवंटन न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभा को संबोधित करते हुए रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि वकीलों पर रोज कातिलाना हमले हो रहे हैं ऐसे मे उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा कानून फौरन प्रभावी बनाया जाना चाहिए। वकीलों की तहसील परिसर से लेकर सडक पर नारेबाजी की जानकारी पाकर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह वहां पहुंचे और वकीलों का संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र लिया।

# ज्वैलरी की दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी

**चोरी**

**कंधई थाना क्षेत्र के मकरा बाजार की घटना**

**पट्टी।** ज्वैलरी की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे गहने व पैसे उठा ले गये। सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कंधई थाना क्षेत्र के मकरा बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों दशरथ पुर गांव निवासी जितेंद्र सोनी की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जितेन्द्र का कहना है कि प्रतिदिन की तरह वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। बीती रात चोर सटर तोड़कर दुकान में घुस गये और अलमारी की तिजोरी को तोड़कर लाखों रुपए का गहना



चोरों द्वारा तोड़े गये शटर को देखते लोग

और नगदी आदि लेकर चंपत हो गए। मंगलवार की सुबह पीड़ित को इसकी जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष कंधई का कहना है कि मामले की जानकारी है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## नशेड़ी महिला का स्टेशन पर हंगामा

**मौके पर पहुंचे आरपीएफ वालों से करती रही सवाल**

**प्रतापगढ़।** नशे में टल्ली महिला स्टेशन के बाहर और अंदर हंगामा करती रही। कंधे पर बैग टांगे गिरती फिर उठती। लोगों को गालियां बक रही थी। सूचना पर पहुंची को उसे काबू में करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

दोपहर में एटीएम के सामने पीपल के पेड़ के नीचे बैठी महिला नशे में चूर थी। वह गालियां बक रही थी। एसएस ने इसकी सूचना आरपीएफ और जीआरपी वालों को भिजवाई। आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक गए तो महिला ने उसने उनका ही परिचय पूछना शुरू कर दिया। बेचारे वहां से निकलने में भलाई समझी। काफी भीड़ लग गई थी। उसके बाद महिला गिरते पड़ते प्लेटफॉर्म के अंदर दाखिल हो गई। यात्रियों से उलझने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह महिला पर काबू पाया।

# दबंगों ने शिक्षक पर किया जानलेवा हमला

**हमला**

**लाठी- डंडे से पीटने के साथ की फायरिंग**

**पट्टी।** घर से विद्यालय के लिए निकले शिक्षक को रास्ते में रोककर बदमाशों ने हॉकी, डंडे से पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की नीयत से बदमाशों ने शिक्षक पर फायरिंग भी की। हेलमेट में गोली लगने से शिक्षक की जान बच गई। इस दौरान शिक्षक को गंभीर चोटें आई। गंभीर हालत में शिक्षक सीएचसी पट्टी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के परदाहा गांव निवासी अशोक सिंह (50) पृथ्वी पाल सिंह इंटर कॉलेज दाउदपुर में सहायक शिक्षक के पद पर तैनात है। मंगलवार की सुबह वह घर से विद्यालय के लिए निकले थे। जैसे ही वह नारंगपुर बाजार के पास पहुंचे पीछे से करीब आधा दर्जन लोगों ने उनकी बाइक रोक ली और उन्हे लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान दबंगो ने जान से मारने की नीयत से उनपर गोली भी चलाई। गनीमत रही कि गोली



घायल शिक्षक का इलाज करते डॉक्टर

उनके हेलमेट को पार करते हुए निकल गई। मामले में पीड़ित ने आरोपियों पर 70 हजार नगदी, सोने की चेन, मोबाइल व घड़ी भी छीन लेने का आरोप लगाया है। घटना के बाद शिक्षक कोतवाली पहुंचा जहां पर पुलिस मेडिकल के लिए उन्हें सीएचसी पट्टी ले गई। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल शिक्षक नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी नंदलाल सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पीड़ित शिक्षक दहशत में है।

## संक्षेप

### सपा कार्यालय पर कपूर्री ठाकुर की मनाई गई जयंती



**प्रतापगढ़।** मंगलवार को शहर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कपूर्री ठाकुर का 99वां जन्मदिवस मनाया गया। सपा के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर राजनीति में उनके योगदान विषय पर गोष्ठी की गई।अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन पूर्व जिलामहासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक के नाम से मशहूर समाजवादी नेता थे। वह पढ़ाई छोड़कर भारत छोड़ो आंदोलन में कूदे। उन्होने 26 महीने जेल में बिताए। उन्होने स्वतंत्रता के बाद अपने गाँव में शिक्षक के रूप में काम किया। 1952 में बिहार विधानसभा के सदस्य बने। वह उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए इन्होनें पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। उनका जीवन लोगों के लिया आदर्श से कम नही है। वह दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और जून 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होने बिहार में शराब पर प्रतिबंध लगाया था। हम सभी समाजवादी साथियों को ऐसे महान नेता के पदचिन्हों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दिया जा सकता हैं। इस अवसर पर रानीगंज विधायक डॉ.आरके वर्मा, पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना यादव, सैलून एसोसिएशन अध्यक्ष महेन्द्र कुमार शर्मा, शकील सलमानी, सचिन शर्मा, राम चन्दर शर्मा, शिवमणि शर्मा, रामबाबू शर्मा, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा, दिनेश शर्मा, संतोष शर्मा, भईयाराम पटेल, अश्वनी सोनी, नरेंद्र पाल एडवोकेट, आशुतोष पाण्डेय, जगदीश मौर्या, बृजेश यादव, विनय प्रताप सिंह, पं.करोड़ीमल शर्मा, यशवर्धन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रंगोली तथा चित्रकला में मेधावियों ने दिखाया हुनर



**लालगंज।** स्थानीय ब्लाक के पूरे तिलकराम स्थित प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने किया। लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने अपने संबोधन मे बालिकाओं को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता दी। वहीं बाल विकास परियोजना की मुख्य सेविका पूर्णिमा मिश्रा व इन्द्रकली सरोज ने नारी सशक्तीकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे सशक्तीकरण कार्यक्रमों की बालिकाओं को जानकारियां प्रदान की। एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने अपने संबोधन मे बालिका सुरक्षा को विकास के वातावरण के लिए सबसे जरूरी ठहराया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरिजानंद कनौजिया ने बालिका दिवस के उददेश्य पर प्रकाश डाला। आर्थिक अनुसंधान कमेटी की कामना तिवारी ने बालिकाओं से जुडे कल्याणकारी मिशन की बिंदुवार जानकारियां दी। बालिका दिवस पर विद्यालय में बालिकाओं द्वारा रंगोली तथा मेंहदी व नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहजनक भागीदारी के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद सरोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व विष्णु कुमार सिंह ने संचालन किया। इस मौके पर माधुरी सिंह, शिवशक्ति मिश्रा, सुनील कुमार सरोज, राकेश त्रिपाठी, अंकिता, दिनेश शर्मा, विवेक, सुदामा वर्मा आदि रहे।

## सीआरओ ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना की समीक्षा



नौढ़िया में गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर स्थलीय निरीक्षण करते सीआरओ राकेश प्रताप सिंह

**लालगंज।** सीआरओ ने मंगलवार को तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीआरओ राकेश प्रताप सिंह ने तहसील मे राजस्व वसूली तथा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। सीआरओ के अचानक तहसील आ धमकने से यहां हडकंप मच गया। सीआरओ ने निरीक्षण के दौरान तहसील मे संपूर्ण समाधान दिवस के लंबित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के बाबत भी जानकारियां ली। वहीं राजस्व वसूली को लेकर संग्रह अमीनों से अभियान तेज करने को कहा। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने उन्हें वांछित प्रगति से अवगत कराया। इसके बाद सीआरओ राकेश सिंह तहसीलदार के साथ तहसील के नौढ़िया गांव पहुंचे और वहां गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। सीआरओ ने एक्सप्रेसवे से जुड़े किसानों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

# ट्रेन में लाखों की लूट के बाद खाकी के होश उड़े

**छिनैती**

**अमेठी यार्ड में बैग छीनकर चलती ट्रेन से कूदा बदमाश**

**प्रतापगढ़।** आनंद बिहार से बनारस जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में मंगलवार को अमेठी स्टेशन पर बदमाशों ने एक यात्री को लूट लिया। यात्री किसी केंद्रीय मंत्री का करीबी बताया जाता हैं। घटना से हड़कंप मच गया। आरपीएफ और जीआरपी के लोग घटना स्थल पर रवाना हो गए।

गरीब रथ अमेठी स्टेशन से चली थी कि कोच नंबर जी बारह में हल्ला मचा। पता चला कि बदमाश ने शुभम तिवारी नाम के यात्री को लूट लिया हैं। लूटने वाला चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। इस घटना की खबर प्रतापगढ़ वालो को हुई तो हड़कम्प मच गया। प्रतापगढ़ ट्रेन आई तो आरपीएफ और जीआरपी वाले कोच के सामने



मौके पर जुटी भीड़

पहुंचे। लूट के शिकार हुए यात्री शुभम राज तिवारी से मिले। उसने बताया कि जो बैग लेकर बदमाश कूदा है। उसमें लाखों रुपए थे। यह सुनकर पुलिस वालों के होश फाख्ता हो गए। वे टालमटोल करने लगे। लेकिन जब उन्हें पता चला कि शुभम किसी केंद्रीय मंत्री का करीबी है तो खाकी ने अपने को संभाल लिया और उससे कायदे से पेश आने लगे। हालांकि उसने यहां के लोगों को देख एफआईआर बनारस में करने की ठानी और इनसे मिलकर चला गया। पता चला है कि कोच में महकमे का पुलिस दस्ता भी ड्यूटी पर था। उसके बावजूद भी लूट हो गई।

# जंक्शन पर बिना बिजली के लहराएगा सौ फीट ऊंचा तिरंगा

**तैयारी**

**स्टेशन परिसर में बने पार्क के सामने खड़ा हुआ झंडे का पोल**

**पोल में कनेक्शन देने से पावर हाउस ने खड़े किए हाथ**

**प्रतापगढ़।** 26 जनवरी को जंक्शन परिसर में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लहराने की पूरी तैयारी हो चुकी है। मंगलवार को इसके लिए भारी-भरकम पोल मशीन की सहायता से फाउंडेशन पर रखा गया। चूंकि यह बिजली से चलने वाला झंडा है लेकिन इसमें बिजली आपूर्ति नहीं की गई है। यहां के पावर हाउस के अधिकारियों ने यह कहकर कनेक्शन देने से हाथ खड़े कर दिए कि उनके पास थ्री फेज लाइन की व्यवस्था वर्तमान में नहीं है। अगर अभी फौरी तौर पर ऐसा किया भी जाता है तो स्टेशन की बिजली खराब हो सकती है। जो वे नहीं



तिरंगा झण्डा फहराने के लिए पोल खड़ा करते हुए

चाहते हैं। दूसरे टेंडर वगैरह का भी लोचा है। स्टेशन परिसर में सौ फीट ऊंचा राष्ट्रीय झंडा लगाने की कवायद काफी समय से चल रही है। लेकिन वह पूरी नही हो पा रही थी। कोई न कोई अड़चन आ रही थी। 24 जनवरी को कवायद को अमली चोला पहनाया गया। कई दिन से आके रखे भारी भरकम पोल को मंगलवार को मशीन की मदद से लगाया गया। इसको लगाने आए ठेकेदार सुधीर ने बताया कि पोल सौ फीट ऊंचा है। सूत्रों के अनुसार पोल बिजली से स्वचालित होना हैं। इसकी मदद से ऊंचाई तक तिरंगा को ले जाने और उतारने के लिए पोल में तीन फेज की मोटर लगाई गई है। जो बिजली से चलेगी। लेकिन अफसोस लोग इस तिरंगे को बिजली से चलता लोग नहीं देख सकेंगे। क्योंकि रेल जैसे बड़े विभाग के पास इसको बिजली देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मोटर थ्री फेज से चलनी हैं। इतनी क्षमता रेलवे स्टेशन के बिजली के तारों में नहीं हैं। इस बारे में एसएसई पावर रामकिशुन ने बताया कि पोल की मोटर थ्री फेज की है। उसको चलाने के लिए बिजली देने की कूवत उनमें नहीं हैं। उच्च अधिकारी ही इसमें कुछ कर सकते हैं। फिलहाल फौरी तौर पर इसको हाथ से भी चला सकते हैं। समय अधिक लगेगा बस। लोगों का कहना है फिर इतना दिखावा करने की क्या जरूरत है। तिरंगा तो पहले की तरह स्टेशन बिल्डिंग में शान से लहराया जा सकता है। फिलहाल रेलवे को इसमें तो कत्तई कंजूसी करनी ही नहीं चाहिए।



लालगंज इंदिरा चौक पर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते भाजपाई

### भाजपाईयों ने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का फूंका पुतला, की नारेबाजी

**लालगंज।** समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर मंगलवार को यहां तहसील मे लोगों का आक्रोश भडक उठा। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ नारेबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील गेट पर इकटठा हुए। यहां से स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला लेकर जुलूस निकाला। नारेबाजी करते लोग लालगंज इंदिरा चैक पर पहुंचे और स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन कर विरोध जताया। लोगों ने कहा कि रामचरित मानस हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा है। इसके खिलाफ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दास्त नही की जाएगी। इस मौके पर बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, हेमन्त पाण्डेय, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, राजेश तिवारी, दिवाकर द्विवेदी, अनिल शुक्ल, मिथलेश जायसवाल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, लवकुश पाण्डेय, कामता प्रसाद पटेल, उमेश मिश्र, पंकज मिश्र, हरेकृष्ण तिवारी, दयाराम वर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# दरोगा के माँ की धारदार हथियार से हत्या

**प्रतापगढ़।** दरोगा की बुजुर्ग मां की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। अंदेशा है कि चोरों ने चोरी करते समय आहट होने पर बुजुर्ग महिला जाग गई थी और उनके शोर मचाने से पहले ही चोरों ने उनकी हत्या कर दी होगी। मृतक के बेटे की तैनाती कानपुर में दरोगा के पद पर है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए भेजा।

कोहड़ौर थाना क्षेत्र के लौली पुख्ता खाम गांव की मृतक मंजू (65) पत्नी स्व. विजय बहादुर के तीन बेटों में एक बेटा मोहित कानपुर में दरोगा के पद पर तैनात है। जबकि अन्य दो बेटे भी सरकारी नौकरी करते हैं। बीती रात दो संदिग्ध घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे तभी बरामदे में सो रही बुजुर्ग महिला आहट पाकर जग गईं। महिला के आवाज लगाने के बाद घर में घुसे बदमाशों ने धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। आवाज सुनकर घर के अंदर सो रही उसकी बहू भी जग गई और जब तक वह बाहर निकलीं तब तक बदमाश हत्या कर फरार हो गए थे। पुलिस के मुताबिक गांव के लोगों ने एक पर हत्या का शक जताया है। उनका कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है और वह चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए ही घर में घुसा था। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्रा का कहना है कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और हत्या का जल्द ही खुलासा होगा।





तहरीर देने जाते अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद

## स्वामी प्रसाद हिंदू विरोधी, माफी मांगनी होगी

**पट्टी।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीरामचरित मानस पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले से लोगों में खासा गुस्सा है। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद उर्फ बिंदु पाठक ने कहा कि स्वामी प्रसाद को जेल भेजा जाए।

वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि जिस तरह स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्रीरामचरित मानस पर सवाल उठाए हैं। इससे प्रतीत होता है कि वह हिंदू धर्म के घोर विरोधी है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान पर हिंदू संगठनों में खासा आक्रोश है। उन्हें हिन्दू समाज से माफी मांगनी होगी। प्रदेश सरकार स्वामी प्रसाद मौर्य पर मुकदमा दर्ज कराए। इस मौके पर अमरीश तिवारी, देवेंद्र शुक्ला, नंदन चतुवेर्दी, अरविंद पांडे, अंजनी शुक्ला, सूरज सिंह, विपिन सिंह, मनीष सिंह, संतोष तिवारी, आलोक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न विभागों से 10697 करोड़ का प्राप्त हुआ निवेश : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिले के तुलसीसदन (हादीहाल) में मंगलवार को 24 से 26 जनवरी के बीच चलने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' समारोह का भव्य शुभारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सम्मिलित हुये। इस दौरान डीएम डा0 नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, एडीएम वित्त त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीएमओ डा0 जी0एम0 शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर अवसर पर सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों ने तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। उत्तर प्रदेश दिवस में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत जिले व बाहर से आये निवेशकों एवं उद्यमियों ने प्रतिभाग किया व अपने निवेश प्रस्ताव सौपे। बताया गया कि एटीएल भूमि शीघ्र ही उद्योग स्थापना हेतु सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित कर दिया जायेगा।



समारोह में उपस्थित लोग

डीएम ने कहा कि जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट के तहत जनपद को विभिन्न विभागों के माध्यम से 10697 करोड़ रुपए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है। जिसके अन्तर्गत प्रमुख रूप से एम0एस0एम0ई विभाग, उद्यान विभाग, सौर ऊर्जा विभाग, यूपी सीडा आदि विभागों को निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये है। उन्होंने कहा कि जनपद में इस समय भयमुक्त वातावरण स्थापित हो चुका है। ऐसे में जनपद प्रतापगढ़ की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है। आज यहां विभिन्न प्रकार के उद्योगों में लोग काम कर रहे है। उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। पुलिस अधीक्षक ने निवेशकों को शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। अन्य जनपदों के उद्यमियों से निवेश करने का अनुरोध किया। एसपी ने कहा कि उनका लक्ष्य पूर्ण रूप से जनपद को अपराध मुक्त करना है। अपराध और अपराधियों के लिये जीरो टॉलरेन्स नीति को अपनाया गया है। इस अवसर पर उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को जनपद में विकास व कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर निवेश का माहौल बनाने के लिये सम्मानित किया। अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन, टैबलेट का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु हॉकी में प्रशान्त शुक्ला एवं कुश्ती में वर्षा राजे को सम्मानित किया गया। विकास खण्ड स्तर एवं जनपद स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मंगल दल के लाभार्थी अरविन्द मौर्या, राहुल कुमार पाल, संदीप कुमार, सूर्यभान, गंग कुमार को स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, उद्यमियों में प्रमुख रूप से अनुराग खण्डेलवाल, मो0 अनाम, राजेन्द्र केसरवानी, रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।

## जनसंपादकीय

# बेटियों का हासिल



**जयप्रकाश पांडेय**

ओलिंपिक, एशियाड ,कामनवेल्थ में भारत का परचम लहराने वाली मादरे हिंद की बेटियां रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के दमनकारी आचरण एवं यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर के पूस -माघ की सर्द में तीन दिन जंतर मंतर पर धरने पर बैठी रहीं। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक सहित 30 से अधिक धरने पर बैठे रेसलरों में रोती हुई विनीश की तस्वीर में वस्तुतः हाथरस की बेटी, अंकिता भंडारी एक बार फिर से मरती है। जंतर मंतर पर विनेश फोगाट के आंसू महज एक लड़की की बेबसी और भावना में निकले आंसू नहीं है।यह पितृसत्तात्मक समाज की मर्दवादी चक्की में पिसती हुई आधी आबादी की साझी पीड़ा की मूक अभिव्यक्ति है। सरकार द्वारा एक जांच समिति के गठन एवं चार सप्ताह में रिपोर्ट आने तक फेडरेशन के अध्यक्ष की शक्तियों की सीज करने के आश्वासन से संतुष्ट होकर भले ही बेटियों ने जंतर मंतर छोड़ दिया लेकिन उन्होंने नारी विमर्श का नया अध्याय जोड़ दिया है। यह हमारे देश की विडंबना है कि आजादी के बाद भी मध्यकालीन मर्दवादी सोच रखने वाली सामंती ताकतों ने ग्रामीण क्षेत्र में हाशिए के समाज की बेटियों का यौन उत्पीड़न बदस्तूर जारी रखा।नागार्जुन की हरिजन गाथा एवं जनसंस्कार वाले अदम गोंडवी की कालजई कविता चमारों की गली में सरजूपार की मोनालिसा(कृष्णा) के शीलहरण के त्रासद दृश्यों में यह सच्चाई देखी जा सकती है। इन रचनाओं एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों में बेटियों के यौन उत्पीड़न के गुनहगारों की रक्षा में जाति पंचायतें और समूचा प्रशासन खड़ा हो जाता है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार हाथरस की त्रासदी,कुलदीप सिंह सेंगर, चिन्मयानंद और अब बृजभूषण सहित सभी यौन उत्पीड़न की घटनाओं में बेटियों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने के बजाय गुनहगारों को बचाने की कोशिश करती है। चिन्मयानंद पर बलात्कार से संबंधित मुकदमें सरकार ने वापस ले लिए। न तो फरार घोषित चिन्मयानंद की गिरफ्तारी हो सकी न ही तथाकथित बुलडोजर उनके आलीशान महलों पर खरोंच लगा सके।यदि न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करता तो यह सारे केस ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते।

नारी घर की चारदीवारी में अपना वजूद मिटाकर हाशिए पर खड़ी होकर भी परिवार के सदस्यों को भावनात्मक सहारा देती है। लेकिन वह चौखट के भीतर भी हिंसात्मक व्यवहार झेलती है और चारदीवारी के बाहर स्कूल, बाजार, कार्यालय हर जगह देह से शोषित है। इतने शोषण में जीते हुए भी जब हमारे देश की बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में हमारे लड़कों की तुलना में अधिक मेडल हासिल कर रही हो,ऐसे में रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप से समूचे उत्तर प्रदेश को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। दबंग प्रकृति के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का विवादों से चोली दामन का रिश्ता रहा है। 1995- 96 में दाऊद के गुर्गों को शरण देने के लिए इन्हें जेल की हवा खानी पड़ी थी। न्यायालय ने सीबीआई के नरम रवैया के प्रति सख्त टिप्पणी करते हुए रिहाई दी थी। गोंडा जनपद में बलात रूप से जमीन हासिल कर विद्यालय बनवाने, संगठित नकल कराने, अवैध खनन कराने के आरोप उन पर लगते रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री ने गोंडा में चुनावी सभा में नकल का जिक्र किया था। बाबा रामदेव, राज ठाकरे के विरोध के साथ ही स्वर्गीय पंडित सिंह पर अनर्गल आरोप एवं फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह और योगी सरकार हमला करने से भी उन्होंने गुरेज नहीं किया। दरसल एक महिला का यौन उत्पीड़न किसी सिरफिरे पुरुष की सनक का परिणाम नहीं है, बल्कि बलात्कार स्त्री पर पुरुष के वर्चस्व की धारणा से विकसित पितृसत्ता का ऐतिहासिक शस्त्र है जिसका दंश मिश्र, यूनान,रोम, बेबीलोन की प्राचीन सभ्यताओं से आज तक की आधी आबादी झेल रही है। गुजरात दंगों में बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार तथा परिवार के सदस्यों के कत्ल के गुनहगारों की भाजपा सरकार द्वारा माफी की घोषणा एवं उनकी रिहाई पर भाजपाइयों द्वारा जश्न के आयोजन इसी पितृसतात्मक सोच की आधुनिक मिसाल पेश करते हैं।


आधुनिक भारत के सभी महान चिंतकों एवं सुधारकों - राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद, भी विवेकानंद, ज्योतिबा फुले, पेरियार महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर, डॉक्टर लोहिया आदि ने समाज और राष्ट्र के आधुनिकीकरण में आधी आबादी को बराबरी का दर्जा एवं उनके सशक्तिकरण को अनिवार्य बताया है। इन महापुरुषों ने स्त्री पुरुष समानता को केवल नैतिक बंधनों पर आश्रित ना बनाकर उसे वैधानिक स्तर पर स्थापित किया। सती प्रथा अधिनियम 1829, विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856,एज आफ कंसेंट एक्ट 1891 एवं शारदा एक्ट 1928 आदि कानूनों के सहारे महिलाओं को बराबरी देने का प्रयास हुआ। संविधान ने सभी लिंग आधारित वर्जनाओं को खंडित कर दिया। किंतु महिला आजादी का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज हिंदू कोड बिल-1951है। महिलाओं को बहुविवाह से मुक्ति ,उन्हें पुरुषों के समान तलाक एवं संपत्ति के अधिकार देने वाले हिंदू कोड बिल का सर्वाधिक विरोध वर्तमान भाजपा के वैचारिक संरक्षकों ने किया। जनसंघ के सांसदों ने सदन में बिल का विरोध किया तो करपात्री जी की रामराज्य परिषद ने सदन के बाहर हंगामा किया, संघ परिवार ने पूरे देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। बाबा साहब के कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र के पीछे संघ का विरोध प्रदर्शन काफी हद तक जिम्मेदार था। स्त्री-पुरुष के शारीरिक भेद को सामाजिक विभेद में बदल देने वाली हर संस्था,परंपरा एवं आचरण के विरुद्ध एक तार्किक एवं लोकतांत्रिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है।

जंतर मंतर पर अपना धरना भले ही मादरे हिंद की बेटियों ने समाप्त कर दिया। बहुत संभव है कि जांच के बाद भी नौकरशाही के भरोसे संचालित मोदी सरकार तकनीकी पेचेदगी के बहाने यथास्थिति कायम रखने में सफल हो।भविष्य में न तो खेल संस्थाएं राजनीतिक नेतृत्व से मुक्त हो सके न ही विश्वस्तरीय खेल ढांचा विकसित हो सके। लेकिन फेडरेशन के अध्यक्ष की निरंकुशता और उनके यौन उत्पीड़न के खिलाफ धरने पर बैठने के बेटियों के साहस ने प्रतिरोध और संघर्ष का राजपथ दिखा दिया है। इस पथ पर चलकर हमारी बहन-बेटियां मर्दवादी सोच और आचरण के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद लड़ सकेंगी। खेल की दुनिया में महिला खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर प्रतिष्ठा एवं आर्थिक सुविधा हासिल नहीं होती।यह देश का दुर्भाग्य है कि प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल संस्थानों का नेतृत्व राजनेताओं के पास है। बीसीसीआई के सचिव पद पर गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण धूमल केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई हैं तो रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का कब्जा बना हुआ है। इनमें किसी के पास राष्ट्रीय स्तर पर खेल का अनुभव नहीं है न ही कोई विजन प्रदर्शित होता है। कुश्ती कबड्डी भारतीय लोक परंपरा के खेल हैं। आज भी भारत के सभी छःलाख गांवों में लोकप्रिय है। क्रिकेट की तुलना में इन खेलों में किसी विशेष बुनियादी संरचना की जरूरत नहीं होती।स्वाभाविक रूप से भारत इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में अच्छी सफलता प्राप्त करता है। चीन से अधिक युवा आबादी का देश होने के बावजूद ओलंपिक, एशियाड में उसके प्रदर्शन के सापेक्ष हमारी स्थिति अपमानजनक है। इसलिए सरकार को खेलों का एक पारदर्शी,प्रतिस्पर्धी एवं विश्वस्तरीय ढांचा विकसित करने को प्राथमिकता देनी होगी। खेल संस्थानों में ऐसा लोकतांत्रिक परिवेश सृजित करना होगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग पर आधारित विभेद से किसी खिलाड़ी को मानसिक यंत्रणा से न गुजरना पड़े सभी खिलाड़ी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन राष्ट्र को अर्पित कर

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क :7007189758)**

# आक्सफैम रिपोर्ट: भारत में गैर बराबरी की इंतहा

## प्रसंगवश



**विमलशंकर सिंह**

इसी 16 जनवरी को ही ऑक्सफैम इंडिया नें भारत में असमानता की बढ़ती, विकराल रूप लेती स्थिति की जो रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसकी तुलना संभवतः लंका में भगवान हनुमान की बढ़ती पूँछ से ही की जा सकती है । इस रिपोर्ट में भारत में असमानता की प्रयलंकारी गंगा बहती दिखाई देती है जो कि समाज, सरकार और उसकी नीतियों को आईना दिखाती प्रतीत होती है ।

रिपोर्ट बताती है कि देश की सबसे धनी एक प्रतिशत जनसँख्या के पास देश की कुल सम्पति का 40.5 प्रतिशत है। देश की 10 प्रतिशत सबसे सम्पत्तिवान वर्ग के पास देश की 72 प्रतिशत सम्पति है ।इसके विपरीत देश की ही 50 प्रतिशत सबसे गरीब आबादी के पास मात्र 3 प्रतिशत सम्पति है। तो क्या यह स्तब्ध कर देने वाली रिपोर्ट नहीं है ? अनेक हैरान कर देने वाले तथ्यों का उद्घाटन करने वाली इस रिपोर्ट का नाम ह्यसर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट-दी इंडियन स्टोरीह्व है और यह रिपोर्ट बताती प्रतीत होती है कि विश्व में संपन्न वर्ग ही जीवंत जीवन जीने का हकदार होगा और असमानता के कारण, विपन्न वर्ग का नामों निशान बचेगा भी कि नहीं, सदा संशय बना रहेगा । यह रिपोर्ट यह भी उद्घाटित करती है कि हम विश्व विजेता और गुरु बन चुकें हैं जग में, असमानता और गैर बराबरी को बढ़ाने के दंगल में। असमानता की यह आंधी, गाँधी, नेहरू, अम्बेडकर और अमर्त्य सेन के उस देश में बहती दिखाई देती है जहाँ समानता और ट्रस्टीशिप के सिद्धांतों को बुना गया; जहाँ गरीब रहनुमा, गरीब परवर और मसीहा बनने की उद्घोषणा समय समय पर हमने की ।लेकिन प्रश्न तो यह है कि क्या 21 वी शताब्दी का भारत अब, समाजवादी समाज की जगह, सामंतवादी समाज बनने की राह पर तो नहीं चल पड़ा है ? अभी तो आजादी के महज पचहत्तर वर्ष ही बीते हैं; अमृत महोत्सव काल चल रहा है और हम लगता है कि आजादी के पूर्व के काल के सामंतवादी युग में कदम रख भी चुके हैं नव उदारवादी आर्थिक मॉडल चुन कर । आइये देखें कि रिपोर्ट ने क्या खुलासा किया है ?

भारत में केवल दस सबसे धनी व्यक्तिओं को देखें तो उनकी कुल सम्पति सन 2022 में रु. 27.52 लाख करोड़ थी । देश के सबसे समृद्ध 100 धनवानों की सम्मिलित सम्पति इसी समयावधि (सन 2022) में बढ़ कर रु. 54.12 लाख करोड़ हो चुकी थी। यह धनराशि भारत सरकार के डेढ़ वर्ष के सम्पूर्ण बजट के बराबर है या बजट के खर्च को पूरा कर सकती है। जरा सोचिये तो इसी धनराशि की व्यवस्था करने में भारत सरकार को कितना पापड़ बेलना पड़ता है और आम जनता के दिन का चैन और रात का आराम, हराम हो जाता है कर देने की चिंता में । तो क्या कुबेर का खजाना कुबेरपतियों के हाथ, नहीं लग गया है? चौंकाने वाला तथ्य तो यह भी रहा कि इन दस महानुभाओं की सम्पति में सन 2021 में 32.8 प्रतिशत से वृद्धि भी हुई थी । तो जैसे च्युटा-गुड़ की तरफ आकर्षित होता है वैसे ही धन, धनवानों की तरफ आकर्षित होता गया है हिन्दोस्तान में ।

ये आंकड़े तो कुबेरपतियों के सम्पति सम्बन्धी हैं। लेकिन कुबेरपति कितने हैं देश में, आइये जानें । देश में बिलिनायर्स की संख्या सन 2020 में 102 थी । सन 2021 के कोरोना काल में इनकी संख्या बढ़ कर 142 हो गई । तो जैसे जैसे कोरोना बढ़ता गया, वैसे वैसे ही बिलिनायर्स भी बढ़ते गए देश में । तो कोरोना, बड़ा सुखदाई, फलकारी साबित हुआ इन धनवानों के लिए । सन 2022 में इनकी संख्या और बढ़ कर 166 हो गई है । तो रिपोर्ट बताती है कि हाल के वर्षों में बिलिनायर्स के अच्छे दिन आ गए हैं । दूसरी तरफ, देश में गरीबों की फौज बढ़ती जा रही है जिनको की जिन्दा रहने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं । भूख से संत्रस्त भारतीयों की यह संख्या सन 2018 में 190 मिलियन (19 करोड़) थी जो सन 2022 में बढ़ कर 350 मिलियन (35 करोड़) हो गई ।सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण रहा है।देश में 22.89 करोड़ अत्यंत गरीब भी हैं । भारत में अत्यंत गरीबों की यह संख्या विश्व में सर्वाधिक है । तो क्या हम गरीबी के सम्बन्ध में ही विश्व गुरु नहीं बन गए हैं अब? क्या यह सच नहीं की 80 करोड़ गरीब जनसँख्या के दो जून की रोटी अब उस मुफ़्त के अनाज पर निर्भर है जो उसे सरकार कोरोना काल से दे रही है ? क्या वह इसी अनाज पर जिन्दा नहीं है ? तो एक तरफ 166 बिलिनायर्स हैं, जिनकी सम्पति को सहेज कर रखने में भारत माता की झोली छोटी पड़ती जा रही है तो दूसरी तरफ 142 करोड़ असहाय जनसँख्या है, जो भूख, गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई, स्वास्थ्य आपदा और उधार के भार से संत्रस्त और दबी पड़ी है। तो असमानता की ऐसी आंधी एवं स्थिति न केवल शोचनीय एवम भयावह है अपितु अनेक प्रश्न भी खड़ी करती है। यदि ऐसी गैर बराबरी ही होनी थी तो हमने लोकतंत्र एवं सरकार क्यों चुना ? सरकार मात्र 166 परिवारों के लिए ही चल रही है क्या ? क्या आजादी की जंग इसीलिए लड़ी गई थी कि उंगली पर गिने हुए कुछ पूंजीपति, सामंत बनते नजर आए । ग्रोथ बढ़ाने के संकल्प का परिणाम यदि 142 करोड़ जनसँख्या में से केवल 166 महानुभावों को ही मिलना था तो ऐसे संकल्प का क्या फायदा ? गरीबों और आम जनता के पढ़ाई, दवाई, कमाई के प्रश्न यदि हासिये पर चले जाँय और जनता, सरकारों की कमाईका साधन बन कर रह जाय तो आम इंसान कराह नहीं उठेगा क्या? यही बात ऑक्सफैम की यह रिपोर्ट बताते बताते थक जाती है।

ऑक्सफैम रिपोर्ट बताती है कि एक तरफ आम जनता की नुमाइंदगी करतीं सरकारों ने आम जनता पर करों का बोझ बढ़ाया है तो धनपतियों को अनेक छूट देकर नवाजा भी है । कोरोना आने के पूर्व ही केंद्रीय सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत कर दिया था ।नई स्थापित कम्पनियों के लिए यह दर केवल 15 प्रतिशत कर दी गई थी । फलस्वरूप राजस्व में रु.1.8 लाख करोड़ का नुकसान हुआ था। तो प्रश्न तो यह है की इस नुकसान की भरपाई कैसे हो रही है,किसने की? नुकसान की भरपाई करने के लिए गरीब जनता तो थी ही । गरीब जनसँख्या पर जीएसटी लगा कर, बढ़ा कर, विस्तृत करके और साथ ही पेट्रोल और डीजल पर ऊंची कीमत वसूल कर नुकसान की भरपाई की जा रही है । हम-आप आटा, चावल, दाल, दूध, दही, छेना, पनीर, लस्सी, मछली पर जीएसटी नहीं दे रहे हैं क्या ? क्या हम सभी प्रत्यछ और अप्रत्यछ टैक्स की भारी दर नहीं दे और झेल रहे हैं? रिपोर्ट बताती है कि आम जनता, खास जनता (धन कुबेरों) की तुलना में ज्यादा टैक्स देती है। देश की सबसे गरीब 50 प्रतिशत जनसँख्या, सबसे अमीर 10 प्रतिशत आबादी की तुलना में छह गुना ज्यादा अप्रत्यछ कर देती है। इसी तरह भोज्य और गैर भोज्य पदार्थों पर से वसूले जा रहे कर का 64.3 प्रतिशत तो सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी से ही प्राप्त होता है ।तो पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने और जीएसटी लगने से महंगाई भी तो बढ़नी ही थी। तो जनता की जेब से पैसा निकलता गया है । किन्तु पैसा गया कहाँ ? बढ़ती महंगाई से तो कुबेरपति ही मालदार हुए हैं। तो आम जनता आज दोहरी मार झेल रही है । एक तरफ उनकी नुमाइंदगी करती सरकारों ने करों का बोझ उन पर डाला है तो दूसरी तरफ कुबेरपतिओं ने उन्हें निचोड़ा है । जनता की जेब से पैसा निकालता गया। जेबें खाली होती गईं और खरबपतियों की जेबें भारी होती गईं हैं ।

तो गरीबों पर अप्रत्यछ करों कि वृद्धि की मार गंभीर पड़ी है और कॉर्पोरेट टैक्स में भारी कमी से कंपनी क्षेत्र को विशेष फायदा हुआ है । इससे गैर बराबरी का विकराल रूप तो दिखना ही था। प्रश्न उठता है कि क्या खरबपतियों ने कोई गलत काम किया है? क्या वे देश के नागरिक नहीं हैं? वस्तुतः आय और सम्पत्ति बढ़ाने का अधिकार तो सबको है। उन्होंने बढ़ाया तो गलत क्या किया? जब तक गलत तरीके से कमाई न की जाए वह जायज होती है। तो गैर बराबरी को कौन कम करे? यह काम तो सरकार का है कि आय और सम्पत्ति के वितरण पर ध्यान दे। अरबी घोडा हवा से बात करता ही है यदि लगाम ढीली रहे ।उसी तरह उद्योगपतिओं और व्यापारिओं को बेलगाम छोड़ने पर, पूंजीवाद, सामंतवाद की राह पकड़ लेता है । समाजवाद तो कोसों दूर पीछे छूट ही जाता है । तो इसीलिए यह रिपोर्ट सरकार को सलाह देती दिखती है कि कुबेरपतियों की सम्पति पर सम्पति कर लगाने की आवश्यकता है ।लेकिन क्या होगा इससे? खरबपतियों की सम्पतियों पर एकमुश्त कर लगा कर बहुत बड़ी धनराशि एकत्रित की जा सकती है । दूसरी तरफ, जीएसटी और पेट्रोल पर टैक्स घटा कर आम जनता और अर्थव्यवस्था को भारी राहत दी जा सकती है । रिपोर्ट बताती है विश्व के तीसरे सबसे धनी पूंजीपति अडानी पर एकमुश्त कर से रु. 1.79 लाख करोड़ जुटाया जा सकता है । तो क्या इस धनराशि से अर्थव्यवस्था सुदृढ़ नहीं की जा सकती? क्या अडानी इसका विरोध करेंगे? उनका उत्तर, शायद- हां या शायद नहीं में होगा । किन्तु प्रश्न तो यह है कि सम्पति कर लगाने के पक्ष में क्या सरकार आगे बढ़ेगी, जिससे असमानता घटे और जनता की मुसीबतें कम की जा सकें । वस्तुतः, नव उदारवादी अर्थव्यवस्था के पोषकों को भी समझना होगा कि गैर बराबरी का सबसे बड़ा नुकसान और गुस्सा तो अंततः सरकार पर ही फूटता है ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्कः 9450545510)**

> देश में गरीबों की फौज बढ़ती जा रही है जिनको की जिन्दा रहने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं । भूख से संत्रस्त भारतीयों की यह संख्या सन 2018 में 190 मिलियन (19 करोड़) थी जो सन 2022 में बढ़ कर 350 मिलियन (35 करोड़) हो गई ।सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण रहा है।देश में 22.89 करोड़ अत्यंत गरीब भी हैं । भारत में अत्यंत गरीबों की यह संख्या विश्व में सर्वाधिक है । तो क्या हम गरीबी के सम्बन्ध में ही विश्व गुरु नहीं बन गए हैं अब? क्या यह सच नहीं की 80 करोड़ गरीब जनसँख्या के दो जून की रोटी अब उस मुफ़्त के अनाज पर निर्भर है जो उसे सरकार कोरोना काल से दे रही है ? क्या वह इसी अनाज पर जिन्दा नहीं है ?

# अरुणाचल जलविद्युत परियोजनाओं पर आशंकित हैं स्थानीय लोग

## सामयिकी



**दिनकर कुमार**

जिस समय जोशी मठ में जमीन खिसकने की घटना ने प्रकृति के साथ कारपोरेट और सरकार के खिलवाड़ को उजागर कर दिया है, उस समय देश के पूर्वोत्तर में भी प्रकृति को नष्ट करने के लिए जो विकास का पाखंड रचा जा रहा है उससे स्थानीय लोग तबाही के खतरे से बुरी तरह आशंकित हो रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश में दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना और प्रस्तावित एटालिन जलविद्युत परियोजना के डाउनस्ट्रीम में रहने वाले स्थानीय समुदायों ने ब्रह्मपुत्र घाटी में दिबांग उप बेसिन के 2016 के एक अध्ययन को लेकर चिंता जताई है, जिसमें कहा गया है कि रिपोर्ट में इन परियोजनाओं के तुरंत नीचे के क्षेत्रों पर प्रभाव के आकलन को छोड़ दिया है।

संचयी प्रभाव और वहन क्षमता अध्ययन, जो जुलाई 2016 में प्रकाशित हुआ था और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा स्वीकार किया गया था, केंद्र को 3,097 मेगावाट एटालिन जलविद्युत परियोजना और क्षेत्र में नियोजित 16 छोटी जलविद्युत परियोजनाओं पर निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन कर रहा है। दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

एटालिन परियोजना के निचले हिस्से में रहने वाले समुदायों ने बताया कि अध्ययन ने निचली दिबांग घाटी जिले पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन नहीं किया है। निचली दिबांग घाटी जिले के निवासियों ने 9 दिसंबर को पर्यावरण मंत्रालय की वन सलाहकार समिति को लिखे एक पत्र में कहा कि अध्ययन ने केवल 45 किमी से 490 किमी तक के बहाव पर प्रभाव का आकलन किया।

₹हम आपको अपने जनजातीय भाइयों और बहनों की ओर से लिखते हैं जो प्रस्तावित एटालिन हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (ईएचईपी) से प्रभावित होंगे, विशेष रूप से हमारी आजीविका, सुरक्षा और वन्य जीवन पर प्रभाव जो हम डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्र में संरक्षित करते हैं,₹ पत्र में लिखा गया है।

₹संचयी प्रभाव मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव मूल्यांकन है। दिबांग नदी बेसिन संचयी प्रभाव मूल्यांकन और वहन क्षमता अध्ययन रिपोर्ट असम में गुवाहाटी शहर तक नदी बेसिन में सभी परियोजनाओं का संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव मूल्यांकन करने का दावा करती है, लेकिन निचली दिबांग घाटी के भीतर ही डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्रों को पूरी तरह से बाहर कर देती है,₹ पत्र में लिखा गया है।

₹अध्ययन दिबांग नदी बेसिन में सभी परियोजनाओं के संचयी संचालन के कारण 2,880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (सबसे निचली परियोजना) के डाउनस्ट्रीम रिलीज के कारण प्रवाह सिमुलेशन का मॉडलिंग करता है। हालांकि, मॉडलिंग केवल असम-अरुणाचल सीमा के पास परियोजना के 45 किमी नीचे की ओर शुरू होती है।₹

दिबांग बेसिन में 18 जलविद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। अधिकांश परियोजनाएं योजना और विकास के विभिन्न चरणों में हैं। अध्ययन में कहा गया है कि इन पनबिजली परियोजनाओं के पीक डिस्चार्ज, जो ब्रह्मपुत्र डिस्चार्ज की तुलना में काफी कम हैं, का शायद ही ब्रह्मपुत्र पर कोई प्रभाव पड़ेगा। ₹इन परियोजनाओं से लीन सीजन पीकिंग के दौरान प्रवाह विनियमन के रूप में कुछ प्रभाव की उम्मीद की जा सकती है।₹

दिबांग-लोहित संगम के ऊपर अरुणाचल प्रदेश-असम सीमा से शुरू होने वाले क्षेत्र के लिए प्रवाह सिमुलेशन भी किया गया था।

अध्ययन में कहा गया है, ₹यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सामान्य तौर पर ब्रह्मपुत्र नदी पर दिबांग बेसिन की जलविद्युत परियोजनाओं के शिखर का प्रभाव बोकाघाट से गुवाहाटी तक जल स्तर में उतार-चढ़ाव के मामले में लगभग शून्य है। यह बहुत व्यापक पहुंच और ब्रह्मपुत्र नदी की बड़ी निर्वहन क्षमता के कारण है। ब्रह्मपुत्र नदी की इस पहुंच में डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न लगभग प्राकृतिक स्थिति डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न के करीब होगा।₹

पत्र सेवा उद्योग प्रबंधन, लोअर दिबांग घाटी के अमर मेगा, भानु तातक, समाजशास्त्र के शोधकर्ता और अन्य द्वारा भेजा गया है। पत्र में कहा गया है, ₹यह अविश्वसनीय है कि एफएसी और एमओईएफसीसी ने अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के भीतर बिल्कुल संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव आकलन की इस स्पष्ट चूक के बावजूद दिबांग नदी बेसिन अध्ययन को स्वीकार कर लिया है। सिर्फ यह स्पष्ट करने के लिए कि दिबांग बेसिन अध्ययन के अनुसार संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभावों को दो श्रेणियों में संबोधित करने की आवश्यकता हैः सबसे निचली परियोजना के नीचे संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव, साथ ही लगातार दो जलविद्युत परियोजनाओं के बीच संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव।₹

पर्यावरण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध 23 अप्रैल, 2020 की एक फैक्टशीट में यह तथ्य है कि वहन क्षमता रिपोर्ट को केंद्र द्वारा अनुमोदित और स्वीकार किया गया था। फैक्टशीट में कहा गया है कि दिबांग नदी बेसिन अध्ययन में 9973 मेगावाट की संचयी स्थापित क्षमता वाले 18 एचईपी पर विचार किया गया है।

इसमें कहा गया है कि दोनों मामलों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम परियोजनाओं के साथ पर्याप्त मुक्त प्रवाह नदी खंड बनाए रखा जाएगा और पर्यावरणीय प्रवाह अनुशंसाओं के प्रावधान के साथ निर्जल खंड में कम प्रवाह के प्रभाव को भी कम किया जाएगा। इसलिए, इन दोनों (दिबांग बहुउद्देशीय और एटालिन एचईपी) परियोजनाओं के लिए भी किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

₹यह पूरी घाटी के संचयी प्रभावों के लिए संदर्भ और जनादेश की शर्तें हो सकती हैं। छोटी परियोजना के मामले में तत्काल डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के प्रभावों का भी आकलन किया जाता हैह्व अध्ययन करने वाली कंपनी आरएस एनवायरोलिंक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के एक अधिकारी ने कहा है। ₹दिबांग घाटी के मामले में, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना बहुत बड़ी है जिसका प्रभाव गुवाहाटी तक हो सकता है और इसीलिए असम सीमा पर आकलन शुरू हो सकता है।₹

बांध, नदियों और लोगों पर दक्षिण एशिया नेटवर्क (एसएएनडीआरपी) के समन्वयक, हिमांशु ठक्कर ने कहा कि अध्ययन में बांध और असम सीमा के बीच प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए था। ह्लबांधों का लोगों, जैव विविधता, गाद आदि पर भारी प्रभाव पड़ता है। यह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख कमी है। इसके अलावा, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के प्रभाव का आकलन करना पर्याप्त नहीं है क्योंकि कई अन्य जलविद्युत परियोजनाएं हैं और अध्ययन में संचयी प्रभावों को शामिल किया जाना चाहिए। तत्काल डाउनस्ट्रीम में क्षेत्रों का आकलन करने की आवश्यकता है क्योंकि नदी विसर्प, ढलान में परिवर्तन, बाढ़ के मैदान की स्थिति भी बदलती है जो प्रवाह, जैव विविधता को पूरी तरह से प्रभावित करती है। साथ ही केवल मानसून के लिए ही नहीं, सभी मौसमों के लिए भी आकलन जरूरी है।'


पर्यावरण मंत्रालय ने 20 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर 3097 मेगावाट की एटालिन हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के लिए स्थानीय समुदायों के प्रतिरोध पर अपना विचार मांगा था, जिसके लिए वन मंजूरी लंबित है। संरक्षणवादी और जनजातीय समूह इस परियोजना के बेहद आलोचक रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से जैव विविधता पर इसके प्रभाव के कारण राज्य की दिबांग घाटी में 1165.66 हेक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन शामिल होगा।

21 अप्रैल, 2020 को मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (जिसे परियोजना पर हस्ताक्षर करना है) को प्रस्तुत एक तथ्य पत्रक के अनुसार इस परियोजना में घने उपोष्णकटिबंधीय, सदाबहार, चौड़ी पत्ती वाले और उपोष्णकटिबंधीय वर्षा वन में 2.8 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई शामिल होगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

> "यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सामान्य तौर पर ब्रह्मपुत्र नदी पर दिबांग बेसिन की जलविद्युत परियोजनाओं के शिखर का प्रभाव बोकाघाट से गुवाहाटी तक जल स्तर में उतार-चढ़ाव के मामले में लगभग शून्य है। यह बहुत व्यापक पहुंच और ब्रह्मपुत्र नदी की बड़ी निर्वहन क्षमता के कारण है। ब्रह्मपुत्र नदी की इस पहुंच में डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न लगभग प्राकृतिक स्थिति डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न के करीब होगा।"

## व्यंग्य



## लोकतंत्र से टपकता हुआ लोक!

**अरविंद तिवारी**

हमारे देश में लोकतंत्र है।(यदि नहीं है तो संविधान के अनुसार होना चाहिए।)यह सामान्य ज्ञान हमें एक नेताजी ने दिया था।पहले इस लोकतंत्र शब्द को गौर से देखें।यह दो शब्दों से मिलकर बना है,लोक और तंत्र।यह जो लोक है,साहित्य का हिस्सा रहा है।यह संवेदना से भरपूर है।सियासत इस लोक में से वह हिस्सा निकालकर तंत्र में जोड़ लेती है,जिसमें संवेदना नहीं है!संवेदना भले ही साहित्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण चीज हो,सियासत के किसी काम की नहीं।पर लोक से इसका अलगाव कतई आसान नहीं है,रेत में सोने के कण खोजने जैसा है!₹तंत्र₹ पूरी तरह वैज्ञानिक नियमों से चलता है।

बहरहाल जब तब( या जब भी कोई अवसरवादी नेता बताए) ₹लोकतंत्र₹ खतरे में पड़ जाता है।जब कहीं चुनाव आता है तो सबसे पहले लोकतंत्र को खतरा पैदा हो जाता है।इसी खतरे के बरक्स नेता दल बदलते हैं।इससे बड़ा और कोई तार्किक कारण,दल बदल का हो भी नहीं सकता।लोकतंत्र में लोकगीतों का भी महत्व है।ये लोकगीत नेताजी को चुनाव जिता देते हैं।हर चुनावी सभा में गाए जाते हैं।वाद्य वही,ढोलक और हारमोनियम भी वही।लोक में₹अपनी भाषा₹का महत्व किसी से छिपा नहीं है।जाहिर है मतदाता भी इस महत्व को जानता है।नेताजी के जीतते ही लोकतंत्र से खतरा टल जाता है।यहां लोकतंत्र के लोक से फिर लोकगीत निकलता है,जो लोकतंत्र को पांच साल तक और ज़िंदा रहने की मोहलत देता है!

तंत्र मजबूत हो, इसके लिए खूब पैसा चाहिए।लोक कमजोर हो तो चलेगा .....लंबे अरसे से चल ही रहा है!तंत्र कमजोर नहीं होना चाहिए।वह मजबूत होगा तो चुनाव मजबूत होगा।चुनाव मजबूत होगा तो विजय मिलेगी।तंत्र में ईमानदारी के लिए जगह बहुत कम होती है।सियासी दलों में शामिल कुछ गुंडे,तंत्र को कुछ और कद्दावर बनाते हैं।थोड़ा हो हल्ला जरूर होता है।साहित्य वाले जरूर कुछ और ज्यादा मुफलिस हो जाते हैं।चुनाव आयोग एक दो नोटिस और भेज देता है।

दबंग नेता की एक जेब में ₹लोक₹ पड़ा है तो दूसरी जेब में तमंचा!कुछ लोग इस तमंचे को तंत्र बताने लगते हैं।जेब में पड़ा हुआ लोक,दूसरी जेब में पड़े तंत्र,उर्फ. तमंचे को देखकर रोता है।हस्बेमामूल ₹लोक₹ हल्का है,जबकि ₹तंत्र₹ उर्फ.तमंचा बहुत भारी है।आश्चर्य यह कि लोक वाली जेब फट जाती है और लोक टपक जाता है।लोक का टपकना दरअसल आम आदमी का टपकना होता है!तथाकथित तंत्र उर्फ तमंचे वाली जेब कभी नहीं फटती,जबकि तमंचा बहुत भारी माना जाता है।मलमल के कुर्ते की जेब में भी तमंचा सही सलामत हमारे लोकतंत्र का यही कमाल है।यह हमारे देश के लोकतंत्र की बहुत बड़ी विशेषता है।

लोकतंत्र का जो तंत्र है,वह हमेशा सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट की मान्यता में विश्वास रखता है।पैसे के महत्व को चुनाव टिकट न पहचाने,यह हो नहीं सकता।सियासत में लोक के लिए आंसू बहाने वाले नेता को अंत में खुद, अपने लिए रोना पड़ता है।वह लोकतंत्र से लोक के टपकने का चश्मदीद होता है। टी .वी. पर लाइव क्रिकेट की तरह, लाइव रोता है!उसकी पार्टी हंसती है।चक्कर यह है कि हंसने वाले सिर्फ उसी की पार्टी के नहीं थे,दूसरी पार्टियां भी स्माइली फेंक रही थीं।पब्लिक भी इस लाफ्टर शो का पूरा आनंद ले रही थी।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बालिकाएं होंगी समृद्ध, तो देश का बढ़ेगा गौरव


आयुषी गुप्ता


प्रतिज्ञा साहू


वेदिका गुप्ता


फलक केसरी

**मुंगराबादशाहपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य एक बालिका के अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। लड़कियों को समाज में बराबरी का अवसर देना है इसके साथ ही देश की बालिकाओं का समर्थन करना और लिंग आधारित पूर्वाग्रहों को दूर करना है।

सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि

**राष्ट्रीय बालिका दिवस**

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने साझा किए अपने विचार

योजना, बालिका समृद्धि योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम, धनलक्ष्मी योजना सहित कई योजनाएं संचालित है। कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक, बालिकाओं की शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार, उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला होगा। आज भी कई समाजों में लड़के और लड़की में भेदभाव और अन्याय के मामले कम नहीं हुए है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है साथ ही लड़कियों को समान अवसर और उनका आत्मनिर्भर होना भी आवश्यक है। जब एक लड़की सामाजिक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी तो परिवर्तन स्वतः नजर आएंगे। आज के लिए ये संकल्प लेने का दिन है कि हम न तो अपने घर में लड़कियों के साथ किसी तरह का भेदभाव करेंगे, न ही अपने आसपास किसी को ऐसा करने देंगे। उक्त संबंध में क्षेत्र में पढ़ने लिखने वाली बालिकाओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया।

कक्षा 10 की बालिका आयुषी गुप्ता ने बालक और बालिका के बिगड़े लिंगानुपात पर चिंता जताई और कहा इसे अनुपात को समान लाने पर बल दिया जाए। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए आगे आएं अगर कोई अल्ट्रासाउंड सेंटर लिंग बताने का जुर्म चोरी छुपे कर रहा हो तो इसकी सूचना दें। सिटी पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा प्रतिज्ञा साहू ने कहाकि बालिकाओं के खिलाफ हिंसा न केवल उनके जीवन और स्वास्थ्य को, बल्कि उनके भावनात्मक कल्याण और भविष्य को भी खतरे में डालती है। भारत में बालिका के खिलाफ हिंसा अत्यधिक है और लाखों बालिकाओं के लिए यह कठोर वास्तविकता है। कक्षा 11 की छात्रा वेदिका गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरीके से बालिकाओं के साथ अपराध हो रहे हैं, इसके लिए प्रदेश व जिले के हर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों तथा अन्य संस्थाओं में अन्य एक्टिविटी के साथ एक क्लास बालिकाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाए जिससे संकट के समय बालिका आत्मरक्षा स्वयं कर सके। उन्हें जूडो कराटे सहित अन्य सुरक्षा संबंधित ट्रेनिंग दी जाए। इससे बालिकाओं को आत्मसम्मान व सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। कक्षा 10 की छात्रा फलक केसरी ने कहा कि आज के जमाने में जहां शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए हर दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं किसी ना किसी कारण से बालिकाओं को शिक्षा से वंचित रहने की घटनाएं भी सामने आती हैं। अशिक्षा के कारण ऐसे बच्चों का मानसिक विकास नहीं हो पाता इसलिए उन्हें उचित और अनुचित का निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती। अशिक्षित बालिका में आत्मविश्वास की कमी होती है इसलिए उन्हें अधिकतर दूसरों की सलाह से काम करना पड़ता है अतः उन्हें धोखेबाजी का शिकार होना पड़ता है।

# न्यायाधिकारी ने खुटहन थानेदार को लगाई फटकार

**शाहगंज।** ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने मारपीट के मामले में अभियुक्त को गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किए जाने के लिए खुटहन थानाध्यक्ष किशोर कुमार चौबे को फटकार लगाई है। न्यायालय ने पूछा है कि कोई अपराधी अगर थाने की सीमा से बाहर चला जाए तो क्या पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं करेगी। अदालत ने 30 जनवरी तक अपने जवाब के साथ थानाध्यक्ष को उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

मारपीट के एक मुकदमे में अभियुक्त बनुआडीह गांव निवासी मोनू सिंह पुत्र दत्ता सिंह के खिलाफ शाहगंज ग्राम न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इस पर थानाध्यक्ष ने ग्राम न्यायालय को दी गई आख्या में बताया कि अभियुक्त घर पर नही है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा लग रहा कि थानाध्यक्ष अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं हैं और जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। अदालत ने खुटहन थानाध्यक्ष किशोर कुमार चौबे को नोटिस जारी करते हुए पूछा कि अगर हत्या के मामले का कोई अभियुक्त भागकर दिल्ली या थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चला गया हो तो क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने कड़े शब्दों में कहा कि थानाध्यक्ष ने न्यायालय को गुमराह किया है। अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया। न्यायाधिकारी ने पूछा कि इसके चलते थानाध्यक्ष पर कार्रवाई क्यों न की जाए।

# पीयू के एम्बेसडरों ने जी 20 में किया प्रतिभाग



**जौनपुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित जी-20 कान्क्लेव में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की तरफ से नोडल अधिकारी डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय और मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने एम्बेसडर के रूप में प्रतिभाग किया। यह कान्क्लेव उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किया गया है।

संगोष्ठी में कहा गया कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इससे यह साबित होता है कि दुनिया में भारत आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से ताकतवर हुआ है। इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जी-20 का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत है। आनेवाले अतिथियों को हम अपने अच्छे होने का परिचय दें। इसके लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर और अपने से संबंधित महाविद्यालयों में कार्यक्रम कराकर शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर बोबड़े, विशेष सचिव अखिलेश मिश्र, डॉ स्वास्ति राव, संजय मेथावी समेत उप्र के विश्वविद्यालयों के एम्बेसडरों ने प्रतिभाग किया।

# लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर मनाया गया उप्र स्थापना दिवस

## अधिशासी अधिकारी ने तीन दर्जन लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते ईओ

**खेतासराय।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में नगर पंचायत कार्यालय पर मंगलवार की सुबह अधिशाषी अधिकारी डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इसके पात्र लाभार्थियों तक ज्यादा से ज्यादा पहुँचाने का जोर दिया गया। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में तीन दर्जन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व पीएम निधि के तहत लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही साथ जन सरोकार से जुड़ी महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कविता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अजय सिंह, राहुल मथुरिया, दिनेश, रमेश, जावेद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा उत्सव : डीएम

**जौनपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन मा. काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, पंचायत विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, सेवायोजन कार्यालय, एनआरएलएम, दुग्ध विभाग, सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लगाकर अपने-अपने विभाग के द्वारा

**उत्तर प्रदेश दिवस**

### स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन, संचालित योजनाओं की दी गयी जानकारी



संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव मनाया जा रहा है, उ.प्र. का देश की आजादी एवं गौरवशाली ऐतिहासिक एव धार्मिक पृष्टभूमि, सांस्कृतिक धरोहर आदि में विशेष स्थान है। जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं के सम्बधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं विभाग की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लोगो को अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि छात्राओं को प्रोत्साहन धनराशि इसलिए दी जा रही है कि इन छात्राओं को देखकर जनपद की अन्य बच्चियां भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने एवं बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के उद्देश्य से जनपद में 2022 में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की चार-चार छात्राओं व सी.बी.एस.ई बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 3-3 छात्राओं एवं आई.सी.आई.सी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 3-3 छात्राओं को जनपद में सर्वोच्च रैंकिंग लाने पर 5000 की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र देकर मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा ने सम्मानित किया। आर.टी.जी.एस के माध्यम से उनके खाते में पांच 5000 की धनराशि जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित की गई साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा अपने काउंटर से कार्यक्रम में आए हुए समस्त प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत तैयार कराया गया कैलेंडर वितरित किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीडीसी के लिए एक ने भरा पर्चा

**सुइथाकला।** क्षेत्र के डीह असरफाबाद ग्राम पंचायत से वार्ड नंबर 34 के लिए खाली पड़े क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर मंगलवार को एक पर्चा भरा गया। बता दें कि सोमवार को उक्त पंचायत से उम्मीदवार के रूप में अंजुम बानो पत्नी अब्दुल हफीज ने एक सेट में पर्चा खरीदा था जिसे मंगलवार को भरा गया। सूत्रों की मानें तो यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अंजुम बानो का निर्विरोध चुना जाना तय है।

## संक्षेप

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में युवक ने एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी आफताब पुत्र इम्तियाज ने रविवार को बगल के गांव से एक किशोरी का अपहरण कर लिया। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक को किशोरी के साथ भागने की फिराक में था जिसे नगर के रेलवे क्रासिंग के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।



### नाबालिग से छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में 16 जनवरी की शाम करीब सात बजे एक नाबालिक लड़की (14) खेत की तरफ जा रही थी तभी गांव का ही जय प्रकाश पाल उर्फ पंडित पाल रास्ता रोककर उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा और मना करने पर गाली-गलौज करने लगा। सोमवार को नाबालिक लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, गाली-गलौज व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी थी। मंगलवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने का. आशीष यादव के साथ अभियुक्त जय प्रकाश पाल उर्फ पंडित पाल को नहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन


उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपने जाते अधिवक्ता

**मछलीशहर।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने हाथ में काली पट्टी बांधकर शासन की अहितकर नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने तहसील में नारेबाजी करते हुये जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री को संदर्भित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को सौंपा। अधिवक्ताओं की मांग थी कि यदि ज्ञापन देने के बाद भी अधिवक्तागण की रक्षा व कल्याणकारी कार्य हेतु शासन द्वारा कोई हितकारी कदम नहीं उठाया गया तो विरोध स्वरुप चार चरणों में 24 व 30 जनवरी एवं 7 व 15 फरवरी को हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्र, आरपी सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, सरजू प्रसाद विन्द, सुरेन्द्र मणि शुक्ला, अजय कुमार सिंह, कमलेश कुमार, रमेश चंद्र यादव, जय शंकर यादव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### नीलगाय से टकराकर राजस्व निरीक्षक की मौत

**बदलापुर।** स्थानीय तहसील परिसर में स्थित आरके दफ्तर में सम्बंध राजस्व निरीक्षक बाबुल अली की बाइक एक नीलगाय से टकरा गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से बक्शा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। खबर लगते ही तहसील अधिकारी तथा कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार को तहसील सभागार में तहसीलदार राकेश कुमार और उपजिलाधिकारी रिषभ पुंडीर की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर मृतक आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। बताते चलें कि सोमवार की शाम बदलापुर तहसील से अपने घर बक्शा थाना क्षेत्र में वापस जा रहे राजस्व निरीक्षक बाबुल अली के चलती बाइक से नीलगाय की टक्कर हो गयी। वह बाइक लेकर मार्ग पर गिर पड़े और अस्पताल पहुंचते उनकी मृत्यु हो गई।

# पढ़ाई व खेलकूद के सही तालमेल से ही मिलेगी मंजिल : धनंजय

**सिंकरारा।** फतेहगंज स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल पर आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शानदार ढंग से समाप्त हुआ। खोखो, कबड्डी, दौड़ सहित तमाम खेलों में मेजबान माउंट लिट्रा जी स्कूल के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराते हुए ओवरआल चैंपियन हुई तो डा. रिजवी लर्नर्स स्कूल

**वार्षिक खेलकूद**

### खेलकूद प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल ओवरआल चैंपियन

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन


विजेता खिलाड़ियों के साथ पूर्व सांसद धनंजय सिंह


दूसरे स्थान पर रही। स्कूल के ग्रीन हाउस की टीम ने बाजी मारी। खोखो प्रीतियोगिता के बालक व बालिकाओं के फाइनल मुकाबला माउंट लिट्रा जी स्कूल ने जीतकर ट्राफी अपने नाम किया। जबकि बालीबाल व क्रिकेट प्रतियोगिता में डा. लर्नर्स रिजवी स्कूल के खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबला जीतकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। मेजबान स्कूल के अनूप राज सिंह ने दो सौ मीटर दौड़, चार सौ मीटर दौड़ में आदर्श पांडेय, दीक्षा सिंह ने सबको पीछे छोड़ा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के साथ विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पढ़ाई और खेलकूद में सही तालमेल से ही मंजिल मिलेगी। खेल के समय खेलकूद और पढ़ाई के समय सिर्फ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसा खेल खेलना चाहिए जिससे शारिरिक श्रम हो। शरीर स्वस्थ होगा तो पढ़ाई में भी मन लगेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। भविष्य की नींव ऐसे ही शिक्षा मंदिरों में पड़ती है। स्कूल के डायरेक्टर अरविंद सिंह व विख्यात सिंह, प्रधानाचार्य शिखा शर्मा व नूपुर सिंह ने चार दिन से चल रहे प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वक्ताओं में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जिलाध्यक्ष डा. अरुण सिंह, प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह, डा. रूबी सिंह, धीरू सिंह, विनय सिंह, सर्वेश सिंह, टाईगर सिंह, रोहित सिंह, श्याम सिंह, बृजेश सिंह, राजीव सिंह आदि प्रमुख रहे। निर्णायकों में शिवसन्त सिंह व अखिलेश निषाद रहे। संचालन दिनेश सिंह, अबुजर हसन व मौलश्री ने संयुक्त रूप से किया।

# राम सहारे मौर्य ने संभाली जिलाध्यक्ष की कमान

## समाचार पत्र विक्रेता संघ की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रजापति की अध्यक्षता में संघ भवन धरनीधरपुर मीरपुर में रविवार को संपन्न हुई।


नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम सहारे मौर्य

बैठक में सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने संपन्न हुए वार्षिक समारोह की समीक्षा किया तथा आगे की कार्यकारिणी के लिए विचार विमर्श करते हुए सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से राम सहारे मौर्य को 10 वर्ष बाद फिर एक बार जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी और यह आशा की कि नई कार्यकारिणी सुचारू रूप से कार्य करेगी और समाचार पत्र विक्रेताओं के हित का ध्यान रखेगी।

इस अवसर पर भरत लाल मौर्य, कुलदीप साहू, राजेश कुमार मौर्य, मोहम्मद रफी, विनोद शर्मा, पवन साहू, नरेंद्र कुमार मौर्य, सुनील मौर्य, पंकज मौर्य, मंगरू राम मौर्य, रमेशचंद्र मौर्य, बबलू मौर्य, सूरज मौर्य, तरुण कुमार मौर्य, सर्वेश मौर्य, नीरज मौर्य, अवधेश मौर्य, लालचंद मौर्य, विजय शर्मा, रामस्वरूप मौर्या आदि मौजूद रहे।

# आने वाला कल कांग्रेस का है : बृजेंद्र मिश्रा

**जौनपुर।** जिला/शहर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव जिला प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा

**बैठक**

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित


कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते प्रदेश सचिव

उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहाकि भारत जोड़ो यात्रा में जिस तरीके से पूरा देश हमारे नेता राहुल गाँधी के साथ बीजेपी सरकार के खिलाफ उठ खड़ा हुआ है निश्चित तौर पर आने वाला कल कांग्रेस का है। भारत जोड़ो यात्रा अभियान को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर पूरे देश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी से शुरू किया जा रहा, जिसका उद्देश्य राहुल के विचारों को और बीजेपी की जन विरोधी नीतियों को हर घर हर दरवाजे पर पहुंचना है। उन्होंने जिला, शहर और सभी फ्रंटलो को ये निर्देशित किया कि जौनपुर में ये अभियान हर घर हर बूथ तक पहुंचे। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव में आवेदन किये सभी आवेदकों को कहाकि इस अभियान में उनके कार्यों की समीक्षा प्रदेश मुख्यालय द्वारा की जाएगी और उस आधार पर टिकट वितरण मे प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि जनता देश और प्रदेश की बीजेपी सरकार की नीतियों से त्रस्त है और कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने एवं संचालन शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने किया। कार्यक्रम के अंत में बिहार के मुख्यमंत्री रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनको पुष्पाजंलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र त्रिपाठी और कृषि वैज्ञानिक प्रो. कीर्ति सिंह के असामायिक निधन पर 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर तिलकधारी निषाद, राकेश उपाध्याय, देवराज पाण्डेय, मुफ़्ती मेहंदी, इश्तियाक अहमद, सीमा चौहान, रेखा सिंह, राकेश मिश्रा, नीरज राय, राम सिंह बाकूंरे, सन्दीप निषाद, रमेश पाल, अजय सोनकर, अमित मिश्रा, अमन सिन्हा, अली हैदर, आजम जैदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा पत्र व पदक से नवाजे जाएंगे जेल अधीक्षक

**जौनपुर।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अपने सराहनीय सेवाओं के लिए जेल अधीक्षक को महानिदेशक कारागार प्रशंसा-पत्र व पदक से सम्मानित करेगें। प्रदेश के मात्र चार जेल अधीक्षकों को इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहते हुए प्रशंसा-पत्र व पदक से नवाजा जा रहा है। जौनपुर के जेल अधीक्षक एसके पाण्डेय भी इनमें से एक हैं। जिला कारागार प्रदेश की अति संवेदनशील कारागार है। जेल अधीक्षक श्री पाण्डेय ने अथक परिश्रम एवं मनोयोग से बन्दियों का मानसिक, नैतिक आध्यात्मिक विकास किया है। उच्च गुणवत्ता के मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराते हुए उन्हें ध्यान, योग, प्राणायाम व क्रीड़ा हेतु सदैव प्रोत्साहित किया है।


जेल अधीक्षक एसके पाण्डेय

# सभी को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत : मुरली पाल

**जौनपुर।** सहकार भारती जौनपुर के तत्वाधान में रविवार को 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुरली पाल प्रांत कार्यवाह काशी प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार सिंह प्रदेश संगठन प्रमुख सहकार भारती उत्तर प्रदेश एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सहकार भारती के संस्थापक श्रद्धेय लक्ष्मण राव इनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया।

**समारोह**

### 45वें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री पाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। जो कार्य आज सहकार भारती कर रही है, वह काफी महत्वपूर्ण है। हमें सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए सहकारिता को संस्कार आधारित करना ही होगा। पारिवारिक भावना का विस्तार करते हुए पूरा समाज अपना परिवार है, इस भावना से कार्य करना होगा यही सहकारिता है। हमें सहकारी शब्द को पुनः स्थापित करना है इस संकल्प को लेकर चलना होगा। सहकार का कार्य समर्पण भाव से करना है। निरंतर करना है, इस भाव से चलते रहना है। कार्य की पहचान बनानी है। सहकारिता का कार्य अकेले नहीं हो सकता, इस कार्य को मिलजुल कर परस्पर सहयोग से करना है। सहकार भारती की यह विशेषता है कि हम कार्य को अकेले नहीं समूह में करते हैं और समूह तभी स्वस्थ होता है जब उसमें परस्पर विश्वास होता है।

विशिष्ट अतिथि डा. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सहकारिता अपने उद्देश्य से भटक रही है, सहकारी संस्थाओं में गिरावट आ रही है जिसके कारण लक्ष्य की परती सम्भव नहीं हो सकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सहकारी क्षेत्र मे शुद्धि, बुद्धि और स्मृद्धि लाने के लिये स्वर्गीय लक्ष्मण राव ईनामदार ने सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1979 को की। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन जिला संगठन प्रमुख विवेक सिंह ने किया।

जनपद के सहकारिता क्षेत्र के मर्मज्ञ राम समुझ जो कई बार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन रहे। उन्होंने भी कार्यक्रम में अपने संबोधन में सहकारी समितियों में वर्तमान में आई गिरावट की ओर इंगित करते हुए आवाहन किया की सहकारिता आम जन की सहभागिता से संचालित होनी चाहिए इसमें राजनैतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। सुभाष सिंह प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुरेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनन्त कुमार मिश्र, विश्वनाथ दूबे, डा. सत्यदेव सिंह, प्रीति गुप्ता अन्त में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

# स्पोर्ट्स

## आईसीसी की टेस्ट टीम में शामिल हुए ऋषभ पंत बेन स्टोक्स बने कप्तान, देखें सभी 11 खिलाड़ी

आईसीसी ने साल 2022 की टेस्ट टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में दुनिया भर उन खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। इस टीम की कमाल इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को दी गई। इस टीम में सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के हैं, लेकिन इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस टीम में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत ने 2022 में भारत के लिए कुल 12 टेस्ट पारियों में 680 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 61.81 और स्ट्राइक रेट 90.90 का रहा। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और चार अर्धशतक निकले। पिछले साल उन्होंने टेस्ट में 21 छक्के लगाए। इसके साथ ही विकेट के पीछे 29 शिकार किए, जिसमें छह स्टंपिंग और 23 कैच शामिल हैं।



# भारत ने न्यूजीलैंड को 90 रन से हराया, तीन मैच की वनडे सीरीज में कीवी टीम का सूपड़ा साफ

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 386 रन का लक्ष्य रखा, कीवी टीम 295 रन ही बना पाई और मैच हार गई



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। भारत ने यह मैच 90 रन से अपना किया और सीरीज भी 3-0 के अंतर से जीत ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 386 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में कीवी टीम 295 रन ही बना पाई और मैच हार गई। भारत ने न्यूजीलैंड को 90 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैच की वनडे सीरीज में कीवी टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। युजवेन्द्र चहल की गेंद पर विराट कोहली ने सेंटनर का कैच पकड़कर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त की। सैंटनर ने 29 गेंद में 34 रन बनाए। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम वनडे में दुनिया की नंबर एक टीम बन गई है। अब भारत और न्यूजीलैंड की टीम तीन मैच की टी20 सीरीज में भिड़ेंगी, जिसकी शुरूआत 27 जनवरी को रांची में होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 385 रन बनाए। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतकीय पारियां खेली। हार्दिक पांड्या ने अर्धशतक लगाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे ने शतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। हेनरी निकोलस और सेंटनर ने कोशिश की, लेकिन दोनों अर्धशतक भी नहीं लगा सके। अंत में भारत ने यह मैच 90 रन से जीत लिया। 268 रन के स्कोर पर न्यूजीलैंड का सातवां विकेट गिरा है। कुलदीप यादव ने माइकल ब्रेसवेल को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई है। ब्रेसवेल आग बढ़कर बड़ा शॉट खेलना चाह रहे थे, लेकिन कुलदीप ने वाइड गेंद कर दी। ऐसे में विकेटकीपर ईशान किशन ने स्टंपिंग कर ब्रेसवेल की पारी खत्म कर दी। अब मैच में भारत की पकड़ मजबूत हो गई है। कीवी टीम को अभी भी 100 से ज्यादा रन बनाने हैं और उसके सिर्फ तीन विकेट बचे हैं। वहीं, भारत के लिए अच्छी बात यह है कि एक छोर पर फर्ग्यूसन बल्लेबाजी के लिए आ गए हैं और उन्हें आउट कर भारत कीवी टीम की पारी भी खत्म कर सकता है, क्योंकि उनके बाद जैकब डफी और ब्लेयर टिकनर को बल्लेबाजी के लिए आना है। 38 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर सात विकेट पर 277 रन है।

## तीसरे वनडे मैच के दौरान इंदौर ने पेश की मिसाल स्टेडियम में नहीं हुआ कचरा, पोस्टर से बनेंगे झोले




भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के दौरान इंदौरवासियों ने अपनी छाप छोड़ी। स्टेडियम को जीरो वेस्ट बनाए रखने में दर्शकों ने पूरी मदद की। कचरा स्टेडियम में नहीं फैलाया। सबसे ज्यादा कचरा छक्के और चौके के पोस्टर्स लहराने से होता है, लेकिन दर्शकों के हाथ में ये पोस्टर नजर नहीं आए। नगर निगम का सफाई अमला भी मैच के दौरान स्टेडियम और उसके आसपास मौजूद रहा। स्टेडियम में ब्रांडिंग के लिए जो फ्लेक्स लगाए गए है। उसमें भी मिश्रित कपड़े का उपयोग किया गया है। सफाई में जुटी निगम की सहयोगी संस्था के श्रीगोपाल जगताप ने बताया कि मैच के बाद फ्लैक्स का भी उपयोग किया जाएगा, उसके झोले बनाए जाएंगे। क्रिकेट मैच के दौरान एक साथ बड़ी संख्या में दर्शकों द्वारा मोबाइल टार्च ऑन करने की परंपरा भी 10 साल पहले होलकर स्टेडियम में शुरू हुई थी। इस परंपरा को इंदौर वासियों ने मंगलवार को भी बरकरार रखा। दूसरी पारी के छठे ओवर में जब हेनरी निकोल्स ने शानदार छक्का जड़ा तो दर्शकों ने स्टेडियम में एक साथ मोबाइल टार्च ऑन कर दी। स्टेडियम रोशनी से जगमगाने लगा। इंदौर के क्रिकेट प्रेमियों से मिले इस प्यार से न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भी आश्चर्यचकित थे।

## 10,000 घंटों में तैयार हुआ अथिया शेट्टी का ब्राइडल लहंगा: डिजाइनर अनामिका खन्ना ने किया खुलासा बोलीं- हाथों से बुना गया है वेडिंग आउटफिट



एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और इंडियन क्रिकेटर केएल राहुल शादी के बंधन में बंध चुके हैं। 23 जनवरी को कपल ने अथिया के पिता सुनील शेट्टी के खंडाला वाले फार्म हाउस पर शादी की। शादी की फोटोज सामने आने के बाद से ही अथिया का पिंक चिकनकारी ब्राइडल लहंगा बेहद सुर्खियों में है। दरअसल मीडिया से बातचीत में अथिया की वेडिंग आउटफिट डिजाइनर ने बताया कि उनके इस खूबसूरत लहंगे को तैयार करने में 10,000 घंटे लगे हैं। इतना ही नहीं इस हाथ से बुना गया है, जिसमें रेशम, जरदोजी और जाली वर्क के साथ डिजाइन किया गया है। लहंगे में एक खूबसूरत घूंघट और दुपट्टा है, जिसे सिल्क ऑर्गेंजा से तैयार किया था। वोग मैगजीन को दिए इंटरव्यू में डिजाइनर अनामिका खन्ना ने इस बात का खुलासा किया कि अथिया के लहंगे को बनाने में 10000 घंटे यानी 416 दिनों का समय लगा है। इतना ही नहीं अनामिका ने बताया कि शादी के लहंगे के पीछे की इंस्पिरेशन खुद दुल्हन ही थी। अनामिका ने आगे कहा- आउटफिट्स को लेकर आथिया की पसंद और टेस्ट काफी अच्छा है। वो अपने वेडिंग डे पर बेहद खास तैयार करवाना चाहती थीं। अथिया का आउटफिट रॉयल होने के साथ-साथ खूबसूरत दिखता है।

# आईसीसी की महिला वनडे टीम का एलान, तीन भारतीय को मिली जगह... हरमनप्रीत बनीं कप्तान

## वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाने वाली मंधाना ने 2022 में एक शतक और छह अर्धशतक बनाये



**दुबई।** भारत की स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आईसीसी वर्ष की महिला एक दिवसीय क्रिकेट टीम में चुना गया है । वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाने वाली मंधाना ने 2022 में एक शतक और छह अर्धशतक बनाये । उन्होंने न्यूजीलैंड में विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 123 रन की पारी खेली।

इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ होव में 91 रन बनाये और फिर 40 तथा 50 रन की पारियां खेली । भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दो शतक और पांच अर्धशतक बनाये । तेज गेंदबाज रेणुका ने 2022 में सात मैचों में 18 विकेट लिये । उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पल्लेकेले में 28 रन पर चार विकेट चटकाये । दक्षिण अफ्रीका की तीन क्रिकेटरों को भी आईसीसी वनडे टीम में जगह मिली है । इनमें बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट , तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका और शबनम इस्माइल शामिल हैं।

***आईसीसी वर्ष की महिला वनडे टीम :***

एलिसा हीली (विकेटकीपर), बेथ मूनी (आस्ट्रेलिया), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, रेणुका सिंह (भारत), लौरा वोल्वार्ट, अयाबोंगा खाका, शबनम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका), नेट स्किवेर , सोफी एक्सेलेटोन (इंग्लैंड), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) ।

## गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा


एक रन और बनाते तो बाबर को पीछे कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज में शुभमन गिल शानदार लय में थे। उन्होंने इस सीरीज के तीन मैचों में कुल 360 रन बना दिए। इसमें एक दोहरा शतक और एक शतक शामिल है। सीरीज के पहले मैच में 208 रन बनाने वाले गिल ने दूसरे मैच में नाबाद 40 और तीसरे मैच में 112 रन बनाए। इस तरह उन्होंने सीरीज में कुल मिलाकर 360 रन बना दिए। वह तीन मैच की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। गिल ने इस मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम की बराबरी की। बाबर आजम ने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 360 रन बनाए थे। इस सीरीज में शुभमन गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। अब शुभमन गिल भारत के लिए तीन मैच की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। गिल ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, जिन्होंने तीन मैच की एक सीरीज में 283 रन बनाए थे।

# महिला आईसीसी टी20 रैंकिंग : महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हरमनप्रीत, दीप्ति को फायदा



**दुबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत वेस्टइंडीज के खिलाफ 35 गेंद में नाबाद 56 रन की पारी की बदौलत शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जगह बनाने के करीब हैं। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 रन की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें पायदान पर पहुंच गई हैं। नवीनतम रैंकिंग में दीप्ति ऑलराउंडरों की सूची में भी एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 51 गेंद में नाबाद 74 रन की पारी खेलकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं स्मृति मंधाना तीसरे स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। उन्हें इस पारी से नौ रेटिंग अंक का फायदा हुआ और उनके कुल 736 अंक हो गए हैं। स्मृति पिछले साल सितंबर में रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज थी। वह दूसरे स्थान पर चल रही बेथ मूनी से 24 अंक पीछे हैं। ताहलिया मैकग्रा 814 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस दो मैच में 29 और 30 रन के साथ 47वें से 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं। क्लो टायरन और मारिजेन कैप को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नोनकुलुलेको मलाबा चार स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं।

उन्होंने दो मैच में दो विकेट चटकाए। भारत की स्नेह राणा शीर्ष 10 में हैं जबकि अयाबोंगा खाका (चार स्थान के फायदे से 16वें स्थान), राजेश्वरी गायकवाड़ (10 स्थान आगे बढ़कर 18वें पायदान पर) और राधा यादव (12 स्थान आगे बढ़कर 28वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और मेग लैनिंग दोनों दो-दो स्थान के फायदे से क्रमशः दूसरे और पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इन दोनों ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की पाकिस्तान की 3-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई। मूनी को दूसरे और तीसरे मैच में क्रमशः नाबाद 57 और 133 रन की पारी के लिए श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। लैनिंग ने दो पारियों में 67 और 72 रन बनाए। पाकिस्तान की कप्तान बिसमाह महारूफ तीन स्थान के फायदे से 22वें पायदान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने श्रृंखला में 93 रन बनाए। निदा दार भी तीन स्थान के फायदे से 32वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर सात स्थान के फायदे से 13वें जबकि एलिस पैरी एक स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर हैं। एलेना किंग को आठ जबकि डार्सी ब्राउन को दो स्थान का फायदा हुआ है। ये दोनों क्रमशः 32वें और 40वें पायदान पर हैं।

## मैच देखने पहुंचे विराट कोहली के दो नेत्रहीन फैन्स को स्टेडियम में नहीं दी एंट्री



**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में मंगलवार को खेले गए एक दिवसीय मैच के गवाह बनने पहुंचे दो दृष्टिबाधितों को पुलिसकर्मियों ने पर्याप्त टिकटों के अभाव में उनके सहायकों के साथ प्रवेश करने से रोक दिया। हालांकि, धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली के दीवाने दोनों दृष्टिबाधितों को उनके सहायकों के साथ प्रवेश की अनुमति मानवीय आधार पर कुछ देर बाद दे दी गई। चश्मदीदों ने बताया कि भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान आशीष चौहान और अभिषेक नामदेव अपने दो सहायकों के साथ होलकर स्टेडियम पहुंचे थे। चौहान की बहन अंजलि ने को बताया, ह्लमेरे भाई ने बाकायदा मैच का टिकट खरीदा था, लेकिन स्टेडियम में मुझे उसके साथ जाने से यह कहते हुए रोक दिया गया कि एक टिकट पर एक व्यक्ति को ही प्रवेश मिलेगा। चश्मदीदों के मुताबिक, दोनों दृष्टिबाधितों के सहायकों ने मौके पर मौजूद पुलिस के आला अफसरों को अपनी परेशानी बताई जिसके बाद इन सभी को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दे दी गई। उप निरीक्षक सपना डोडिया ने बताया, ह्लहमने स्टेडियम में प्रवेश में दोनों दृष्टिबाधितों और उनके सहायकों की मदद की क्योंकि हर प्रशंसक बड़ी खुशी से भारत का मैच देखने आता है। अपने जीवन में पहली बार किसी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले के गवाह बनने आए नामदेव ने बताया कि वह पूरी तरह से दृष्टिबाधित हैं और अब तक कमेंट्री सुनकर खेल का लुत्फ लेते आए हैं। उन्होंने कहा, मैं कोहली का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

# सरकार की बनाई समिति से पहलवान नाखुश, बजरंग और विनेश बोले- इसे भंग कर बने नई कमेटी



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) के कामकाज और अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिये निगरानी समिति का गठन करने से पहले पहलवानों की सलाह न लेने पर नाराजगी व्यक्त की है। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक के अलावा विनेश फोगाट ने सोमवार को एक जैसे ट्वीट करते हुए कहा, ह्लहमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे परामर्श किया जाएगा। बड़े दुख की बात है कि इस कमेटी के गठन से पहले हमसे राय भी नहीं ली गई। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि यह समिति आरोपों की जांच कर एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। लेकिन खिलाड़ियों ने इस कमेटी का विरोध किया है। पहलवानों का कहना है कि कमेटी के गठन से पहले उनकी राय नहीं ली गई। इसके साथ ही उन्होंने इस कमेटी को भंग करने की अपील की है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने कल डब्लूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिये विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया था। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा था कि धरना दे रहे पहलवानों से सलाह मशवरे के बाद निगरानी समिति का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि मैरी कॉम पांच सदस्यीय निगरानी समिति का नेतृत्व करेंगी। यह समिति अगले एक महीने के लिये डब्लूएफआई के दिन-प्रतिदिन के मामलों को भी देखेगी जबकि बृजभूषण सिंह अध्यक्ष पद से दूरी बनाएं रहेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, पूर्व-टॉप्स सीईओ राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की पूर्व कार्यकारी निदेशक राधिका श्रीमन शामिल हैं। गौरतलब है कि विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया समेत देश के कुछ शीर्ष पहलवानों के डब्ल्यूएफआई और बृजभूषण सिंह के खिलाफ तीन दिवसीय धरना दिया था। इस प्रदर्शन में उन्होंने बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और उन्हें जान से मारने की धमकी देने जैसे कई गंभीर आरोप लगाये थे।

## भारत के पाकिस्तान न आने के फैसले को चुनौती देगा पीसीबी : नजम सेठी




**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा है कि चार फरवरी को बहरीन में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में वह भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह के एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में नहीं करने के फैसले को चुनौती देंगे। पीसीबी का आरोप है कि शाह ने 2023 और 2024 के आयोजन कैलेंडर की घोषणा एकतरफा तरीके से की और इस प्रक्रिया में पाकिस्तान को शामिल नहीं किया गया। सेठी ने कहा कि पीसीबी ने इस सिलसिले में एसीसी की आपात बैठक की मांग की है जो अगले महीने होगी। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, कुछ समय से एसीसी बोर्ड की कोई बैठक नहीं हुई है और बहुत सारे फैसले किये जा रहे हैं और उनमें से एक को हमने चुनौती दी है। अब अच्छी खबर यह है कि हम उन्हें बोर्ड की बैठक के लिये मनाने में कामयाब रहे और मैं इसमें भाग लूंगा।ह्व गौरतलब है कि पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान दोनों बोर्डों के बीच तनाव बढ़ गया था। बीसीसीआई और पीसीबी इसी साल सितंबर में होने वाले एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर एकराय नहीं थे। पहले एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में होना था मगर एसीसी अध्यक्ष शाह ने पिछले साल अक्टूबर में बीसीसीआई की बैठक में कहा था कि टूनार्मेंट तटस्थ स्थान पर होगा क्योंकि भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। सेठी ने पिछले कार्यकाल के दौरान 2014-15 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के समझौते का सम्मान नहीं करने के लिये बीसीसीआई के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाया था, हालांकि पीसीबी यह बाजी हार गया था। सेठी ने भारत के पाकिस्तान दौरे से मना करने के सवाल पर कहा, ह्ल हमें यह देखना होगा कि हम क्या कर सकते हैं। हम एक और लड़ाई नहीं लड़ सकते, लेकिन मैं कह सकता हूं कि उस मामले को ठीक से नहीं संभाला गया था और हमने अच्छी लड़ाई नहीं लड़ी। ह्व गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली गयी है। दोनों टीमों के मुकाबले आईसीसी और एसीसी आयोजनों तक ही सीमित रहे हैं।

# सर्जिकल स्ट्राइक के दिग्विजय सिंह के बयान से राहुल गांधी सहमत नहीं, कहा- हमें आर्मी पर भरोसा, सबूत देने की जरुरत नहीं

## दिग्विजय के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले–हम हमारी सेना के साथ हैं, दिग्विजय सिंह ने कहा था–बात करते हैं कि हमने इतने लोग मार गिराए लेकिन प्रमाण कुछ नहीं है




**श्रीनगर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कल हमारी कश्मीरी पंडितों से बात हुई। उन्होंने हमें बताय कि उनका राजनीतिक प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने हमें संसद में उनके मुद्दों को उठाने के लिए कहा। मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मैं उनकी मदद करूंगा। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, जो दिग्विजय सिंह जी ने कहा है उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं, हमारी आर्मी पर हमें पूरा भरोसा है अगर आर्मी कुछ करे तो उन्हें सबूत देने की जरूरत नहीं है। उनका बयान निजी है वो हमारा नहीं है। बता दें कि जम्मू में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि हुकूमत यहां का फैसला नहीं कराना चाहती, यहां की समस्या का निदान नहीं करना चाहती। यह समस्या कायम रखना चाहती है ताकि कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म बनती रहें और लोगों में हिंदू-मुसलमान में नफरत फैलाते रहें। दिग्विजय ने कहा कि वे (केंद्र) सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बात करते हैं कि हमने इतने लोग मार गिराए लेकिन प्रमाण कुछ नहीं है।


वहीं, केंद्रीय रक्षा मंत्री के बयान, आज राहुल गांधी घूम-घूम कर कह रहे हैं कि हिंदुस्तान में नफरत ही नफरत है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि हिंदुस्तान में नफरत पैदा करने की कोशिश कौन कर रहा है? उनको कहां नफरत दिखाई दे रही है? कांग्रेस के लोग सारी दुनिया में भारत की छवि खराब कर रहे हैं' पर कहा राहुल बोले, मुझे ये समझ नहीं आ रहा है कि जो पदयात्रा पूरे देश में लोगों को जोड़ने का काम कर रही है, वो किस तरह से देश के हितों को नुकसान पहुंचा सकती है। मैं ये देख सकता हूं कि किस तरह से राजनाथ सिंह की पार्टी देश को क्षति पहुंचा रही है। मुझे लगता है कि जिस पार्टी में राजनाथ सिंह हैं, वहां उन्हें क्या कहना है, वो पार्टी के शीर्ष के लोग बताते हैं। राहुल ने कहा, जम्मू-कश्मीर में राज्य दर्जा का मुद्दा है। हमें लगता है कि जल्द से जल्द इसे राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और यहां जल्द से जल्द विधानसभा की फिर से शुरूआत होनी चाहिए। हम कश्मीरी पंडितों से मिले। उन्होंने कहा कि गवर्नर ने हमारा अपमान किया। हमें वापस श्रीनगर भेजा जा रहा है, वहां हमारे लोगों को गोली मारी जा रही है। अब वो मेरे पास आए और मैं उनकी बात न उठाऊं तो फिर 'भारत जोड़ो यात्रा' का मतलब क्या है? वहीं कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमारी पार्टी पहले ही स्पष्टीकरण दे चुकी है।

कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक बयान आ गया है और हम उसी पर खड़े हैं। हमने पहले भी स्पष्ट किया है कि हम हमारी सेना के साथ हैं। हम हमेशा देश की एकता के लिए काम करते हुए आए हैं, आगे भी वैसे ही करेंगे। देश के लिए सभी एक हैं। कुछ लोग दुष्प्रचार करने के लिए ऐसी कोशिश कर रहे हैं, ये नहीं होगा। देश को हमने आजादी दिलाई। देश को हम एक रखेंगे और उसके लिए कुबार्नी भी दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने लिविंग विल की प्रक्रिया पर मजिस्ट्रेट की मंजूरी की शर्त हटाई

**नई दिल्ली।** लिविंग विल पर दिशानिदेशों को अधिक व्यावहारिक और कम बोझिल बनाने के लिए, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस शर्त को हटा दिया, जिसमें एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति का लाइफ सपोर्ट हटाने या बनाये रखने के लिए किसी मजिस्ट्रेट की मंजूरी अनिवार्य है। लिविंग विल किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति के अंतिम समय तक किये जाने वाले उपचार पर अग्रिम चिकित्सा दिशानिर्देश होता है। निष्क्रिय इच्छा मृत्यु पर उच्चतम न्यायालय के 2018 के आदेश में गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार को एक मौलिक अधिकार और अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के एक पहलू के रूप में मान्यता दी गई थी, इसके बावजूद, लिविंग विल के लिए पंजीकरण कराने के इच्छुक लोगों को बोझिल दिशानिदेशों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था और इसलिए उच्चतम न्यायालय ने इस पर पुनर्विचार किया। न्यायमूर्ति के एम जोसफ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि अब दस्तावेज पर लिविंग विल को लागू करने वाले व्यक्ति को दो चश्मदीदों की मौजूदगी में दस्तखत करने होंगे।

## कैटरीना कैफ के इंस्टाग्राम पर हुए 70 मिलियन फालोवर्स, फैंस दे रहे बधाइयां



**मुंबाई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ के फॉलोवर्स की संख्या इंस्टाग्राम पर 70 मिलियन हो गयी है। कैटरीना अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। कैटरीना कैफ ने अपनी सेल्फी शेयर कर फैंस को बताया कि इंस्टाग्राम पर उनके 70 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं। कैटरीना कैफ ने इंस्टाग्राम पर अपने 70 मिलियन फॉलोअर्स पूरे करने पर अपनी खुशी जाहिर करते इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट करके अपने कैप्शन में लिखा, 'यहां तुम्हे देखते हुए, मेरी 70 मिलियन इंस्टा फैमिली। इस 'गुड न्यूज' को शेयर करके एक्ट्रेस ने फैंस को शुक्रिया कहा है कि उन्होंने कैटरीना को हमेशा सपोर्ट किया है।

## खास खबर

### दिल्ली सरकार ने 6 दिनों को घोषित किया 'ड्राई डे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 26 जनवरी से 31 मार्च तक की अवधि के 6 दिनों को 'ड्राई डे' घोषित किया है और इन दिनों में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। इन दिनों में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), गुरु रविदास जयंती (5 फरवरी), स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती (15 फरवरी), महाशिवरात्रि (18 फरवरी), होली (8 मार्च) और राम नवमी (30 मार्च) शामिल हैं।

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में मार्च के अंत तक छह शुष्क दिवस घोषित किए हैं। इन दिनों पर दिल्ली की 550 से अधिक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। दिल्ली सरकार के सोमवार को जारी एक बयान के मुताबिक, गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को बार और रेस्तरां में भी शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। होटल, क्लब और रेस्तरां को तीन राष्ट्रीय अवकाशों– गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती पर शराब परोसने की अनुमति नहीं है।

### मुंबई पुलिस को मेरी गिरफ्तारी का लक्ष्य दिया गया था: फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस के पूर्व प्रमुख संजय पांडे को उन्हें गिरफ्तार करने का ह्यह्यलक्ष्यह्लह्ल दिया गया था, लेकिन पुलिस अधिकारी इसमें सफल नहीं हो सके, क्योंकि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता फडणवीस ने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल द्वारा यहां आयोजित एक समारोह में कहा, ह्यह्यमहाविकास आघाडी सरकार (एमवीए) ने तत्कालीन मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे को मुझे जेल में डालने का लक्ष्य दिया था। एमवीए सरकार ने मुझे फंसाने या किसी भी तरह (मेरे ऊपर) कुछ आपराधिक आरोप लगाने के आदेश दिए थे। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों के बागी हो जाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार ढह गई थी।

## त्रिपुरा में अकेले चुनाव लड़ेगा मोथा, सभी पार्टियों में उम्मीदवारों का चयन जारी

### जब तक हमें ग्रेटर टिपरालैंड की लिखित प्रतिबद्धता नहीं मिलती है, टिपरा मोथा किसी भी पार्टी के साथ नहीं जाएगा




**अगरतला।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा), विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अथवा कांग्रेस के साथ गठबंधन करने या सीटों के बंटवारे के विकल्पों के साथ आगे बढ़ने की संभावना से इनकार करते हुए शाही वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मन के टिपरा मोथा ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वह त्रिपुरा विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेंगे। प्रद्योत ने कहा, मैं बार-बार अपने रुख को दोहराता रहा हूं जब तक हमें ग्रेटर टिपरालैंड की लिखित प्रतिबद्धता नहीं मिलती है, टिपरा मोथा किसी भी पार्टी के साथ नहीं जाएगा। अभी तक किसी भी पार्टी ने लिखित में नहीं दिया है, हालांकि कांग्रेस और माकपा ने राज्य के मूल निवासियों की समस्याओं के संवैधानिक समाधान के विचार का समर्थन किया लेकिन हम अभी किसी भी पार्टी के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा ने टिपरा को अपने साथ ले जाने के लिए उन्हें धन, सत्ता, पद और कई अन्य चीजों की पेशकश करते हुए राजी करने की कोशिश भी की है। पिछले कुछ महीनों में नेताओं के विभिन्न स्तरों के साथ कई दौर की वार्ता हुई लेकिन वे लिखित में ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का समर्थन करने के लिए सहमत नहीं हुए। इसलिए हमारी पार्टी कुछ दिनों में 60 सदस्यीय विधानसभा की कम से कम 50 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। प्रद्योत ने कहा, मैं सिर्फ चुनाव जीतने और सत्ता के गलियारे में चलने के लिए स्वदेशी लोगों से समझौता या विश्वासघात नहीं करूंगा। हम जानते हैं कि हमारी मांग कानूनी और संवैधानिक है लेकिन केंद्र सरकार को स्वदेशी समुदायों की समस्या का समाधान करना है, जिसका वे दशकों से सामना कर रहे हैं। न्होंने अपने कैडरों को चेतावनी दी, मेरी पार्टी के कुछ लोग चाहते हैं कि हमें गठबंधन के लिए जाना चाहिए क्योंकि हमें कुछ पेशकश की गई थी।

### धनशोधन मामला: संजय राउत मुंबई की अदालत में पेश, 27 फरवरी तक सुनवाई स्थगित

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शिवसेना के नेता एवं सांसद संजय राउत और अन्य आरोपियों के खिलाफ कथित धनशोधन के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा सदस्य राउत विशेष न्यायाधीश आर एन रोकाडे की अदालत में मंगलवार को पेश हुए। मामले में आरोप तय किए जाने से पहले उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

बहरहाल, मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अन्य आरोपियों को समन रिपोर्ट नहीं देने के कारण कार्यवाही नहीं हो सकी। प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई के उपनगर गोरेगांव स्थित पात्रा चॉल की पुनर्विकास परियोजना में हुई वित्तीय अनियमितताओं में राउत की कथित भूमिका के मद्देनजर उन्हें इस साल अगस्त में गिरफ्तार किया था।

एक विशेष अदालत ने पिछले साल नवंबर में उनकी जमानत मंजूर कर ली थी। गोरेगांव में स्थित सिद्धार्थ नगर को पात्रा चॉल के नाम से जाना जाता है। यह 47 एकड़ से अधिक के इलाके में फैला है और इसमें 672 परिवार किराए पर रहते हैं।

# हिमाचल के कबाइली इलाकों में बर्फबारी हिमखंड गिरने की चेतावनी

## रोहतांग दर्रा, अटल टनल रोहतांग, जलोड़ी दर्रा के साथ लाहौल के रिहायशी इलाकों में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो रहा है। मंगलवार और बुधवार को प्रदेश के मैदानी इलाकों में अच्छी बारिश, मध्यम व अधिक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। आज सुबह से किन्नौर, कुल्लू और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर सुबह से बर्फबारी हो रही है। रोहतांग दर्रा, अटल टनल रोहतांग, जलोड़ी दर्रा के साथ लाहौल के रिहायशी इलाकों में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दोनों जिले में पहले से ही 135 से अधिक सड़कें यातायात के लिए ठप हैं। वहीं, मनाली के पलचान में भारी बर्फबारी की सूचना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि अगले 48 घंटे यानी 24 और 25 जनवरी को अधिक ऊंचे इलाकों में भारी हिमपात हो सकता है। प्रदेश में 27 जनवरी तक मौसम खराब रहेगा। गणतंत्र दिवस पर भी कुछेक मैदानी इलाकों में बारिश तथा मध्यम व अधिक ऊंचे क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। इससे ठंड में इजाफा होगा। खासकर अधिक ऊंचे इलाकों में लोगों की दुश्वारियां बढ़ सकती हैं। प्रदेश में बीते सप्ताह की बर्फबारी से पहले ही तीन राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 135 सड़कें बंद पड़ी हैं। सड़कें अवरुद्ध होने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और 120 से ज्यादा रूट पर बस सेवाएं बाधित हैं। प्रदेश के किन्नौर व शिमला जिले की ऊंची चोटियों में भी बर्फबारी हो रही है। उधर, मनाली स्थित सासे ने कुल्लू के साथ लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला व चंबा के पांगी व किलाड़ में हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने सैलानियों और आम लोगों को संवेदनशील इलाकों की ओर नहीं जाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम विभाग बार-बार भारी बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी कर रहा है। मगर, अभी तक अधिक ऊंचे क्षेत्रों को छोड़कर न तो अच्छी बर्फबारी और न ही अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग की माने तो विंटर सीजन में अब तक 49 फीसदी कम बारिश-बर्फबारी हुई है। विंटर सीजन के पहले 22 दिन में 57.3 मिलीमीटर बारिश होती है। मगर इस बार 29.3 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। उन्होंने बताया कि विंटर सीजन के दौरान किन्नौर, ऊना और हमीरपुर में सबसे कम बारिश-बर्फ गिरी है। शिमला का न्यूनतम तापमान 2.6, सुंदरनगर 3.4, भुंतर 2.7, कल्पा माइनस 1.8, धर्मशाला 6.4, ऊना 8.2, नाहन 8.9, केलांग माइनस 7.6, पालमपुर 5.5, सोलन 3.2, मनाली 0.0, कांगड़ा 6.4, मंडी 4.6, बिलासपुर 5.0, हमीरपुर 4.3, चंबा 4.1, डलहौजी 2.3, जुब्बड़हट्टी 5.8, कुफरी 0.3, कुकुमसेरी माइनस 7.4, नारकंडा माइनस 0.9, कसौली 6.0, रिकांगपिओ 0.4, सेऊबाग 1.5, धौलाकुआं 7.0, बरठीं 3.7, पांवटा साहिब 9.0 और सराहन में 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## श्रद्धा हत्याकांड में 6000 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट दायर, अब आरोपी ने की नई मांग

### उसने वकील को बदलने की बात कर दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड में आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ मंगलवार को साकेत अदालत में 6,629 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया। अदालत ने आफताब की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी। बड़ी बात ये है कि उस चार्जशीट को आफताब खुद अपने वकील को नहीं दिखाना चाहता है। उसने वकील को बदलने की बात कर दी है। आफताब पर अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा की हत्या करने और उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में अलग-अलग हिस्सों में फेंकने का आरोप है। जब मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने पूछा कि आरोप पत्र कितने पन्नों का है, तो जांच अधिकारी ने कहा कि इसमें 6,629 पन्ने हैं। इस पर न्यायाधीश ने कहा, यह बहुत बड़ा है। आखिरकार आज अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया।

अदालत ने आफताब की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी। मंगलवार को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर आफताब को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। इस दौरान, आफताब ने अदालत से कहा कि वह अपने वकील एम एस खान को बदलना चाहता है।

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में एयरहोस्टेस से बदसलूकी पैसेंजर की गिरफ्तारी पर मुसाफिरों ने जताया ऐतराज

### घटना का वीडियो सामने आया था जिसमें आरोपी यात्री और एयरहोस्टेस कहासुनी करते दिख रहे हैं



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की दिल्ली-हैदराबाद उड़ान में एयरहोस्टेस से बदसलूकी करने के आरोप में अबसार आलम नामक शख्स को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एयरलाइन के सुरक्षा अधिकारी की शिकायत के बाद मामले में केस दर्ज किया गया है। घटना का वीडियो सामने आया था जिसमें आरोपी यात्री और एयरहोस्टेस कहासुनी करते दिख रहे हैं। स्पाइसजेट की फ्लाइट में एयर होस्टेस से बदसलूकी करने के आरोप में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ये एक्शन फ्लाइट के सिक्योरिटी ऑफिसर की तरफ से दर्ज की गई शिकायत पर लिया है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम 4 बजकर 39 मिनट पर पीसीआर को कॉल करके सूचना दी गई कि दिल्ली से हैदराबाद जा रही स्पाइस जेट की फ्लाइट में एक यात्री ने एक केबिन क्रू के साथ बदसलूकी की है। आरोपी पर गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पैसेंजर का नाम अबसार आलम है, जो दिल्ली के जामिया नगर के रहने वाले हैं। शिकायत में कहा गया है कि फ्लाइट के टेक ऑफ के वक्त आरोपी ने महिला केबिन क्रू से बदसलूकी की है, जिसके बाद पैसेंजर को फ्लाइट से बाहर निकाल कर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इस मामले में एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद आरोपी पैसेंजर को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में फ्लाइट के दूसरे यात्री भी आगे आए हैं। उनका दावा है कि ये महज एक दुर्घटना थी, जिसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। पैसेंजर और एयर होस्टेस के बीच बहस का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा सकता है कि एक बुजुर्ग पैसेंजर एयर होस्टेस से किसी मुद्दे को लेकर बहस कर रहा है। 37 सेकेंड के इस वीडियो क्लिप में एयर होस्टेस अंग्रेजी में चुप रहने के लिए कहती नजर आ रही है। इस पर पैसेंजर कहता है, हिंदी में बात कीजिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि एयर होस्टेस से बहस के दौरान बुजुर्ग पैसेंजर कहता है, आप मेरी बच्ची के बराबर हैं।

## बागेश्वर पीठासीन धीरेंद्र शास्त्री को धमकी देने के मामले में केस दर्ज

### गृहमंत्री ने साइबर सेल को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी



**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम पीठासीन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बागेश्वर धाम पीठासीन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धमकी देने के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। दरअसल रविवार को गढ़ा गांव निवासी लोकेश गर्ग के दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर फोनकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पंडित धीरेंद्र शास्त्री को धमकी दी गयी थी। इसकी शिकायत लोकेश गर्ग द्वारा बमीठा थाने में दर्ज करायी गयी, जिसके बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति की तलाश आरंभ कर दी है। वहीं, प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बागेश्वर धाम के कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को मिली जान से मारने की धमकी के मामले पर कहा कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर सेल को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी। सचिन शर्मा (एसपी, छत्तरपुर) ने बताया कि लोकेश गर्ग ने आवेदन दिया था।

उन्होंने बताया कि उनको दो अलग-अलग नंबरों से धीरेंद्र शास्त्री से बात कराने के लिए कहा था। जब इस व्यक्ति की बात धीरेंद्र शास्त्री से नहीं हो पाई तो इस व्यक्ति ने आवेश में ऐसी चीजें बोली जिसमें अपराध होना पाया गया है। संदिग्ध का नाम अमर सिंह है। सिम धारक की जांच की जा रही है। हमने आईपीसी की धारा 506, 507 लगाई है।

## सीएम शिवराज बोले– पाकिस्तान परस्ती का है कांग्रेस का डीएनए, अनुसूचित जनजाति वर्ग की बैठक पर साधा निशाना

### कांग्रेस की अनुसूचित जनजाति वर्ग की बैठक पर शिवराज ने साधा निशाना



**भोपाल।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर मध्य प्रदेश के उट शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कांग्रेस का उ्रछअ ही पाकिस्तान का है,दिग्विजय सिंह जी सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहे हैं..वो सेना का मनोबल गिराने का काम कर रहे हैं और वो दिखा रहे हैं कि वो पाकिस्तान के साथ खड़े हैं: मैं राहुल गांधी से जवाब मांगता हूं कि ये कैसी यात्रा है? टुकड़े-टुकड़े गैंग आपके साथ चल रहे हैं, सेना का मनोबल गिराया जा रहा है और राहुल गांधी भी सवाल उठा रहे हैं कि सेना कमजोर होगी..ये देशभक्ति नहीं है।

सीएम शिवराज ने कहा, राहुल गांधी के साथ दिग्विजय सिंह भारत जोड़ो यात्रा में साथ चल रहे हैं और दिग्विजय जी सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहे हैं..इससे वो दिखा रहे हैं कि वो पाकिस्तान के साथ खड़े हैं। सीएम ने कहा, कांग्रेस कभी सर्जिकल स्ट्राइक के, कभी रामसेतु और कभी श्री राम के अस्तित्व के सबूत मांगती रहती है। श्री सिंह इस समय राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं और इस प्रकार के सबूत मांग रहे हैं। वे सेना का मनोबल गिराने का पाप कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी से जवाब मांगा कि उनकी ये कैसी 'भारत जोड़ो' यात्रा है, जिसमें टुकड़े-टुकड़े गैंग उनके साथ है। राहुल गांधी भी सेना पर सवाल उठा रहे हैं। ये देशभक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी श्री सिंह के राज में मध्य प्रदेश सिमी का गढ़ हुआ करता था। कांग्रेस कम से कम सेना का मनोबल गिराने का पाप ना करे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस की अनुसूचित जनजाति वर्ग को लेकर आयोजित बैठक पर निशाना साधते हुए आज कहा कि कांग्रेस ने अपनी सरकार के समय विशेष पिछड़ी जनजाति की महिलाओं को दी जाने वाली राशि बंद क्यों की। चौहान ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि उन्हें पता चला है कि कांग्रेस ने अनुसूचित जनजाति वर्ग को लेकर बैठक बुलाई है। इसके साथ ही उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जिस कांग्रेस ने पेसा अधिनियम लागू नहीं किया, क्या उसे जनजाति वर्ग की बात करने का कोई हक है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ केवल वचन पत्र में इस वर्ग से जुड़ी बातें लिखने का ढोंग करते हैं। कांग्रेस ने विभिन्न स्थानों का नामकरण आदिवासी महापुरुषों के नाम पर क्यों नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा कई स्थानों का नामकरण आदिवासी जननायकों के नाम पर करने का उल्लेख भी किया। इसी क्रम में उन्होंने श्री कमलनाथ से सवाल किया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति जैसे बैगा, सहरिया और भारिया की महिलाओं को जो एक हजार रुपए प्रतिमाह की राशि देती थी, उसे 15 महीने में कांग्रेस ने अपनी सरकार में क्यों बंद कर दिया।

### झारखंड एचसी ने बाबूलाल मरांडी की याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए याचिका खारिज कर दी

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की एकल पीठ ने श्री मरांडी की याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के कोर्ट में मामला लंबित है इसीलिए कोर्ट को इसमें न्यायिक हस्तक्षेप करना उचित प्रतीत नहीं होता। इसे ध्यान में रखते हुए इस पिटिशन को खारिज किया जाता है। उल्लेखनीय है कि 5 जनवरी को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व की सुनवाई में झारखंड विधानसभा की ओर कहा गया कि विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में जब तक कोई आदेश बाबूलाल मरांडी के मामले में न हो जाये तब तक झारखंड हाइकोर्ट इस रिट को नहीं सुन सकता है।



रेप के दोषी और डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम द्वारा 40-दिन की परोल पर जेल से बाहर आने के बाद तलवार से केक काटने का वीडियो सामने आया है। रेप व हत्या को लेकर जेल की सजा काट रहे राम रहीम को परोल मिलने के बाद शनिवार को रोहतक (हरियाणा) की जेल से रिहा किया गया था।

# शुरूआती बढ़त गंवाकर भी हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा बाजार, सेंसेक्स 60978 पर

## सेंसेक्स 37.08 अंकों की बढ़त के साथ 60,978.75 अंकों पर जबकि निफ्टी 18,118.30 के लेवल पर बंद हुआ

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारती उतार चढ़ाव के बाद बाजार सपाट ढंग से बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 37.08 अंकों की बढ़त के साथ 60,978.75 अंकों पर जबकि निफ्टी 18,118.30 के लेवल पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी 88 अंकों की गिरावट के साथ 42733 पर बंद हुआ। इस दौरान घरेलू शेयर बाजार में टाटा मोटर्स और मारुति सुज़ुकी के शेयरों में 3.25% की शानदार मजबूती दिखी। मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजों में मुनाफा 130 फीसदी तक बढ़ गया है। इससे कंपनी के शेयरों को मजबूती मिली। वहीं दूसरी ओर तिमाही



परिणामों के बाद एक्सिस बैंक के शेयरों में 2.5% की गिरावट दिखी। पावरग्रिड और एलएंडटी के शेयर भी कमजोरी के साथ बंद हुए। वहीं, डॉलर के मुकाबले रुपए में 33 पैसे की गिरावट दर्ज की गई और यह 81.72 रुपये के लेवल पर बंद हुआ। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय शेयरों में लिवाली से मंगलवार को शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार मजबूती के रुख के साथ खुले। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 273.27 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,214.94 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 21 शेयर लाभ में थे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61,122.20 अंक पर मजबूत खुलने के बाद 61,266.06 अंक के उच्चस्तर तक गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरूआती कारोबार में 66.70 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,185.25 अंक पर पहुंच गया। शुरूआती कारोबार में निफ्टी 18,156.55 से 18,201.25 अंक के दायरे में घूमता रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और मारुति के शेयर लाभ में थे। वहीं पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में थे।

### 57 हजार 362 रुपए पर पहुंचा, साल के आखिर तक 64 हजार रुपए तक जा सकती है कीमत



साल के पहले महीने यानी जनवरी में सोने की चमक लगातार बढ़ रही है और इसी का नतीजा है कि ये लगातार कीमत के कीर्तिमान बना रहा है। आज मंगलवार को सोने ने फिर नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 24 जनवरी को सरार्फा बाजार में सोना 312 रुपए महंगा होकर 57 हजार 362 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने ने 20 जनवरी को हाई बनाया था, जो 57 हजार 50 रुपए था। जनवरी महीने में अब तक सोना 2,427 रुपए महंगा हो चुका है। इस महीने की शुरूआत में ये 54 हजार 935 रुपए पर था, जो अब 57 हजार 362 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। साल के आखिर तक यह 64 हजार तक जा सकता है।

## अनुराग गुप्ता अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, भारत के उपाध्यक्ष और ग्लोबलमर्चेंट एवं नेटवर्क सर्विसेज के प्रमुख नियुक्त

**नयी दिल्ली।** अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, (एईबीसी) ने अनुराग गुप्ता को भारत में उपाध्यक्ष और ग्लोबल मर्चेंट एवं नेटवर्क सर्विसेज का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की है। इससे एक्वायरिंग एवं नेटवर्क कार्ड इश्यूएंस टीम एक ही व्यक्ति के नेतृत्व में आ गई है। अनुराग अपनी नयी भूमिका में एमेक्स मर्चेंट कवरेज का दायरा बढ़ाने और वह नेटवर्क बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे जो भारत में बैंक साझीदारियों के जरिये अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड जारी करता है। इस नियुक्ति के बारे में अनुराग गुप्ता ने कहा, मैं इस नयी भूमिका को लेकर उत्साहित हूं। भारत में डिजिटल भुगतान में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की जा रही है और मैं इस देश में इन अवसरों का दोहन करने और साथ ही नए ग्राहक बनाने और कार्ड जारी करने दोनों ही लिहाज से इस बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने की संभावना तलाश रहा हूं। मैं हमारे मौजूदा साझीदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ करने, पोर्टफोलियो बढ़ाने, नए उत्पाद लांच करने और सभी भागीदारों के लिए अधिक कारोबार



हासिल करने पर काम करूंगा। अनुराग पिछले 18 साल से अधिक समय से अमेरिकन एक्सप्रेस का हिस्सा रहे हैं और भारत एवं अन्य वैश्विक बाजारों में विभिन्न कारोबारों, कामकाज एवं भूमिकाओं का निर्वहन करते रहे हैं। पीएंडएल, रणनीति प्रबंधन, साझीदारों और वृहद बिक्री टीमों को आगे बढ़ाने, वैश्विक परिचालनों को नेतृत्व प्रदान करने, ग्राहक सेवा और महत्वपूर्ण रणनीतिक परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का उनका सतत ट्रैक रिकार्ड रहा है। अनुराग शानदार परिणाम देने की अपनी क्षमता और कारोबारी साझीदारों के प्रबंधन में अपने संबंध कौशल के लिए अत्यधिक सम्मानित हैं। उनकी नियुक्ति भारत में अमेरिकन एक्सप्रेस के नए साझीदार हासिल करने में तेजी लाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## प्रेपलैडर ने ड्रीम टीम के अगले संस्करण की घोषणा की, नैक्स्ट जनरेशन का लर्निंग अनुभव पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बढ़ते आनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक, प्रेपलैडर ने ड्रीम टीम नैक्स्ट एडिशन और एक एडवांस्ड एग्जाम प्रिपरेशन टूल, क्यूबैंक नैक्स्ट एडिशन की घोषणा की है। ड्रीम टीम नैक्स्ट एडिशन में विद्यार्थियों को लर्निंग के नए अनुभव प्रदान करने के लिए सर्वोच्च फैकल्टी सदस्य शामिल हैं, जो चिकित्सा के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ हैं।क्यूबैंक का नैक्स्ट एडिशन एक बेहतरीन प्रिपरेशन टूल है, जो लर्नर्स को नैक्स्ट परीक्षा के फॉर्मेट में परीक्षाओं की अपनी तैयारी को बारीकी से समझने में मदद करेगा।ड्रीम टीम नैक्स्ट और क्यूबैंक नैक्स्ट द्वारा प्रेपलैडर का उद्देश्य नेशन एग्जिट टेस्ट (नैक्स्ट) सिलेबस के अनुरूप पोस्टग्रेजुएट मेडिकल विद्यार्थियों को नैक्स्ट जनरेशन का लर्निंग अनुभव प्रदान करना है।

अपने प्लेटफॉर्म पर 2.5 लाख से ज्यादा लर्नर्स के साथ प्रेपलैडर अब नैक्स्ट परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रत्याशियों को उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री और नई ड्रीम टीम फैकल्टी प्रदान कर मेडिकल पोस्टग्रेजुएट उद्योग में अपनी पहुँच मजबूत करना चाहता है।

## देश का सेवा निर्यात चालू वित्त वर्ष में 300 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार करेगा : पीयूष गोयल

### गोयल बोले-भारत-ब्रिटेन एफटीए में दोनों देशों को स्वीकार्य चीजों पर ध्यान दे रहे हैं

**गांधीनगर।** देश का सेवा निर्यात क्षेत्र काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यह बात कही। गोयल ने यहां कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में सेवाओं का निर्यात करीब 20 प्रतिशत बढ़कर 300 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के निर्यात की बात की जाए, तो यह क्षेत्र भी स्वस्थ वृद्धि दर्ज कर रहा है। दुनिया में मंदी, मुद्रास्फीतिक दबाव और जिंसों की ऊंची कीमतों के बावजूद वस्तुओं का निर्यात अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सब दबावों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में देश का निर्यात नौ प्रतिशत बढ़ा है। गोयल ने कहा, सेवाओं की बात करें, तो हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सेवाओं के मामले में हम निर्यात में कम से कम 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेंगे। हम 300 अरब डॉलर के सेवा निर्यात के




लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों तथा दुनिया के प्रत्येक हिस्से से दबाव की खबरों के बीच कुल मिलाकर यह एक बहुत ही संतोषजनक साल होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के संरचनात्मक सुधारों तथा मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे कदमों के नतीजे दिखने लगे हैं। अप्रैल-दिसंबर 2022-23 के दौरान, कुल निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 332.76 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 24.96 प्रतिशत बढ़कर 551.7 अरब डॉलर रहा है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में व्यापार घाटा बढ़कर 218.94 अरब डॉलर हो गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 136.45 अरब डॉलर रहा था। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तुओं का निर्यात 422 अरब डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता में इस बात पर ध्यान दिया गया है कि दोनों देशों को क्या स्वीकार्य है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा को बाधित नहीं होने दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र वीजा कभी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हिस्सा नहीं होते हैं। भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ छठे दौर की वार्ता पूरी की है और अगला दौर जल्द आयोजित किया जाएगा। द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिटेन के साथ बातचीत पिछले साल 13 जनवरी को शुरू हुई थी।

## यूपीनेडा ने लक्ष्य से 400 प्रतिशत के करीब निवेश वाले एमओयू किए फाइनल

**लखनऊ।** अगले माह फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से पहले विभागों के बीच अधिक से अधिक निवेश जुटाने की एक स्वस्थ परंपरा शुरू हो गई है। खासतौर पर डिपार्टमेंट ऑफ एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी (यूपीनेडा) ने लक्ष्य के 400 प्रतिशत के करीब निवेश प्रस्तावों को एमओयू में परिवर्तित किया है। विभाग को सरकार की ओर से 60 हजार करोड़ का निवेश जुटाने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन यूपीनेडा ने 20 जनवरी तक करीब 2.20 लाख करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित एमओयू पर साइन कर लिए थे। यही नहीं, ऊर्जा विभाग ने भी एक लाख करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1.16 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश से संबंधित एमओयू किए। इस तरह ऊर्जा क्षेत्र में अब तक 3.40 लाख करोड़ रुपए के निवेश की राह साफ हो गई है। यूपीनेडा को शुरूआत में 40 हजार करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 60 हजार करोड़ कर दिया गया।

## जियो ने एक साथ 50 शहरों में शुरू की ट्रू 5जी सेवाए, अब तक 184 शहरों तक पहुंच चुकी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50 शहरों में एक साथ ट्रू5जी लॉन्च करके रिलायंस जियो ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही जियो ट्रू 5जी नेटवर्क से जुड़ने वाले शहरों की संख्या 184 तक पहुंच गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पानीपत, रोहतक, करनाल, सोनीपत और बहादुरगढ़ भी जियो ट्रू 5जी से जुड़ गए हैं। एनसीआर शहरों के साथ हरियाणा से जुड़ने वाले अन्य शहर हैं अम्बाला, हिसार और सिरसा। उत्तर प्रदेश के झांसी, अलीगढ़, मुरादाबाद और सहारनपुर में भी जियो ट्रू 5जी सेवाएं शुरू हो गई हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के 7, ओडिशा के 6, कर्नाटक के 5, छत्तीसगढ, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के तीन-तीन, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के दो-दो और असम, झारखंड, केरल, पंजाब और तेलंगाना का एक-एक शहर भी जियो ट्रू 5जी नेटवर्क से कनेक्ट हो गए। इस लॉन्च के साथ ही गोवा और पुदुचेरी भी






5जी के मैप पर उभर आए हैं। रिलायंस जियो इनमें से अधिकांश शहरों में 5जी सेवाएं शुरू करने वाला पहला और एकमात्र ऑपरेटर बन गया है। इन शहरों के जियो यूजर्स को जियो वेलकम ऑफर के तहत आमंत्रित किया जाएगा।आमंत्रित यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के 1 जीबीपीएस प्लस स्पीड पर अनलिमिटेड डेटा मिलेगा। जियो प्रवक्ता ने कहा 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50 शहरों में एक साथ जियो ट्रू5जी लॉन्च करने हम बेहद रोमांचित हैं। जियो ट्रू 5जी से जुड़ने वाले शहरों की कुल संख्या 184 हो गई है। यह भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में 5जी सेवाओं के सबसे बड़े रोलआउट में से एक है।

## रुपया शुरूआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 81.68 प्रति डॉलर पर

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को रुपया शुरूआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 81.68 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि स्थानीय शेयर बाजारों में बढ़त तथा अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से हालांकि रुपये का नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 81.48 प्रति डॉलर पर कमजोर खुलने के बाद 81.68 प्रति डॉलर पर आ गया। सोमवार को रुपया 81.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि पूंजी बाजार से विदेशी कोषों की निकासी का स्थानीय मुद्रा पर असर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 88.21 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत के नुकसान से 101.96 पर आ गया।

## दिसंबर तिमाही में रियल्टी क्षेत्र की धारणा हुई कमजोर, पर सकारात्मक दायरे में कायम

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक चिंता तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर परिदृश्य के बीच चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र का धारणा सूचकांक नीचे आ गया है। हालांकि, यह अब भी सकारात्मक दायरे में बना हुआ है। नाइट फ्रैंक और नारेडको ने यह जानकारी दी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के भविष्य के धारणा सूचकांक में मामूली सुधार हुआ है। यह सूचकांक अगले छह महीने के परिदृश्य के बारे में बताता है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय नारेडको ने अपनी ह्यरियल एस्टेट धारणा सूचकांक तिमाही चार-2022 (अक्टूबर-दिसंबर-2022) रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा धारणा स्कोर तीसरी तिमाही के 61 से घटकर चौथी तिमाही में 59 पर आ गया है। यह धारणा सूचकांक आपूर्ति पक्ष के हितधारकों मसलन डेवलपर्स, निवेशक और वित्तीय संस्थानों के सर्वे पर आधारित है। 50 से ऊपर का स्कोर का मतलब सकारात्मक धारणा से



है। जबकि 50 से कम का स्कोर नकारात्मक धारणा को दशार्ता है। सलाहकार कंपनी ने कहा कि धारणा में नरमी मुख्य रूप से कमजोर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तथा रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुए भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आई है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट उद्योग के निरंतर जुझारू क्षमता दिखाने से भविष्य का धारणा स्कोर 2022 की तीसरी तिमाही के 57 से बढ़कर चौथी तिमाही में 58 हो गया है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति और मजबूत घरेलू मांग से भारत एक अनिश्चित वैश्विक माहौल में बेहतर प्रदर्शन करने वाला देश रहा है।

## नकली उत्पाद भारत के बाजार का 25-30 फीसदी : एएसपीए और क्रिसिल की रिपोर्ट

**आगरा।** नकली उत्पाद भारत के सभी महत्वपूर्ण उद्योगों जैसे फार्मास्युटिकल्स, एफएमसीजी, ऑटोमोटिव्स, परिधान, कन्ज्यूमर ड्यूरेबल्स/ इलेक्ट्रोनिक्स, कृषि उत्पादों-के स्थायी विकास को प्रभावित कर रहे हैं, एएसपीए और क्रिसिल द्वारा जारी नई रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। यह रिपोर्ट भारत के 12 शहरों (दिल्ली, आगरा, जलंधर, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, इंदौर, कोलकाता, पटना, चेन्नई, बैंगलोर और हैदराबाद) में उपभोक्ताओं एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसके द्वारा विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में नकली उत्पादों के बारे में जानने का प्रयास किया गया है। सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि उपभोक्ताओं की धारणा के मुताबिक बाजार में नकली उत्पादों की सीमा 25-30 फीसदी है, जो उद्योग जगत के अनुमानों की तुलना में अधिक है। सबसे ज्यादा जालसाजी गतिविधियां एफएमसीजी, परिधान एवं कृषि रसायन क्षेत्रों में सामने आई हैं (तकरीबन 30 फीसदी), इसके बाद फार्मास्युटिकल, ऑटोमोटिव एवं कन्ज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में भी नकली उत्पादों के बहुत अधिक मामले (20-25 फीसदी) पाए गए हैं। सर्वेक्षण के अनुसार तकरीबन 80 फीसदी उपभोक्ताओं ने इस बात को स्वीकारा कि बाजार में नकली उत्पाद मौजूद हैं और कई कारणों के चलते मजबूरी में ऐसे नकली उत्पाद खरीदते हैं जैसे कीमत के प्रति संवेदनशीलता, मांग और आपूर्ति के बीच अंतर, लक्जरी ब्राण्ड खरीदने की चाहत, साथियों का दबाव एवं सामाजिक प्रेरणा। 27 फीसदी उपभोक्ता खरीद के समय इस बात से अनजान थे कि उनके द्वारा खरीदे गए उत्पाद नकली थे। ऐसे में इस मुद्दे और नकली उत्पादों को पहचानने के तरीकों के बारे में जागरुकता बढ़ाना और भी जरूरी हो जाता है। परिधान (31 फीसदी), एफएमसीजी (28 फीसदी), ऑटोमोटिव (25 फीसदी) शीर्ष पायदान के उद्योग हैं जहां उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा नकली उत्पादों का सामना करना पड़ा। इसके बाद फार्मास्युटिकल्स (20 फीसदी), कन्ज्यूमर ड्यूरेबल्स (17 फीसदी) और कृषि रसायन (16 फीसदी) में भी बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद पाए गए। यह जानने के बावजूद भी कि उन्हें बेचे गए उत्पाद नकली हैं, अक्सर उपभोक्ता इसके बारे में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए श्री नकुल पसरीचा, अध्यक्ष, ऑथेन्टिकेशन सोल्युशन प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (अरढअ) ने कहा, ह्यह्यभारत में वित्तीय वर्ष में नकली माल का कारोबार रु 2.6 ट्रिलियन का हुआ, और इसने लगभग सभी उद्योगों को प्रभावित किया। देश के सभी उद्योगों में यह कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे हैं।





## मारुति ने बुलाई 11,177 ग्रैंड विटारा: जनवरी में दूसरी बार किया रिकॉल, इस बार रियर सीट बेल्ट में मिला डिफेक्ट

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी ऑटो मैन्युफैक्चरर कंपनी मारुति सुजुकी ने ग्रैंड विटारा की 11,177 यूनिट्स को रिकॉल किया है। कंपनी ने बताया कि 8 अगस्त 2022 से 15 नवंबर 2022 के बीच बनाई गई इस एसयूवी की बैक सीट के सीट बेल्ट में टेक्निकल डिफेक्ट आ रहा है। इस कारण इन्हें रिकॉल किया गया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि गैंड विटारा की रियर सीट बेल्ट में माउंटिंग ब्रेकेट में खराबी पाई गई है। लॉन्ग ड्राइव के दौरान सीट बेल्ट ढीली हो रही। ऐसे में हादसा होने पर इसके वर्क करने में परेशानी आ सकती है। इस कारण कंपनी ने इस डिफेक्ट को सही करने के लिए ग्रैंड विटारा के कस्टमर को रिकॉल किया है। मारुति सुजुकी के अधिकृत वर्कशॉप ग्रैंड विटारा के कस्टमर से संपर्क करेंगे और फ्री में पार्ट बदलेंगे। मारुति का जनवरी के महिने में यह दूसरा रिकॉल है। कंपनी ने इससे पहले 8 दिसंबर, 2022 से 12 जनवरी, 2023 के बीच बनाई गई 17,362 गाड़ियों को रिकॉल किया था। इनमें ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, ईको, ब्रेजा ग्रैंड विटारा और बलेनो शामिल थीं। इन गाड़ियों के एयरबैग कंट्रोलर्स में खराबी आ गई थी। बता दें कि कंपनी ने 16 जनवरी को ही अपने सभी मॉडल्स के प्राइस 1.1% बढ़ाए थे। इससे पहले कंपनी ने 2 से 28 नवंबर 2022 के बीच निर्मित कुल 9,125 गाड़ियों को रिकॉल किया था। इन मॉडल्स में सियाज, ब्रेजा, अर्टिगा, एक्सएल6 और ग्रैंड विटारा शामिल थीं। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा था कि फॉल्टी पार्ट का रिप्लेसमेंट फ्री ऑफ कॉस्ट होगा। पिछले साल मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने तीन मॉडलों वैगन आर, सेलेरियो और इग्निस की 9,925 यूनिट भी वापस बुलाई थीं। इसका कारण रियर ब्रेक असेंबली पिन में गड़बड़ी थी। इन व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग 3 अगस्त से 1 सितंबर 2022 के बीच की गई थी।





### संक्षेप

## वित्त मंत्रालय की निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ बैठक, वित्तीय समावेशन योजनाओं पर प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मंगलवार को निजी क्षेत्र के बैंक अधिकारियों से मुलाकात कर उनके द्वारा प्रमुख वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर की गई प्रगति की समीक्षा की। वित्तीय सेवा विभाग ने ट्वीट किया, ह्यह्यवित्तीय सेवा विभाग के सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में निजी क्षेत्र के बैंक, छोटे वित्तीय बैंक और भुगतान बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में वित्तीय समावेशन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जोशी ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से मुलाकात कर उनसे विभिन्न योजनाओं के लिए चालू वित्त वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आग्रह किया था। बैठक में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा (जन सुरक्षा) योजनाओं-प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि) और एग्री क्रेडिट आदि की प्रगति की समीक्षा की गई।

## टाइड ने एमएसएमई के लिए बिजनेस अकाउंट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एमएसएमई के विकास की बाधाओं को दूर करने और पूरे लखनऊ में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए, यूके के प्रमुख एसएमई-केंद्रित व्यावसायिक वित्तीय मंच टाइड ने टाइड ऐप के लॉन्च की घोषणा की। यह फिनटेक का लक्ष्य इस क्षेत्र में 73,000 से अधिक एमएसएमई को समय और पैसा बचाने और उनकी विविध जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। भारत में 6.4 करोड़ से अधिक एमएसएमई हैं, जो देश की जीडीपी में करीब 30 प्रतिशत का योगदान करते हैं। एमएसएमई मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार, उत्तर प्रदेश 89.99 लाख उद्यमों के साथ देश में एमएसएमई की संख्या में शीर्ष दस राज्यों में शीर्ष स्थान पर है। राज्य के भीतर, 75 जिलों में, लखनऊ समग्र एमएसएमई आधार के प्रतिशत हिस्से में पहले स्थान पर है। इसी के अनुरूप, बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म ने ट्रांसकॉर्प (आरबीआई द्वारा विनियमित पीपीआई जारीकर्ता) के साथ साझेदारी में दो व्यावसायिक बैंकिंग समाधान पेश किए हैं - टाइड बिजनेस अकाउंट और रुपे-संचालित टाइड एक्सपेंस कार्ड। टाइड का लक्ष्य अगले 24 महीनों में भारत में 5 लाख एसएमई को शामिल करना है। टाइड का मानना है कि भारत का व्यापार संभावित रूप से 10 करोड़ राजस्व का अवसर है और उनका उद्देश्य उचित समय पर भारत में एक बड़ा व्यवसाय बनाना है। एसएमई जो टाइड बिजनेस अकाउंट के लिए साइन अप करते हैं, उनके पास संपर्क रहित सेवाओं तक पहुंच होगी वे इन-स्टोर खरीदारी (संपर्क रहित टैप और भुगतान सहित), ई-कॉमर्स खरीदारी, नकदी निकालने और अन्य भुगतान। के लिए निः शुल्क टाइड एक्सपेंस कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। टाइड के सीईओ डॉ. ओलिवर प्रिल ने कहा, ₹टाइड के पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार भारत में इस उत्पाद को लॉन्च करते हुए हमें खुशी हो रही है।

## एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की। इस तिमाही में प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 5,853 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में यह राशि 3,614 करोड़ रुपए थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना 32 फीसदी और तिमाही आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 11,459 करोड़ रुपए दर्ज की गई, जबकि क्यू2 एफवाई22 में यह राशि 8,653 करोड़ रुपए थी। क्यू3एफवाई23 के लिए इसका नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) 4.26 फीसदी रहा, जिसमें सालाना आधार पर 73 बीपीएस और तिमाही आधार पर 30 बीपीएस का सुधार हुआ है। क्यूएबी के आधार पर, सीएएसए 10 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि सीएएसए रेशियो 44 प्रतिशत था जो सालाना आधार पर 18 प्रतिशत अधिक था। 31 दिसंबर 2022 तक, बैंक का सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए स्तर 2.38 प्रतिशत और 0.47 प्रतिशत दर्ज किया गया। क्यू3एफवाई23 के लिए बैंक की शुल्क आय सालाना 23 प्रतिशत बढ़कर 4,101 करोड़ रुपए हो गई। खुदरा शुल्क में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बैंक की कुल शुल्क आय का 69 प्रतिशत था। कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 9एम एफवाई23 के लिए लाभ सहित 15.55 प्रतिशत के सीईटी1 रेशियो सहित 19.51 प्रतिशत रहा। अमिताभ चौधरी, एमडी और सीईओ, एक्सिस बैंक ने टिप्पणी की, वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत अर्थव्यवस्था और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण स्थिरता और अवसरों की पेशकश करते हुए एक उज्ज्वल स्थान के रूप में खड़ा है। पिछली कुछ तिमाहियों में बनी इस शानदार गति का लाभ उठाने के लिए बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में है। एक्सिस बैंक लगातार अपनी क्षमताओं में इजाफा कर रहा है, जो अच्छी व्यावसायिक वृद्धि और शानदार साझेदारियों से उत्साहित है। सिटी का विलय बहुत अच्छी तरह से आकार ले रहा है, और हम ग्राहकों और कर्मचारियों से समान रूप से मिल रही प्रतिक्रिया से बेहद खुश हैं। हम एक्सिस परिवार में उन सभी का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

## तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 23.01.2023 को चेन्नई में आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही और दिसंबर 2022 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए बैंक के समीक्षा किए गए परिणामों को रिकॉर्ड में लिया। श्री. बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ एस कृष्णन ने परिणाम घोषित किए। इस अवसर पर मुख्य वित्तीय अधिकारी, महाप्रबंधक और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।दिसंबर 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही में तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक का कुल कारोबार 5.69 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 78,242 करोड़ रहा। बैंक का जमा और अग्रिम पोर्टफोलियो क्रमशः 43,440 करोड़ और 34,802 करोड़ था। प्राथमिकता और एमएसएमई क्षेत्र को ऋण-बैंक कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, आवास आदि जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को अग्रिम देने पर लगातार जोर दे रहा है। बैंक के एएनबीसी का 79.67 प्रतिशत हिस्सा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को, 40 प्रतिशत की विनियामक आवश्यकता से ऊपर।प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम 10.33 फीसदी की वृद्धि दर के साथ बढ़कर 25,636 करोड़ (पीवाई 23,235 करोड़) हो गया है। कृषि क्षेत्र के लिए बैंक का अग्रिम 10,620 करोड़ रहा। कृषि क्षेत्र के लिए अग्रिम कुल अग्रिमों का 30.52 फीसदी हिस्सा है, जो 18 प्रतिशत की नियामक आवश्यकता से ऊपर है। एमएसएमई क्षेत्र के लिए ऋण 7.38 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बढ़कर 12,870 करोड़ (पीवाई 11,986 करोड़) हो गया है।

## मारुति का तीसरी तिमाही का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 2,351 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 2,351.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,011.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 27,849.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 22,187.6 करोड़ रुपये रही थी। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी ने तिमाही के दौरान 4,65,911 वाहन बेचे। बीएसई पर कंपनी का शेयर 2.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,625 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

# सारथी वाहन को चिकित्साधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जागरूकता**

**परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेगा सारथी वाहन**

**जनसंदेश न्यूज**



सारथी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते चिकित्साधिकारी

**खेतासराय।** परिवार नियोजन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर मंगलवार की सुबह प्रभारी चिकित्सा प्रभारी के निर्देशन में चिकित्साधिकारी डॉक्टर मसूद खान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जो चार दिन तक क्षेत्र में परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेगा।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रमेश चंद्रा के निर्देशन में देश मे तेजी से बढ़ रही जनसंख्या को नियंत्रित व लोगों को जागरूक कर परिवार नियोजन के लिये सारथी वाहन को चिकित्साधिकारी डॉक्टर मसूद अहमद खान व डॉक्टर सुधाकर चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्री खान ने बताया कि सारथी वाहन लगातार चार दिनों तक क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करेगा ताकि परिवार नियोजन हो सके। वहीं डॉक्टर श्री चौहान ने बताया कि दो बच्चों का लक्ष्य महान, लड़का-लड़की एक समान, छोटा परिवार सुखी परिवार के थीम को साकार करने के लिये शासन द्वारा सारथी वाहन भ्रमण कर लोगों को जानकारी देगा।

साथ ही साथ परिवार नियोजन के लिए अन्य साधन जैसे कंडोम माला डी, अंतरा इंजेक्शन, पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी की भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से शिक्षा स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह, डा. हीरालाल, बीपीएम सुजीत कुमार मौर्य, प्रशिक्षण अधिकारी राहुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता लोकतंत्र के सजग प्रहरी : तूफानी सरोज

**आयोजन**

**बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

**जनसंदेश न्यूज**



शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते विधायक

**केराकत।** अधिवक्ता लोकतंत्र के एक सजग प्रहरी है। देश के लोकतंत्र व संविधान को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने हमेशा संघर्ष किया है। सोमवार को तहसील बार के सभागार में आयोजित बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक तूफानी सरोज ने उक्त बातें कही।

उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों से अधिवक्ता जैसे देश के सबसे बुद्धिजीवी मानने वाले से रूबरू कराते हुए उसकी गरिमा को बनाए रखते हुए संविधान के अनुसार सबको न्याय सुलभ कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि कुछ ताकतें पिछले कुछ सालों से लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने की साजिश कर रही है। अधिवक्ता संघ ही उन जड़ो को मजबूती प्रदान करने का साहस दिखाती है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सिविल कोर्ट बार के अध्यक्ष एवं कलेक्ट्रेड बार के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने अधिवक्ताओं को उनके पद की गरिमा को समझाकर समाज के लिए आगे आने की नसीहत दी। तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहने की बात कही। विधायक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव व महामंत्री उदयराज कन्नौजिया सहित अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नमःनाथ शर्मा, शारदा प्रसाद यादव, दिनेश शुक्ला, हिरेन्द्र यादव, अनिल सोनकर, गांगुली आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद व संचालन महेन्द्र शंकर पाण्डेय ने किया।


## संक्षेप

### भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बने शैलेंद्र



**जौनपुर।** शिक्षक नेता शैलेंद्र यादव को भारतीय किसान संगठन का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने लखनऊ कार्यालय में एक बैठक कर पदाधिकारियों से विचार विमर्श करते हुए सबकी सहमति से मनोनयन किया। शैलेंद्र यादव विकासखंड महाराजगंज के ग्राम रमदेईया पोस्ट कोल्हुआ के निवासी हैं और शिक्षा सेवा में भी जुडे है। इस मनोनयन पर शैलेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी तन्मयता कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा और किसानों व मजदूरों समस्याओं का निदान करते हुए उनके हक की लड़ाई ईमानदारी और निष्ठा से लड़ी जाएगी। शैलेंद्र यादव के मनोनयन पर किसान नेताओ ने उनसे मिलकर बधाई दिया।

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा विविध कार्यक्रम कम्पोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक सुबाष सरोज ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन लड़कियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है ताकि लड़कियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बराबर की सहभागिता कर सकें। किसी भी तरह की लैंगिक असमानता व भेदभाव न हो सके। समाज के विकास में बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है जो परिवार समाज और देश को स्वस्थ रखने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि हमारा समाज बालिकाओं को लेकर पूर्णरूपेण सचेष्ट और जागरूक रहे यही उद्देश्य है इस कार्यक्रम का। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, बालिका शिक्षा, बालिका लिंगानुपात, बाल विवाह और उसके कानूनी अधिकार, बालिकाओं की देखभाल चिकित्सा और सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार पाने वाली छात्रा रिया यादव व साक्षी यादव को मुख्य मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया। प्रधानध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि बालिका के बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बालिका का विकास देश और राष्ट्र का विकास है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से संदीप सिंह, मनोज राय, राम सजीवन यादव, त्रिभुवन राम, संजय यादव, कंचन, नीलम, शालिनी इत्यादि ने अपने विचार रखे। पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मास्टर ट्रेनर बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान संजय उपाध्याय ने बताया कि बालिका जागरूकता अभियान संस्था द्वारा शत प्रतिशत चलाया जाएगा।

### विधायक ने मृतक के घर पहुंच व्यक्त की शोक संवेदना

**जफराबाद ।** थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी अमिताभ मिश्रा की कुछ दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। केराकत विधायक तुफानी सरोज ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहाकि आपकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करवाने में आपकी पूरी मदद की जाएगी। इसके बाद नाथूपुर निवासी अनिल सिंह की मौत होने पर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें भी सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता इंदू सिंह पम पम, सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डाक्टर सरफराज खान, सपा यूथ बिग्रेड के जिला अध्यक्ष रजनीश मिश्रा, राजेंद्र यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### किशोरी ने खाया विषाक्त पदार्थ

**शाहगंज।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत डेहरी गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज हेतु निजी नर्सिंग होम भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि सरपतहां थाना क्षेत्र के कटका डेहरी गांव निवासी 15 वर्षीय प्रिंसी पुत्री हरिश्चंद्र ने मंगलवार को परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर घर में रखे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर हालत गंभीर देख परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### जिला कारगार में बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार ज्ञानपुर में बंदियों को स्वस्थ्य रखने व संक्रामक बीमारियों के रोकथाम हेतु सुभिक्षा प्लस कार्यक्रम व जिला अस्पताल के सहयोग से एचआईवी, टीवी जाँच का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 45 बन्दियों की जाँच की गयी। जांच में सभी बन्दी निगेटिव पाये गये। उक्त कार्यक्रम में सुभिक्षा प्लस कार्यक्रम के संजीत पाण्डेय व जिला अस्पताल से परामर्शदाता फैजुल असरफ मौजूद रहें।

# खेल शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रखता है : डॉ. अब्दुल कादिर

**प्रतियोगिता**

**वुशू प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का रहा दबदबा**

**प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण पदक, 2 कांस्य, 1 रजत पदक हासिल**



**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन श्री महंत राम आसरे दास पीजी कॉलेज भुखूरा गाजीपुर में हुआ। वुशू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का दबदबा रहा। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को नौ स्वर्ण पदक, दो कांस्य पदक, एक रजत पदक प्राप्त हुए। प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इस प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सिकन्दर यादव ने 48 किलो भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं पुरुष वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में अवनीश कुमार, मनोज, अरविंद, सुशील ने प्रतिभाग कर के पदक हासिल किए एवं महिला वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में कौशल्या, किरन, अर्पिता यादव, अंजली ने पदक प्राप्त किए वहीं पाऊलू तावडू में मीका सिंह और खुशबू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। खेल हमेशा हमें शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रखता है और हमें एक जीवन में एक नए आयाम की तरफ ले जाने में अग्रसर होता है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहाकि जिले के साथ-साथ कॉलेज का भी नाम रौशन किया है। कालेज खेल कोच मोहम्मद शफीक उर्फ किरमानी ने यह सूचना अवगत करायी। इस सूचना के प्राप्त होते ही महाविद्यालय में खुशी देखी गई।

### पूर्व कुलपति के निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोकसभा

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ प्रांगण में जनपद के गौरव स्व. डॉक्टर कीर्ति सिंह पूर्व वाइस चांसलर के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल देव सिंह की अध्यक्षता में हुई। शोक सभा में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, जगत नारायण तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्ताओं ने स्व. सिंह को जनपद का गौरव बताते हुए कहा कि श्री सिंह तीन बार कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय को चलाने में अपना योगदान दिए। मुख्य रूप से डॉक्टर फैजाबाद से कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराने में कुलपति के रूप में उनके विकास में अपना योगदान प्रदान किया। स्वर्गीय सिंह प्रतिभा के धनी व कार्य मुक्त होने पर जिस तरीके से जनहित का कार्य किया। उसके लिए वह सदैव भी याद किए जाएंगे। उनके निधन से समस्त शैक्षणिक बौद्धिक संस्थाएं स्तब्ध हैं, उसकी पूर्ति किया जाना संभव नहीं है। अंत में सभी अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर कि उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। श्री सिंह अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सदैव याद किए जाएंगे।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर किया नमन



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव समेत अन्य नेताओं ने उन्हें नमन कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को नमन करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी का जन्म ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के पितौझिया गांव में 24 जनवरी 1924 को हुआ था, जिसे अब कपूरीग्राम कहा जाता है। कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। वह शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। वह बहुत ही उदार व सरस हृदय के नेता माने जाते थे। पिछड़ों की सेवा भाव ही उनके चरित्र में विद्यमान रहती थी जिसके चलते समाज में उन्हें जननायक के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने पिछड़ों की लड़ाई लड़ते हुए 27 फीसदी का आरक्षण दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह हमारे समाज के लिए किसी एक अभिन्न आदर्श से कम नहीं है। जंयती के अवसर पर मुख्य रूप यशवंता यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, दीपचन्द राम, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, राजेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने किया।

## संक्षेप

### हजारों बच्चियां करती रहीं इंतजार, प्रोटोकॉल आने के बाद भी नहीं आयीं राज्य मंत्री



**भदोही।** नगर के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय भदोही चैंपियनशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम मिशन शक्ति के अंतर्गत मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में हजारों बच्चियों को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया था जिसका संयुक्त प्रदर्शन नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ ।जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम का आगमन सरकारी प्रोटोकॉल के अनुरूप होना था, जिसकी भव्य तैयारी हजारों छात्राओं की उपस्थिति में हुआ था किंतु भदोही आकार भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। उनकी अनुपस्थिति में वीर शहीद सुलभ उपाध्याय के पिता अशोक उपाध्याय मुख्य अतिथि और वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अंब्रिश सिंह द्वारा कार्यक्रम में झंडा रोहण करके और दीप प्रज्जवलित करके किया गया। जिसमे सैकड़ों भदोही के प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। भदोही विधायक जाहिद बेग सहित तमाम मानिंद लोग उपस्थित रहे। दूसरे दिन कराटे चैंपियनशिप में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमे तीन साल के सरवरे असहाय ने गोल्ड जीता और श्रृष्टि, श्रीजन आदि ने भी गोल्ड जीता। डॉ. ए के गुप्ता, डॉ. राजेंद्र, सलाम अंसारी, सर्वेश राय, शीतला पटेल, डॉ. मुकेश पाल ने विजेता कराटे के बच्चो को मेडल पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक डीएम सिंह गहरवार ने सबका आभार व्यक्त किया।

### युवती को ब्लैकमेल कर अस्मत लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपीगंज निवासी एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके अंतरंग वीडियो बनाकर कई माह से ब्लैकमेलिंग करता रहा, साथ ही उसको अपने अन्य दोस्तो के साथ के लिए ब्लैकमेल किया, पर युवती राजी नहीं हुई तो उसका वीडियो वायरल कर उसे मानसिक और सामाजिक स्तर पर प्रताड़ित करते हुए, उससे रुपए और जेवर की मांग करने लगा। युवती के उसे सब कुछ देने के बाद भी उसे बराबर प्रताड़ित करता रहा, आखिर में परेशान होकर उसने थाना गोपीगंज मे तहरीर देकर छह के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि युवती का पिक्चर और वीडियो बनाकर उसे बराबर मारता पीटता साथ ही मानसिक, इमोशनली, सेक्सुअली, टॉर्चर करता रहा, युवती के मुताबिक उसने डेढ़ लाख रुपए वीडियो डिलीट करने के लिए लिया। उसके बावजूद भी यह अस्मत लूटने को कहता रहा। इसकी शिकायत हमने उसके घर वालो माता पिता बहन बहनोई से किया तो उन लोगो ने मुझे बुलाकर धमकी दिया और एक कमरे में बंद कर चले गए। जहा पर अमित कुमार मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा निवासी सरई मिश्रानी थाना गोपीगंज ने जबरदस्ती हमारा यौन शौषण किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमित कुमार मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा , प्राची कुमार उमरवैश्य पुत्र दिलीप कुमार उमरवैश्य निवासी फूलबाग गोपीगंज सहित चार अन्य के विरुद्ध धारा 376, 384, 452, 323, 504, 506, 66ए, आइ टी एक्ट के तहत एक को गिरफ्तार कर बाकी पांच की गिरफ़्तारी के प्रयास में जुटी है।

### जूता लेने के बहाने दुकान में घुसकर लैपटॉप ले उड़े चोर

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जी टी रोड चौराहे पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, पता कराने पर मालूम हुआ कि तीन युवक ज्ञानपुर बाजार में फिरोज अंसारी पुत्र हन्नान अंसारी की दुकान पर जूता खरीदने को आए और जूता देखने के बहाने दुकानदार के दुकान में रखा लैपटॉप लेकर चंपत हुए। इस दौरान जब दुकानदार को पता चला कि दुकान से लैपटॉप गायब है तो उनका पीछा करते हुए गोपीगंज के बड़े चौराहे पर लैपटॉप सहित दो युवकों पकड़कर पुलिस के हवाले किया जब की एक युवक भागने में सफल रहा। युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मियों का बीएसए ने रोका वेतन



प्राथमिक विद्यालय सम्हाई के बंद गेट पर खड़े बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

भदोही। नगर क्षेत्र के यूआरसी कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लगातार शिकायते मिल रही थी। शिकायतों का संज्ञान लेकर बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को दोपहर बाद तीन बजकर तीस मिनट पर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

बीएसए के निरीक्षण में कनिष्ठ सहायक निर्मला देवी, अम्ब्रेष कुमार श्रीवास्तव सहायक लेखाकार व नूसरत जहाँ कार्यालय सहायक हस्ताक्षर करके अनुपथित पाये गये। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने समस्त अनुपस्थित समस्त कर्मियों का वेतन मानदेय भुगतान माह जनवरी, 2023 का अग्रिम आदेष तक प्रतिबन्धित कर दिया। इससे पहले बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय सम्हाई विकासखंड ज्ञानपुर का 3:10 पर निरीक्षण किया गया। जहां विद्यालय बंद पाया गया।

नाराज बीएसए ने समस्त अध्यापकों का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करने हेतु निर्देश दिया गया है। तीन बजे के बाद बीएसए की कार्यवाही से शिक्षकों में चर्चा का विषय बना रहा।

### शिक्षा विभाग ने नुक्कड़ नाटक द्वारा चलाया जन जागरूकता अभियान

**सुरियावां।** खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केसरवानी के नेतृत्व में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दे पर जन जागरूकता अभियान हेतु नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन पूर्वान्ह में पुरानी बाजार सुरियावां में व अपरान्ह में महजूदा बाजार में आयोजित किया गया। बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण विशेष महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के कार्यालय के अंतर्गत जेंडर इक्विटी अथवा जन जागरूकता जिसके द्वारा भारत सरकार प्राप्त स्वीकृति के क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में नुक्कड़ नाटक को द्वारा निपुण भारत मिशन जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रदर्शन के उपरांत क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी द्वारा नामित नोडल शिक्षक अरुण कुमार पांडेय व महजूदा में अनिल कुमार मिश्र व अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने गाजियाबाद को 90 रनों से हराकर किया प्रतियोगिता से बाहर

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में दसवें दिन मंगलवार को दो मैच खेले गये। पहले मुकाबले में किंग्स इलेवन सुरियावां की टीम ने चंडीगढ़ को हराया जबकि दूसरे मैच में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने गाजियाबाद को नब्बे रनों हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

पहले मुकाबले में किंग्स इलेवन सुरियावा के कैप्टन आशीष सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित बीस ओवरों में 129 रन बनाकर किंग्स इलेवन सुरियावां की पूरी टीम ऑल आउट हो गई, जिसमें सबसे ज्यादा दीपांकर सिंह ने 32 रनों का योगदान किया। चंडीगढ़ की ओर से गेदबाजी करते हुए प्रिंस ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए। 20 ओवरों में 130 रन बनाने का लक्ष्य लेकर उतरी चंडीगढ़ की टीम के बल्लेबाजों को सिंह एवं सुरियावा की टीम ने खुलकर खेलने के लिए ललचाया। किंग्स इलेवन की सधी गेंदबाजी व चुस्त क्षेत्ररक्षण की वजह से चंडीगढ़ की पूरी टीम 97 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार किंग्स इलेवन की टीम ने चंडीगढ़ को 32 रनों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। दूसरा महत्वपूर्ण मुकाबला आजाद स्पोर्टस क्लब मेढ़ी व गाजियाबाद के बीच खेला गया जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गाजियाबाद को 85 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स के बल्लेबाजों ने निर्धारित पन्द्रह ओवरों के मैच में सात विकेट की कीमत पर 125 रन बनाए। 126 रनों के विजय लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी गाजियाबाद की टीम को आजाद स्पोर्ट्स क्लब के बल्लेबाजों ने जमने का मौका ही नही दिया।दस ओवरों में ही पूरी टीम को 35 रनों पर आल आउट करके पवेलियन भेज दिया। मैच के दौरान लगभग पन्द्रह हजार की संख्या में दर्शक मौजूद रहें।तीस हजार की संख्या में दर्शको ने बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मैच का आनन्द लिया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी

**स्थापना दिवस**

**उत्तर प्रदेश दिवस पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का केएनपीजी कालेज में हुआ शुभारम्भ**



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम उत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्व का भव्य शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने केएनपीजी कालेज सभागार में द्वीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर ह्यराष्ट्रीय बालिका दिवसह्व पर महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कठपुतली नृत्य द्वारा सभी को प्रेरित किया गया। सभी अतिथियों को सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेशः कहानी बदलाव की एवं उद्यमिता की उड़ान पुस्तकें भेंट कर उत्तर प्रदेश के प्रगति पर बल दिया गया। ह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्व पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने देश के प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शासन व प्रशासन की अन्त्योदय आधारित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, डॉ. कमाल अहमद सिद्दकी और संचालक प्रोफेसर रिचा यादव ने ह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्व के विविध घटको से सबको रूबरू कराया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभा श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार श्यामजी, जिला पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, उपायुक्त कृषि डॉ. अश्वनी सिंह, रामेश्वर सिंह, जनप्रतिनिधिगण, जनमानस एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाइक खड़ी कर टवेरा ले उड़ा अज्ञात

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गिराई स्थित एक लान के सामने से सोमवार की रात्रि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी बाईक छोड़कर टवेरा कार ले उड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जीटी रोड गिराई स्थित एक लान में किसी का कार्यक्रम चला रहा था। उसी कार्यक्रम में आगंतुओ को दूध पिलाने को एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में दूध उबालने सहित अन्य उपकरण लेकर आया था। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद जब वह अपनी गाड़ी में सामान रखने गया तो अपनी टवेरा न देखकर हैरान हो गया। जिसकी शिकायत थाना गोपीगंज को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी को देखकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# गणतंत्र दिवस व सुरक्षा, कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने मातहतों के कसे पेंच

**बैठक**

**पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में अपराध समीक्षा के सम्बंध में की गई मासिक गोष्ठी**



पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा के सम्बंध में बैठक करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी भदोही, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, एआरटीओ भदोही तथा समस्त थाना व शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी किया गया।

अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी गणतंत्र दिवस की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। लुटेरे व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करने, यातायात नियमों का पालन न करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा महिला संबंधित अपराधों में गम्भीरता से कार्यवाही करते हुए अपहता की सकुशल बरामदगी के लिए कड़े निर्देश दिए गए। सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच में आपसी सौहार्द बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक करके समन्वय स्थापित करने सहित अन्य महत्वपुर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।




# जन सरोकारों से डाक विभाग का पुराना नाता

राधेश्याम कमल

डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है। जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऐसा संगठन है जो न केवल देश के भीतर बल्कि देश की सीमाओं से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने में भी हमारी मदद करता है। 1 अक्टूबर, 1854 को एक विभाग के रूप में स्थापित भारतीय डाक विभाग सिर्फ पत्र ही नहीं पहुंचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुंचा रहा है। वित्तीय समावेशन और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, मनी ट्रांसफर, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, श्री काशी विश्वनाथ प्रसाद और गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। 'डाकिया डाक लाया' से 'डाकिया बैंक लाया' तक के सफर में इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग, डीबीटी सहित तमाम सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। आमजन में अटूट विश्वास, जन सेवा, विश्वसनीयता का प्रतीक डाक विभाग नवीन सेवाओं और नई टेक्नोलॉजी के साथ अपनी सेवाओं का निरंतर विस्तार करते हुए नित्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कोरोना महामारी के दौर में चुनौतियों को स्वीकार करते हुए डाककर्मियों ने कोरोना वॉरियर्स के रूप में नई भूमिका निभाई, वहीं आजादी का अमृत महोत्सव से लेकर हर घर तिरंगा अभियान में डाकघरों की महती भूमिका रही है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात हुई। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।

### सोशल मीडिया के इस दौर में भी पत्रों की है अहमियत

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि मोबाइल, ई-मेल और सोशल मीडिया के इस दौर में भी पत्रों की अपनी अहमियत है। आज भी व्यक्तिगत और बिजनेस डाक के अलावा तमाम महत्वपूर्ण दस्तावेज - सरकारी व कोर्ट संबंधी पत्रों के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों की चेक बुक व एटीएम कार्ड डाकघरों से ही भेजे जाते हैं।

### रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस सेवा

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि भारतीय डाक विभाग और रेलवे के संयुक्त तत्त्वावधान में आरम्भ इस सेवा को सर्वप्रथम वाराणसी से सूरत के बीच 31 मार्च, 2022 को आरम्भ किया गया। इसमें सामान को भेजने और प्राप्त करने के लिए कहीं भी जाने की जरुरत नहीं है। इसमें पार्सल की बुकिंग एवं डोर-टू-डोर डिलीवरी डाकघरों के माध्यम से की जाती है।

### डाकघर बचत योजना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि आमजन में डाकघर की बचत योजनाएँ बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में लगभग 30 लाख खाते संचालित हैं। इनमें बचत बैंक,आरडी, टीडी, एमआईएस, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और एनएससी व केवीपी शामिल हैं। लघु बचत योजनाओं में जमा करके आयकर छूट का लाभ भी लिया जा सकता है।

### सुकन्या समृद्धि योजना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत आरंभ सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रही है। 10 साल तक की बालिकाओं का मात्र 250 रुपए में सुकन्या समृद्धि खाता किसी भी डाकघर में खुलवाया जा सकता है। 7.6 फीसदी आकर्षक ब्याज दर वाली इस योजना में एक वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख जमा किये जा सकते हैं।

### इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही सभी अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं।

### डाक जीवन बीमा

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि डाक जीवन बीमा देश की सबसे पुरानी जीवन बीमा योजना है, जिसकी शुरूआत 1884 में हुई थी। सरकारी/अर्द्ध सरकारी कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा के कवच के रूप में आरंभ डाक जीवन बीमा का दायरा भारत सरकार ने अब बढ़ा दिया है। अब केंद्र व राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/संस्था के सभी स्नातक/डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकते हैं। 20 हजार से 50 लाख रुपए तक का बीमा करवाने की सुविधा उपलब्ध है।

### कॉमन सर्विस सेंटर

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि आमजन को विभिन्न सेवाओं के लिए भटकना न पड़े और सारी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें, इसके लिए अब डाकघरों में भी कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की गई है। यहाँ एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में 40 हजार से ज्यादा लोग डाकघरों के कॉमन सर्विस सेंटर से लाभ उठा चुके हैं।

### आधार नामांकन और अद्यतनीकरण

स्कूल में बच्चों के एडमिशन से लेकर सामाजिक सुरक्षा डीबीटी योजनाओं का लाभ लेने हेतु तक आज आधार अनिवार्य है। डाकघरों के माध्यम से लोगों के आधार मुफ्त में बनाये जाते हैं, वहीं निर्धारित राशि लेकर अपडेशन किया जाता है। वाराणसी परिक्षेत्र में इस वित्तीय वर्ष में 6.5 लाख लोग डाकघरों/आईपीपीबी के माध्यम से आधार नामांकन और अपडेशन करवा चुके हैं।

# प्रशासनिक सेवा में रह कर साहित्यिक लेखन में जुड़े हैं कृष्ण कुमार यादव

**राजकीय सेवा के दायित्वों का निर्वहन के साथ कृतियों की भी सूर्जना**

**अब तक कुल सात पुस्तकें हो चुकी है प्रकाशित**

प्रशासनिक सेवा में रहकर चिन्तन मनन करना एवं साहित्यिक लेखन करना अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। राजकीय सेवा के दायित्वों का निर्वहन और श्रेष्ठ कृतियों की सर्जना का यह मणि-कांचन योग विरले ही मिलता है।


पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

समकालीन साहित्यकारों में चर्चित कवि, लेखक, ब्लॉगर व चिन्तक एवं भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, सम्प्रति वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव इस विरल योग के ही प्रतीक हैं। विभिन्न विधाओं में अब तक कुल 7 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं-'अभिलाषा' (काव्य-संग्रह), 'अभिव्यक्तियों के बहाने', 'अनुभूतियाँ और विमर्श', '16 आने 16 लोग'(निबंध-संग्रह), 'जंगल में क्रिकेट' (बाल-गीत संग्रह), 'क्रांति-यज्ञ : 1857-1947 की गाथा', 'इंडिया पोस्ट: ग्लोरियस इयर। शब्द सृजन की ओर (केके यादव ब्लाग पोस्ट. इन) और डाकिया डाक लाया (डाक बाबू.ब्लाग पोस्ट.इन) आपके चर्चित ब्लॉग हैं । दशक के श्रेष्ठ हिन्दी ब्लॉगर दम्पति और परिकल्पना ब्लॉगिंग सार्क शिखर सम्मान सहित नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित तमाम देशों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ब्लॉगर्स सम्मेलन में आप सम्मानित हो चुके हैं। 10 अगस्त 1977 को तहबरपुर, आजमगढ़ (उ.प्र.) में जन्मे कृष्ण कुमार यादव ने जवाहर नवोदय विद्यालय, जीयनपुर, आजमगढ़ एवं तत्पश्चात इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1999 में राजनीति शास्त्र में एम.ए. किया। वर्ष 2001 में प्रथम प्रयास में ही भारत की प्रतिष्ठित सिविल सेवा में चयन पश्चात आप भारतीय डाक सेवा के अधिकारी बने। सम्प्रति 18 सितंबर, 2020 से वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल पद पर कार्यरत हैं।

## देश-विदेश के तमाम प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त किया



डाक सेवाओं के विभिन्न आयामों को लेकर देश-विदेश के तमाम प्रतिष्ठित संस्थानों में आपने प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। इनमें भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ और शिलांग, राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद, भारतीय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, बंगलौर, इंफोसिस कैंपस, मैसूर, बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान, लखनऊ प्रमुख हैं। भारत सरकार द्वारा 'एक्जीक्यूटिव डेवेलपमेंट प्रोग्राम' के तहत वर्ष 2009 में दक्षिण कोरिया और 'मैनेजमेंट डेवेलपमेंट प्रोग्राम' के तहत वर्ष 2009 में लंदन, फ्रांस, जर्मनी व नीदरलैंड में आपने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'मिशन कर्मयोगी' पहल के तहत लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में अक्टूबर-नवंबर, 2021 में आयोजित 'कॉमन मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम - लीडिंग टू लर्न' में आप शामिल हुए। इसी क्रम में आपने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कैम्ब्रिज में भी ऑनलाइन ट्रेनिंग ली। साहित्य जगत में यह गौरव प्राप्त कि परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ हिंदी साहित्य, लेखन और ब्लॉगिंग में सक्रिय हैं। पिता श्रीराम शिवमूर्ति यादव के साथ-साथ जीवन-संगिनी आकांक्षा यादव और पुत्री अक्षिता (पाखी) भी लेखन और ब्लॉगिंग में सक्रिय हैं। कृष्ण कुमार यादव को देश-विदेश में विभिन्न प्रतिष्ठित सामाजिक-साहित्यिक संस्थाओं द्वारा विशिष्ट कृतित्व, रचनाधर्मिता और प्रशासन के साथ-साथ सतत साहित्य सृजनशीलता हेतु शताधिक सम्मान और मानद उपाधियाँ प्राप्त हैं।

### फिलेटली

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि डाक टिकटों के संग्रह और अध्ययन की अभिरुचि को विकसित करने हेतु डाक विभाग तमाम कदम उठा रहा है। वाराणसी से जुड़े तमाम महान विभूतियों और महत्वपूर्ण स्थलों पर डाक टिकट जारी किये जा चुके हैं। डाक टिकटों और पत्र लेखन से युवाओं को जोड़ने के लिए माई स्टैम्प, फिलेटली डिपॉजिट एकाउंट, ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता, स्टाम्प डिजाइनिंग और दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना जैसी तमाम अभिनव पहल की गई हैं। मात्र 200 रुपए में वाराणसी प्रधान डाकघर स्थित फिलेटलिक ब्यूरो में फिलेटलिक डिपॉजिट एकाउंट खोलने की सुविधा है, जहाँ से घर बैठे नई डाक टिकटें और अन्य सामग्री प्राप्त होती रहेंगी। 'माई स्टैम्प' सेवा के तहत अब डाक टिकटों पर लोग अपनी तस्वीर भी छपवा सकते हैं।

### आजादी का अमृत महोत्सव' और 'हर घर तिरंगा'

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि 'आजादी का महोत्सव' के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान में डाक विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डाकघरों के माध्यम से शहरों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों में तिरंगे की मात्र 25 रुपए में बिक्री की गई। इस अभियान के तहत डाककर्मियों ने विभिन्न प्रभात फेरी, रैलियाँ निकालकर देशभक्ति की सामूहिक चेतना को घर-घर पहुँचाने का कार्य किया। गंगा तट के नमो घाट (खिड़किया घाट) पर डाक विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने जनमानस के साथ मिलकर विशाल तिरंगा रैली निकाली। डाक बाँटते समय डाकिया ने भी लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया, वहीं सोशल मीडिया पर भी डाक विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पर विशेष मुहर

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का नव्य, भव्य व दिव्य रूप में 13 दिसंबर को लोकार्पण किया गया। इस दिन को यादगार बनाने हेतु डाक विभाग ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी पर एक स्थाई चित्रात्मक मुहर जारी किया, जिसे वाराणसी प्रधान डाकघर से देश-दुनिया को आने-जाने वाले पत्रों पर अंकित किया जाता है। इस मुहर के मध्य में मंदिर के शिखर और उस पर अंकित धर्म ध्वजा को उकेरा गया है एवं किनारे गोलाई में हिंदी व अंग्रेजी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी अंकित किया गया है।

### ऑनलाइन मॉनिटरिंग तंत्र व शिकायत निवारण प्रणाली

डाक विभाग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। ऐसे में सेवाओं में गुणवत्ता व समयबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाए गए हैं। डैशबोर्ड पर उपलब्ध विभिन्न रिपोर्ट्स के माध्यम से डाकघरों के कार्यों की निगरानी हर स्तर पर की जा रही है।

### प्रधान डाकघरों में पार्सल पैकिंग यूनिट की स्थापना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि ई-कामर्स और पार्सल को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, वाराणसी सिटी डाकघर कैम्पस में नोडल मेकेनाइज्ड डिलीवरी, विशेश्वरगंज स्थित वाराणसी प्रधान डाकघर और वाराणसी कैण्ट प्रधान डाकघर में पार्सल पैकिंग यूनिट की स्थापना की गयी है।



# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से पीएम ने की बातचीत

## 11 बच्चों को मिला है अवार्ड, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से बातचीत की। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई भी मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को विज्ञान भवन में 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में 6 लड़के हैं और 5 लड़कियां हैं। ये बच्चे देश के अलग-अलग क्षेत्रों से इनोवेशन, समाज सेवा, शैक्षिक, खेल, कला-संस्कृति और वीरता की कैटेगरी के लिए चुने गए हैं।

**6 अलग-अलग कैटेगरी में दिया गया है पुरस्कार:** हर साल केंद्र सरकार बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए ये पुरस्कार देती है। ये पुरस्कार 5 से 18 साल की उम्र के बच्चों को 6 अलग-अलग कैटेगरी दिया जाता है, जो राष्ट्रीय मान्यता के पात्र हैं। सभी पुरस्कार विजेता को एक मेडल, 1 लाख रुपए और सर्टिफिकेट दिया जाता है। बाल पुरस्कार विजेता हर साल गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लेते हैं। इस साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के सभी क्षेत्रों से चुने गए 11 बच्चों को कला और संस्कृति में 4, वीरता के लिए 1, इनोवेशन के लिए 2, समाज सेवा के लिए 1 और खेल के लिए 3 पुरस्कार दिए गए हैं।

### 27 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा करेंगे पीएम मोदी

गणतंत्र दिवस के अगले दिन यानी 27 जनवरी को ढट मोदी बच्चों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री बच्चों से बोर्ड परीक्षा के संबंध में बातचीत करेंगे, साथ ही उन्हें परीक्षा तैयारियों को लेकर टिप्स देंगे। कार्यक्रम दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का यह छठा संस्करण है।

### पिछले साल 29 बच्चों को मोदी ने वर्चुअली सम्मानित किया था

पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का वितरण किया था। उन्होंने बच्चों को डिजिटल सर्टिफिकेट और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के जरिए पुरस्कार राशि सौंपी दी थी। इन पुरस्कारों के लिए देशभर से 61 बच्चों को चुना गया था। इस दौरान मोदी ने पुरस्कार पाने वालों बच्चों को बधाई भी दी थी।

# रेसलर्स को ओवरसाइट कमेटी पर नहीं है भरोसा



**कुश्ती संघ में दंगल**

### बजरंग-साक्षी और विनेश ने जताई नाराजगी

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरोध में शुरू हुआ भारतीय पहलवानों के विरोध का मामला अभी थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने मंगलवार को खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती संघ का कामकाज देखने के लिए एमसी मैरी कॉम की अगुआई में बनाई गयी ओवरसाइट कमेटी को लेकर अपनी निराशा जताई है। पहलवानों ने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे सलाह ली जाएगी। यह बहुत दुख की बात है कि इस समिति के गठन से पहले हमसे सलाह तक नहीं ली गई

### अनुराग ठाकुर ने दिए थे कमेटी के नाम

सोमवार (23 जनवरी) को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अगले एक महीने के लिए भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को चलाने के लिए पांच सदस्यीय समिति का नाम दिया था। उन्होने कहा था कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे और डब्ल्यूएफआई के कामकाज से दूर रहेंगे। डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को ओवरसाइट कमेटी द्वारा उनकी अनिवार्य अवधि तक देखा जाएगा। उन्होने कहा था कि यह कमेटी डब्ल्यूएफआई और उसके प्रमुख के खिलाफ गंभीर आरोपों की भी जांच करेगी।

खेल मंत्रालय ने कहा था कि निगरानी समिति विश्व चैंपियन मैरी कॉम की अध्यक्षता में होगी। उनके साथ पहलवान योगेश्वर दत्त, तृप्ती मुरगुंडे, राधिका श्रीमन और राजेश राजगोपालन को भी समिति में शामिल किया गया है। अगले एक महीने में यह कमेटी सभी पक्षों से बात कर यौन आरोपों और अन्य आरोपों की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। तब तक डब्ल्यूएफआई के सभी दिन-प्रतिदिन के फैसले और कामकाज इस समिति द्वारा देखे जाएंगे।

### साक्षी मलिक ने किया ट्वीट हमसे सलाह तक नहीं ली गयी

ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे सलाह ली जाएगी। बहुत दुख की बात है कि इस समिति के गठन से पहले हमसे सलाह तक नहीं ली गई। साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया है।

# गौ हत्या का मामला बताकर मारी थी गोली

## अब 12 पुलिसकर्मियों पर हुई एफआईआर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पुलिसकर्मियों में तीन सब-इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इन सभी पर एक पचास वर्षीय किसान की हत्या का आरोप है। मृतक पर पुलिस ने गौ हत्या का आरोप लगाया था। मृतक की पत्नी ने एक बातचीत में कहा कि वो सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तक चैन से नहीं बैठेंगी। जीशान हैदर नकवी की मौत सितंबर 2021 में हुई थी। उनकी पत्नी अफरोज नकवी ने इंडियन एक्सप्रेस कहा, हमें इस लड़ाई में जीत मिली है लेकिन जब तक मेरे पति को इंसाफ नहीं मिल जाता है तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इन पुलिसकर्मियों ने मेरे तीन बच्चों को अनाथ किया है। इन्हें सलाखों के पीछे होना चाहिए। जबतक इन सभी को गिरफ्तार नहीं किया जाता मैं चैन से नहीं बैठूंगी। सहारनपुर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार द्वारा केस दर्ज करने के आदेश दिए जाने के दो दिन बाद 12 पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों पर हत्या और आपराधिक साजिश से संबंधित आईपीसी की धाराएं लगाई गई हैं।जीशान के परिवार का कहना है कि उन्हें घर से ले जाकर मारा गया था जबकि पुलिस का कहना है कि वो थेटकी गांव के पास जंगल में गौ हत्या की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर रही थी । जीशान हैदर नकवी घटना स्थल पर मौजूद थे। उनके पास एक देशी कट्टा था, वहां से भागते समय उन्होंने गलती से खुद को गोली मार ली। तब पुलिस ने दावा किया कि उन्हें घटना स्थल से मरी हुई गाय और जानवर को काटने वाले उपकरण भी बरामद किए थे। नकवी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई जबकि 5 अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



### 5 सितंबर 2021 को हुई थी जीशान की हत्या!

जीशान सहारनपुर के थेटकी गांव में 40 बीघा जमीन के मालिक थे। वह समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सैय्यद इसा रजा के चचेरे भाई थे। 5 सितंबर 2021 को पुलिस रेड में उनके पैर में गोली लगी थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी।

### 7 सितंबर 2021 को हुई शिकायत

जीशान हैदर की हत्या के बाद उनकी पत्नी अफरोज ने 7 सितंबर 2021 को ररढ ऑफिस में शिकायत दर्ज करवाई। अफरोज ने शिकायत में कहा, मेरे पति घर पर थे जब पुलिस उन्हें पास के एक खेत में ले गई और उन्हें मार डाला। मैं अपने पति के हत्यारों के लिए न्याय चाहती हूं। जब अफरोज की शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सहित कई जगह शिकायत की। 22 फरवरी को अफरोज ने आखिरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद लखनऊ बेंच ने सहारनपुर अदालत को मामले को जल्दी निपटाने का निर्देश दिया।

### ब्रेन हैमरेज के शिकार हुए सुखपाल सिंह

सहारनपुर अदालत द्वारा केस दर्ज करने का आदेश दिए जाने के कुछ ही घंटों बाद गोपाली पुलिस चौकी में तैनात 53 वर्षीय हेड कांस्टेबल सुखपाल सिंह को ब्रेन हैमरेज हो गया। उन्हें एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। देवबंद कोतवाली के इंचार्ज हृदय नारायण सिंह ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर हुई है, जब हम उनकी वर्तमान पोस्टिंग की जानकारी जमा कर लेंगे तो हम कार्रवाई शुरू कर पाएंगे।